RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 156
नई दिल्ली, बुधवार, 12 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



साझेदारियां नहीं निभा पाने का नुकसान उठा रहा है मुंबई इंडियंस
स्पोर्ट्स-12

# चेतावनी को दरकिनार कर पायलट ने किया अनशन

## एक दिनी धरना खत्म होने के बाद कहा- भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा, गहलोत सरकार के खिलाफ खोला नया मोर्चा, कांग्रेस पर बढ़ाया दबाव

● पूववर्ती प्रदेश भाजपा सरकार में गड़बड़ी के कथित मामलों में कार्रवाई को लेकर उठाया था कदम

पीएनएस/एजेंसी। जयपुर

**कांग्रेस** नेता सचिन पायलट ने मंगलवार को यहां एक दिन का अनशन किया। उन्होंने राजस्थान में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के कथित मामलों की जांच में प्रदेश की अशोक गहलोत की सरकार की 'अकर्मण्यता' पर निशाना साधकर अपनी पार्टी पर दबाव बढ़ा दिया है।

अनशन को लेकर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की चेतावनी को दरकिनार कर उन्होंने दलील दी कि राहुल गांधी भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। पायलट ने ऐसे समय में यह कदम उठाया जब प्रदेश में विधानसभा चुनावों में कुछ महीने ही शेष रह गए हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट ने यहां शहीद स्मारक पर पूर्वाह्न 11 बजे से शाम चार बजे तक पांच घंटे के मौन अनशन किया। इसके बाद पायलट ने संवाददाताओं से कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। पायलट ने कहा, राजस्थान की पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में जो तमाम भ्रष्टाचार हुए उसके विरोध में मैंने आज एक दिन का अनशन रखा। इस मुद्दे को मैं बहुत लंबे समय से उठा रहा था। यह वही मुद्दा है जिसको लेकर राहुल गांधी ने संसद के अंदर, संसद के बाहर अपनी आवाज उठाई, कांग्रेस व विपक्षी दलों ने संयुक्त संसदीय समिति की मांग रखी। क्योंकि भाजपा शासन में जो व्यापक भ्रष्टाचार हुआ और जो हो रहा है, उसके विरोध में हम अपनी आवाज उठाना चाहते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में जब हम कांग्रेस वाले विपक्ष में थे तो हमने सरकार के भ्रष्टाचार के कई मामलों को प्रमाण सहित उजागर किया था और हमने (उस समय) जनता से यह वादा किया था कि जब सरकार में हम आएंगे तब वसुंधरा जी व भाजपा के शासन में जो तमाम गड़बड़ घोटाले हुए उन पर कार्रवाई होगी। पायलट ने कहा कि मैं चाहता था कि इस मामले में कार्रवाई हो लेकिन पत्र लिखने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। मैंने कई पत्र लिखे मुख्यमंत्री जी को। हमें सरकार में आए चार साल से अधिक का समय बीत गया, मैं उम्मीद करता था कि कार्रवाई होगी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए आज मैंने उस सरकार के भ्रष्टाचार के जो मामले थे उस पर कार्रवाई हो इसको लेकर अनशन किया। पायलट ने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि कार्रवाई होगी। पार्टी के प्रदेश प्रभारी ( शेष पेज 9 )




### भाजपा ने सचिन पायलट के आरोपों को बताया मनगढ़ंत

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे नीत भाजपा सरकार के कार्यकाल में कथित भ्रष्टाचार होने के आरोपों को मनगढ़ंत करार दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस तरह के काल्पनिक मुद्दे राजस्थान को अब भ्रमित नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि पायलट ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर एक दिवसीय अनशन रखा था। सांसद राज्यवर्धन सिंह ने भाजपा मुख्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पायलट चार साल पहले के मनगढ़ंत आरोप ( शेष पेज 9 )

# भाजपा लगातार तीसरी बार बनाएगी सरकार: शाह



असम के डिब्रूगढ़ में एक रैली में भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

एजेंसी। डिब्रूगढ़ (असम)

● किया दावा, पीएम मोदी के नेतृत्व में पार्टी अगले लोकसभा चुनाव में 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी

**गृहमंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अगले साल होने वाले आम चुनावों में देश भर में 300 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी। शाह ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि पार्टी इस पूर्वोत्तर राज्य में 14 में से 12 सीट पर जीत हासिल करेगी।

उन्होंने डिब्रूगढ़ में भाजपा के ऊपरी असम क्षेत्रीय कार्यालय की आधारशिला रखी। शाह ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनावों में 300 से अधिक सीट पर पार्टी के जीत हासिल करने के साथ नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। संसद के निचले सदन लोकसभा में 543 सीट है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा, पूर्वोत्तर को कभी कांग्रेस का एक गढ़ माना जाता था, लेकिन राहुल गांधी की (भारत जोड़ो) यात्रा के बावजूद पार्टी क्षेत्र के तीन राज्यों में हुए हालिया विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही।

हाल में मेघालय, त्रिपुरा और नगालैंड में विधानसभा चुनाव हुए थे। भाजपा ने त्रिपुरा में सरकार बनाई और अन्य दो राज्यों में गठबंधन साझेदार के रूप में सत्ता में आई। शाह ने असम के लोगों का शुक्रिया अदा किया। भाजपा को जनादेश देने वाला पूर्वोत्तर का यह पहला राज्य है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान ( शेष पेज 9 )

### शाह के अरुणाचल दौरे पर चीन की आपत्तियों को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने गृह मंत्री अमित शाह की अरुणाचल प्रदेश यात्रा पर चीन की आपत्तियों को खारिज सिरे से खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि यह राज्य भारत का हमेशा अभिन्न और अटूट हिस्सा था और हमेशा रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि ऐसी यात्राओं पर आपत्ति जताने का कोई कारण नहीं है और ऐसा करने से वास्तविकता बदल नहीं ( शेष पेज 9 )

### मिसाइल हमले में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला

# ग्रुप कैप्टन की बर्खास्तगी की सिफारिश

भाषा। नई दिल्ली

**जम्मू** कश्मीर के बडगाम में 27 फरवरी 2019 को एक मिसाइल की ज़द में आने पर एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के सिलसिले में वायुसेना द्वारा गठित जनरल कोर्ट मार्शल (जीसीएम) ने एक ग्रुप कैप्टन को बर्खास्त करने की सिफारिश की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कोर्ट ऑफ इनक्वायरी के मुताबिक, लड़ाकू हेलीकॉप्टर को वायुसेना की खुद की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने उस वक्त निशाना बनाया था, जब वह (हेलीकॉप्टर) भारतीय और पाकिस्तानी वायुसेनाओं के बीच हुई झड़प के दिन श्रीनगर लौट रहा था। सूत्रों ने बताया कि जीसीएम ने ग्रुप कैप्टन सुमन रॉय चौधरी को बर्खास्त करने का आदेश दिया है, जो उस समय श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन के मुख्य अभियान अधिकारी (सीओओ) के तौर पर सेवारत थे। दुर्घटना में, हेलीकॉप्टर पर सवार वायुसेना के छह कर्मी और जमीन पर मौजूद एक आम नागरिक की मौत हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि वायुसेना घटना से जुड़े मामले पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद ही जीसीएम की सिफारिश पर कार्रवाई कर सकती है। निर्धारित नियमों के मुताबिक, वायुसेना प्रमुख को उक्त अधिकारी की बर्खास्तगी के लिए जीसीएम की सिफारिश को मंजूरी देनी होगी।

सूत्रों ने बताया कि मामले पर अदालत के फैसले के बाद जीसीएम का आदेश वायुसेना प्रमुख के समक्ष रखा जाएगा। जीसीएम का गठन घटना की कोर्ट ऑफ इनक्वायरी में सामने आए तथ्यों के आधार पर किया गया था। वहीं, घटना की कोर्ट ऑफ इनक्वायरी में पाया गया था कि एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर एक मिसाइल की ज़द में आ गया था। जांच में पाया गया कि हेलीकॉप्टर पर लगी मित्र या शत्रु की पहचान (आईएफएफ) प्रणाली को बंद कर दिया गया था और जमीन पर मौजूद कर्मियों तथा हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्यों के बीच संवाद व समन्वय में ( शेष पेज 9 )

# भारत में मुसलमान पाक से बेहतर स्थिति में: सीतारमण

● जो लोग मुसलमानों की जिंदगी मुश्किलभरी होने का दावा करते हैं, वे भारत आएं और अपनी बात साबित करें: वित्तमंत्री

एजेंसी। वाशिंगटन

**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में मुसलमानों की स्थिति पाकिस्तान से कहीं बेहतर है। यदि यहां कोई दिक्कत होती तो 1947 के बाद से अल्पसंख्यक आबादी लगातार क्यों बढ़ती। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय ही नहीं, कई मुस्लिम फिरकों के लोगों की जनसंख्या भी घटी है।

पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में अनौपचारिक बातचीत के दौरान सीतारमण ने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी भारत में रहती है और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को लेकर देश को दोष देने वाले लोगों को ज़मीनी हकीकत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसा ज्यादातर लेखों में दावा किया गया है कि मुसलमानों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया गया है, यदि इसमें सच्चाई होती तो क्या 1947 के बाद से मुस्लिम आबादी में इजाफा होता? सीतारमण ने कहा कि जो लोग इस तरह की खबरें लिखते हैं, मैं उन्हें भारत आने के लिए आमंत्रित करती हूं। मैं उनकी मेजबानी करूंगी।

वे भारत आएं और अपनी बात साबित करें। सीतारमण ने कहा कि उसी वक्त अस्तित्व में आए पाकिस्तान में स्थितियां इसके उलट हैं। पाकिस्तान में मुहाजिर (शरणार्थियों), शियाओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा हुई है, जबकि ( शेष पेज 9 )



वाशिंगटन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सम्मानित करते स्थानीय लोग

## कश्मीर में जी-20 बैठक पर पाक को ऐतराज

पायनियर समाचार सेवा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने जम्मू-कश्मीर में अगले महीने जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक आयोजित करने के भारत के फैसले पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे अपने हितों को पूरा करने वाला कदम बताया। भारत को पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता मिली थी जो एक साल तक रहेगी। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि इस साल 22-24 मई को श्रीनगर में जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक आयोजित करने के भारत के फैसले पर पाकिस्तान कड़ी आपत्ति जताता है। लेह और श्रीनगर में युवा मामलों (वाई-20) से संबंधित एक सलाहकार मंच की दो अन्य बैठकें समान रूप से परेशान करने वाली है। पाकिस्तान इन कदमों की निंदा करता है। विदेश कार्यालय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जम्मू और कश्मीर की वास्तविकता को नहीं छिपा सकते हैं और न ही इस तरह की गतिविधियों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान कश्मीर से भटकाया जा सकता है।

# सीमापार से ड्रोन से भेजे जा रहे हथियार : राजदूत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

● संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि ने अवैध हथियारों की आपूर्ति को बताया गंभीर चुनौती

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक बैठक में कहा है कि वह सीमा पार से ड्रोन के जरिए अवैध हथियारों की आपूर्ति की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। यह कृत्य पड़ोसी देश के अधिकारियों की मदद के बिना मुमकिन नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत का इशारा जाहिर तौर पर पाकिस्तान की तरफ था।

सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा: हथियारों और सैन्य उपकरणों के निर्यात को विनियमित करने वाले समझौतों के उल्लंघन से उत्पन्न होने वाले जोखिम विषय पर खुली चर्चा में सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि परमाणु हथियारों के प्रसार के मामले में संदिग्ध रुख और छवि वाले कुछ देश जो आतंकवादियों के साथ सांठगांठ करते हैं, उन्हें उनके कुकृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। परिषद की अध्यक्षता अप्रैल महीने में रूस के पास है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर हथियारों और सैन्य उपकरणों का निर्यात, भू-राजनीतिक तनाव को बढ़ाता है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

राजदूत ने कहा कि ये खतरा तब और बढ़ जाता है जब संवेदनशील वस्तुओं और तकनीकों को कपटपूर्ण तरीके से हासिल करने और परमाणु हथियारों के प्रसार में छद्म भूमिका रखने वाले राष्ट्रों की आतंकवादियों और अन्य तत्वों के साथ सांठगांठ है। कंबोज ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा ज्यादा मात्रा में छोटे हथियारों को हासिल करना बार-बार याद दिलाता है कि वे बिना राष्ट्र के प्रायोजन और समर्थन के ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,157 | ↑ 311 | |
| निफ्टी | 17,722 | ↑ 98 | |
| सोना | 60,680 | ↑ 280 | /10g |
| चांदी | 74,950 | ↑ 470 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ईडी ने तेजस्वी यादव से नौ घंटे तक पूछताछ की

**नई दिल्ली।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से प्रवर्तन निदेशालय ने कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को यहां नौ घंटे तक पूछताछ की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी (33) करीब 10.45 बजे मध्य दिल्ली में संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यादव का बयान दर्ज किया और वह रात नौ बजे ईडी कार्यालय से बाहर आए। इसके बीच में तेजस्वी दोपहर में एक घंटे के भोजनावकाश पर भी रहे। तेजस्वी से पिछले महीने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी पूछताछ की थी।

### जुलाई से टोफेल की अवधि एक घंटा घटेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** जुलाई से टोफेल (टेस्ट ऑफ इंग्लिश एज ए फॉरेन लैंग्वेज) की अवधि एक घंटे कम की जाएगी और उम्मीदवारों को अंकों की तात्कालिक स्थिति की सूचना मिल सकेगी। टोफेल का आयोजन करने वाली शैक्षिक परीक्षा सेवा (ईटीएस) ने यह जानकारी दी। ईटीएस के मुताबिक, टोफेल के लिए अब तीन घंटे के बजाय दो घंटे का समय दिया जाएगा। इसने कहा कि अंग्रेजी भाषा की दक्षता परीक्षा टोफेल देने वालों को अब परीक्षा पूरी होने पर आधिकारिक अंक जारी होने की तारीख की भी जानकारी मिल जाएगी। ईटीएस ने कहा कि टोफेल में होने वाले बदलाव 26 जुलाई से प्रभावी होंगे। टोफेल को 150 से अधिक देशों में 10,000 से अधिक संस्थानों ने मान्यता दी है और अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड जैसे लोकप्रिय स्थलों के अलावा ब्रिटेन में 98 प्रतिशत से अधिक विश्वविद्यालयों द्वारा इसे सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है।

# राहत: अल नीनो के बावजूद सामान्य रहेगी बारिश

## एक दिन पहले निजी मौसम एजेंसी ने जताई थी सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका

● भारतीय मौसम विभाग ने जारी किया जून से सितंबर तक के लिए पूर्वानुमान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इस** साल मानसून सीजन में अल नीनो की स्थिति बनी रहने के बावजूद सामान्य वर्षा होगी। कृषि और बिजली क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर देते हुए भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि बारिश के सामान्य और सामान्य से ज्यादा होने की 67 फीसदी संभावना है।

एक दिन पहले ही निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट ने देश में इस साल सूखे की आशंका जताई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अल नीनो की स्थिति बनने के बावजूद भारत में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि 1951-2022 के बीच जितने साल भी अल नीनो सक्रिय रहा है, वे सभी वर्ष मॉनसून के लिहाज़ से खराब नहीं थे। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में अल नीनो के प्रभाव वाले 15 साल थे और उनमें से छह में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक बारिश हुई। यह पूर्वानुमान कृषि क्षेत्र के लिए राहत की खबर है।

कृषि क्षेत्र फसलों की उपज के लिए मुख्य रूप से मॉनसून की बारिश पर ही निर्भर रहता है। देश में मॉनसून के दौरान लगातार चार साल सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश हुई है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए सामान्य बारिश महत्वपूर्ण है, क्योंकि खेती वाले क्षेत्र का 52 प्रतिशत इसी पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों में जल के भंडारण के लिए भी जरूरी है। देश के कुल खाद्य उत्पादन में वर्षा आधारित कृषि का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है, जिससे यह खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अल नीनो के कारण दक्षिण अमेरिका के पास प्रशांत महासागर की सतह के जल का ताप सामान्य से अधिक हो जाता है और इसे मॉनसून की हवाओं के कमजोर पड़ने तथा भारत में कम बारिश के साथ जोड़ कर देखा जाता है। लगातार तीन बार ला नीना के प्रभाव के बाद इस साल अल नीनो की स्थिति बनेगी। ला ( शेष पेज 9 )



### सामान्य बारिश कब

**आईएमडी** के मुताबिक, 96 फीसदी से 104 फीसदी के बीच 50 साल के औसत 87 सेमी की बारिश को सामान्य माना जाता है। दीर्घावधि औसत के हिसाब से 90 प्रतिशत से कम वर्षा को कमी, 90 से 95 प्रतिशत के बीच सामान्य से कम, 105 से 110 प्रतिशत के बीच सामान्य से अधिक वर्षा माना जाता है।

### वर्षा की स्थिति

**भारत** में 2019 में मॉनसून के दौरान 971.8 मिमी, 2020 में 961.4 मिमी, 2021 में 874.5 मिमी और 2022 में 924.8 मिमी बारिश हुई थी। देश में 2018 में 804.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई, 2017 में 845.9 मिमी, 2016 में 864.4 मिमी और 2015 में 765.8 मिमी बारिश हुई।

### उप्र पुलिस अतीक अहमद को साबरमती जेल से लेकर प्रयागराज रवाना

**अहमदाबाद( भाषा )।** उत्तर प्रदेश पुलिस का एक दल उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में कुख्यात माफिया अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती केंद्रीय जेल से लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाल और उनके दो पुलिस सुरक्षा गार्ड की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में स्थित उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पाल की पत्नी जया पाल द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, सहयोगियों गुड्डू मुस्लिम और गुलाम एवं नौ अन्य के खिलाफ 25 फरवरी को एक मामला दर्ज किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस 26 मार्च को भी अतीक अहमद को अदालत में पेश करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला ले गई थी।

# गाजियाबाद निगम चुनावः मेयर पद के लिए नामांकन की तैयारियां शुरू

● जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

स्थानीय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किए हैं। गाजियाबाद नगर निगम के मेयर पद का नामांकन जिला मुख्यालय के न्यायालय कक्ष में होगा। जिसमें एडीएम एफ विवेक श्रीवास्तव मेयर पद के नामांकन कराएंगे।

उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी उपश्रमायुक्त रवि श्रीवास्तव, सीवीओ महेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी राकेश कुमार सिंह होंगे। पार्षद पद के नामांकन नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज नवयुग मार्किट में होगी। जिसमें एक निर्वाचन अधिकारी एक से पांच वार्ड के पार्षद पद के प्रत्याशियों का नामांकन कराएंगे।

जिसमें एक से पांच वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त दिनेश कुमार सिंह, एआरओ मनोज कुमार गौड़, चंद्रभान यादव, छह से 10 वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त नीरज कुमार, 11 से 15 वार्ड संख्या के लिए आरओ सहायक आयुक्त संतोष कुमार सिंह, 16 से 20 वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त देवेन्द्र सिंह, 21 से 25 वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त सचिन कुमार, 26 से 30 वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त चंद्रशेखर मिश्र, 31 से 35 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता कपिल चौहान, 36 से 40 वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त हेमंत कुमार राय, 41 से 45 वार्ड के आरओ सहायक आयुक्त प्रतीक सिंह, 46 से 59 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता विनय कुमार शर्मा, 51 से 55 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता पीयूष सिंह, 56 से 60 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता निशांत कुमार चंद्र, 61 से 65 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता अनुज कुमार, 66 से 70 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता अजय कुमार शर्मा, 71 से 75 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता योगेन्द्र कुमार, 76 से 80 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता सुरजीत, 81 से 85 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता विनोद कुमार, 86 से 90 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता देवेश राम गुप्ता, 91 से 95 वार्ड के आरओ सहायक अभियंता रुद्रेश कुमार शुक्ला, 96 से 100 वार्ड के आरओ उपायुक्त वाणिज्य कर मनीष कुमार होंगे। नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष पद के नामांकन तहसील मोदीनगर में होंगे।

इसके नामांकन आरओ डिप्टी कलेक्टर संतोष कुमार राय कराएंगे। वार्ड सभासद के लिए आरओ सहायक अभियंता दर्शन सिंह, सहायक अभियंता प्रवीन माहेश्वरी, सहायक अभियंता निहाल सिंह, सहायक अभियंता महेन्द्र कुमार, परियोजना अभियंता संजय कुमार, परियोजना प्रबंधक अमित कुमार, सहायक अभियंता अंकुर यादव नामित किए गए हैं।

नगर पालिका परिषद मुरादनगर अध्यक्ष के नामांकन के लिए डिप्टी कलेक्टर चंद्रेश कुमार सिंह को आरओ बनाया गया है।




## रिजर्व में रहेंगे 20 अधिकारी

गाजियाबाद। जिले में दूसरे चरण के मतदान की नामांकन प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू होगी। चुनाव के लिए 13 हजार से अधिक कर्मिकों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही 20 अधिकारियों की रिजर्व में तैनाती जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने की है। रिजर्व में अपर सांयीकीय अधिकारी संदीप कुमार, सुधीर कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशुंल पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार चौरसिया, विजय कुमार, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, अवर अभियंता नरेन्द्र कुमार केसवानी, मनोज कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अनुज कुमार, डॉ.संजीव कुमार, डॉ. अमरदीप सिंह, अवर अभियंता जाहिद अल्वी, उपक्षेत्रीय वन अधिकारी अजय कुमार, संजय नगरएमेडिकल ऑफिसर जोगिन्द्र सिंह, निरंक कुमार, विनोद गुप्ता, मुकेश कुमार, कुलदीप वर्मा को रिजर्व में रखा गया है।

## भाजपा जल्द घोषित करेगी अपना प्रत्याशी

गाजियाबाद। जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण गाजियाबाद के दौरे पर हैं। सबसे पहले वह लोनी में आयोजित ज्योतिबा फू ले जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। दोपहर बाद गाजियाबाद में भाजपा के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से बात की। प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने कहा कि गाजियाबाद में मेयर पद व नगर निकाय पदों के लिए जल्द ही प्रत्याशियों के नाम फाइनल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण जिला है। जनता ने हमें यहां बार.बार मौका दिया है। हमने जनता से किए वायदे पूरे किए। इसलिए इस बार भी भाजपा यहां फि र से जीत दर्ज करेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा गाजियाबाद में पहले नबर पर है अन्य दल दूसरे या तीसरे नबर की लडाई में होंगे। प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी जहां दावेदारों के आवेदनों पर चर्चा होगी व दावेदारों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। यहां से आवेदनों को भाजपा कोर कमेटी को भेज दिए जाएंगे। तीन से चार दिन में भाजपा के सभी प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिए जाएंगे। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मजबूती से चुनाव में जुटेंगे और प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने का काम करेंगे।

## बालिका विद्यालय में लगाई जा रही बैरिकेडिंग

गाजियाबाद । निर्वाचन को लेकर तैयारी तेजी के साथ चल रही है। नामांकन की प्रक्रिया आगामी सोमवार से शुरू होगी। नगर निगम पार्षद के लिए नामांकन की प्रक्रिया नगर निगम के चन्द्रपुरी स्थित बालिका विद्यालय में होगी। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से यहां बैरिकेडिंग आदि की तैयारी शुरू होने जा रही है। निर्वाचन विभाग की ओर से इस कॉलेज को अधिग्रहित कर लिया गया है।

इस कॉलेज के नामांकन के लिए 100 कक्षों का अधिग्रहण किया जाएगा। किन कक्षों का अधिग्रहण होगा यह निर्वाचन विभाग की टीम तय करेगी। नवयुग मार्केट स्थित इस कॉलेज में वैसे तो करीब दो सौ से अधिक कक्ष बने हुए है।

# चुनाव के दौरान नकदी ले जाने से बचें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव में निर्धारित से अधिक चुनावी खर्च करने वाले प्रत्याशियों पर जिला निर्वाचन कार्यालय की कडी निगाहें रहेंगी। आठ उडनदस्ते इसकी निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं।

चुनाव के दौरान दो लाख से अधिक की नगदी ले जाने पर रोक रहेगी। अगर कोई इससे अधिक की नगदी ले जाता पकडा गया और नगदी से सबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सका तो नगदी को जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने कहा है कि नगदी ले जाने को अपने पास पर्याप्त दस्तावेज आवश्यक रूप से रखने होंगे। नामांकन व प्रतीक आंवटन के बाद उडन दस्ते फ ील्ड में सक्रिय हो जाएंगे। उडन दस्ते अपनी रिपोर्ट मुय विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक को उपलब्ध कराएंगे जिसके बाद जिला स्तरीय कमेटी इसका परीक्षण करेगी। हर उडन दस्ते में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट, एक पुलिस अधिकारी, एक वीडियोग्राफ र, तीन से चार सशस्त्र पुलिस जवान, कर्मिक शामिल होंगे। यह टीमें अपने.अपने आंवटित क्षेत्रों में नगदी और अन्य संदेहास्पद वस्तु, शस्त्र आदि की आवाजाही पर निगरानी रखेंगी। निगरानी दलों की लोकेशन समय. समय पर बदली जाएगी।

चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नगदी का वितरण न हो इसका भी गठित टीम पूरी मॉनीटिरिंग करेगी।

इस सबंध में जन सूचना भी प्रकाशित की जाएगी। इतना ही नहीं अन्य लोग भी व्यय सबंधी शिकायत कर सकते हैं।

इसके लिए जिला मुयालय में जिला स्तर पर व्यय सीमा संबंधी शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष खोला जाएगा। जिसमें लोग निर्धारित धनराशि से अधिक खर्च, शराब या नगदी आदि वितरण की शिकायत कर सकते हैं।

# 10 लाख की फिरौती के लिए किया था मासूम का कत्ल

● पड़ोसी ने भांडा फूटने के डर के चलते दिया घटना को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवला गांव से एक 2 वर्ष की बच्ची को अगवा कर उसकी हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी बच्ची के पड़ोस में रहता था। बच्ची आरोपी को फूफा कहती थी। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बच्ची के पिता से 10 लाख रुपए फि रौती वसूलने की नीयत से उसका अपहरण किया था।

अपर पुलिस उपायुक्त राजीव दीक्षित ने बताया कि 8 अप्रैल को थाना सूरजपुर में शिव कुमार नामक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 अप्रैल की रात रात से उसकी 2 वर्षीय बेटी मानसी घर से लापता है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने उनके पड़ोस में रहने वाले राघवेंद्र को घर के बाहर खून देखा तथा उसके घर की तलाशी ली तो वहां पर एक स्कूल बैग में मानसी का शव पुलिस को मिला है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि बच्ची की गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आज आरोपी राघवेंद्र को गिरताद कर लिया है।

पूछताछ के दौरान उसने बताया है कि उसे पता तक चला था कि मानसी के पिता के पास 10 लाख रुपए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बच्ची को अगवा कर उसके पिता से फि रौती के रूप में रकम वसूलने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था, लेकिन जब बच्ची लापता हुई और उसके परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू कर दिया तो वह डर गया, और उसका भाड़ा ना फूटे इस डर से बच्ची की गला दबाकर हत्या कर शव को स्कूल बैग में रखकर खूंटी पर टांग दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार



थाना सेक्टर-58 नोएडा में कम्पनी में सोल्डर वायर की चोरी करने वाले 03 अभियुक्त ( कम्पनी कर्मचारी ) गिरफ्तार, कब्जे से 04 बंडल सोल्डर वायर ( कीमत लगभग 10 हजार रुपये ) बरामद।

### लग्जरी गाड़ी चोरी करने वाले तीन धरे

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर से ऑन डिमांड लग्जरी गाड़ी चोरी करने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरतार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक फॉर्च्यूनर गाड़ीए एक स्कॉर्पियो गाड़ीए एक ब्रेजा गाड़ी और अवैध हथियार बरामद किया है। यह कामयाबी ग्रेटर नोएडा की बीटा.2 थाना पुलिस को मिली है। यह लोग काफी समय से ऑन डिमांड लग्जरी गाड़ियां चोरी कर रहे थे। पुलिस ने गैंग के मास्टरमाइंड को भी अरेस्ट किया है। फॉर्च्यूनर गाड़ी को ग्रेटर नोएडा से बरामद किया ग्रेटर नोएडा पुलिस ने बताया कि बीते 8 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा पुलिस ने प्रवीण त्यागी और परवीन शर्मा को एक चोरी की फॉर्च्यूनर गाड़ी के साथ गिरतार किया था

### शहर को स्वच्छ रखना है उद्देश्यः डॉ उदिता त्यागी

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम में भाजपा की ओर से मेयर पद के लिए डॉ उदिता त्यागी ने भी दावेदारी पेश की है। उन्होंने दावेदारी के लिए अपना आवेदन भी भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से लेकर अन्य पदाधिकारियों को सौंपा है। डॉ उदिता त्यागी ने बताया कि संगठन में रहकर भाजपा की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का काम किया है। मेयर पद के लिए उन्होंने दावेदारी की है कि क्योंकि उनका मकसद शहर को स्वच्छ बनाना है। शहर को पूरी तरह से विकसित करना है। जहां.जहां कमी रह गई हैं उन कमियों को दूर कर सुन्दर व स्वच्छ शहर बनाना है ताकि शहर तरक्की कर सके। उदिता त्यागी ने कहा कि पूर्व से ही शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अभियान से जुडी हुई हैं। चाहे मेट्रो पिलर्स हों, एलीवेटेड रोड के डिवाइडर हों उन्हें पेटिंग से संवारना उन्हीं की देन है। आगे भी इसी तरह से शहर को सजाना संवारना चाहती हैं।

### यूनिवर्सिटी में सप्लाई करते थे गांजा, दो पकड़े

नोएडा । नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कॉलेजों में स्टूडेंट को गांजा व नशीला पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार एक्शन ले रही है। अब ग्रेटर नोएडा की कासना कोतवाली पुलिस ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी में सप्लाई करने वाले दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरतार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 20 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी बाजार में कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिनेश और राहुल को गिरतार किया गया है। दोनों मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। दिनेश की उम्र 26 साल और राहुल की उम्र 20 साल है। पुलिस ने बताया कि यह लोगों एक वैगनआर गाड़ी में गांजा लेकर ग्रेटर नोएडा आए थे। जिनको चेकिंग के दौरान गिरतार किया गया है। पुलिस का कहना है कि इनके अन्य साथी भी गांजा तस्कर गैंग में शामिल है।

### कोविड से बचाव को लेकर हुई मॉकड्रिल

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश और जिले में बढते कोविड के मामलों को देखते हुए अब सरकार बचाव की तैयारियों में जुट गई है। इसी क्रम में आज से दो दिवसीय कोविड अस्पतालों में मॉकड्रिल की गई। जिले में लखनऊ से आए अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ एनके गुप्ता ने सरकारी अस्पतालों में कोविड की तैयारियों परखा। सबसे पहले उन्होंने संयुक्त जिला अस्पताल में निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट की जांच की। प्लांट को सक्रिय रखने के लिए उन्होंने उसे नियमित रूप से 24 घंटे में एक बार चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना से संक्रमित मरीजों के इलाज में कोई कोताही न बरती जाए।

# साढ़े छह लाख के नकली नोट बरामद, पांच गिरफ्तार

● आरोपियों ने वेब सीरिज देखकर नोट छापने की तरकीब सीखी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिले से जाली नोट का धंधा करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के कथित पांच सदस्यों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से करीब 6.50 लाख रुपए मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि नोएडा सेक्टर -24 थाने की पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर फैज खान उर्फ नवाज, आयुष गुप्ता, आदित्य गुप्ता, शिव तथा हरिओम को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरोह का सरगना मूल रूप से बिहार निवासी फैज खान को बताया जा रहा है जो कुवैत रहता था। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 6,48,000 के जाली नोट बरामद किए हैं, जिनमें दो हजार, 500 और 200 रुपए मूल्य के नोट शामिल हैं। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि आरोपियों को फर्जी नाम की वेब सीरीज देखकर जाली नोट छापने की प्रेरणा ली।

उन्होंने बताया कि आरोपी जाली नोट का धंधा व्हाट्सऐप और सोशल मीडिया के माध्यम से करते थे।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान जानकारी मिली कि गिरफ्तार आरोपियों को जाली नोट बाजार में चलाने के एवज में फैज प्रतिशत आधारित कमीशन देता था।

डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) तथा खुफिया एजेंसियां पूछताछ कर रही है।

# गाजियाबाद नगर निगम के जिम की विद्युत विभाग ने काटी बिजली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हाल ही में नगर निगम प्रशासन की ओर से कंपनी बाग में जिम लगाया गया था। इसके पास ही में एक कयुनिटी सेंटर भी बना था।

इस जिम और कयुनिटी सेंटर में काफ ी समय से फ्री की बिजली जल रही थी। बिजली विभाग की ओर से अचानक कार्रवाई करते हुए जिम का बिजली कनेक्शन काट दिया। इसकी जानकारी नगर निगम के उद्यान विभाग को भी नहीं लगी है। सुबह जब लोग जिम करने के लिए वहां पहुंचे तो पता चला कि बिजली की सप्लाई नहीं हो पा रही है। बाद में जांच करने पर पता चला कि जिम में बिजली सप्लाई का कनेक्शन काट दिया गया। इसके अलावा कंपनी बाग पार्क में एक सुरक्षा गार्ड के लिए गार्ड रूम बनाया गया था।

इस गार्ड रूम की भी बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। अब निगम के अधिकारी इस मामले में बोलने को तैयार नहीं है। कंपनी बाग स्थित जिम और कयुनिटी सेंटर तथा गार्ड रूम की बिजली कनेक्शन काटने जाने की जानकारी उनके पास नहीं है।

# हरियाणा शराब की तस्करी करने वाले 3 धरे, ट्रेन से करते थे सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शराब तस्करों ने भारतीय रेल को सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तस्कर दिल्ली से रेल गाड़ियों में अवैध शराब रखकर बिहार ले जा रहे हैं। दिल्ली से छोटे रेलवे स्टेशनों से ही ट्रेनों में सवार होते हैं।

पकड़े गए अधिकतर शराब तस्कर दिल्ली और एनसीआर में मजदूरी करते थे। बिहार में शराबबंदी होने की वजह से ये मजदूर बिहार वापस जाने के दौरान अपने साथ शराब की बोतलें भी ले जाते थेए उसे वहां ऊंचे दाम में बेचते थे। ऐसे ही तीन तस्करों को आबकारी विभाग एवं राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी की संयुक्त टीम ने गिरतार किया है।

जो ट्रेन द्वारा हरियाणा शराब लेकर बिहार में सप्लाई के लिए लेकर जा रहे थे। अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग की टीम ने तस्करों पर कार्रवाई करने के लिए जिले में छापेमारी, चेकिंग और दबिश की कार्रवाई तेज कर दी है। हाईवे, दिल्ली बॉर्डर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाकर तस्करों पर नकेल कसना शुरु कर दिया है।

## छोटे गैस सिलेंडर में विस्फोट, दो घायल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निर्माणधीन प्रोजेक्ट के सामने झुग्गियों में आग लग गई। इस घटना में 2 लोग बुरी तरीके से झुलस गए हैं। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों की हालत नाजुक है।

सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत समय साइट 4 सूरजपुर के सामने 02 झुग्गियों में आग लग गई। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना में घायल दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया।

# एमथ्रीएम बिल्डर पर यमुना अथॉरिटी की कार्रवाई

● सीईओ ने दिया एफआईआर का आदेश, 200 करोड़ की रिकवरी होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में बिना जमीन, बिना यूपी रेरा रजिस्ट्रेशन और बिना नक्शा पास करवाए, हाउसिंग प्रोजेक्ट लॉन्च करने वाले एम थ्री एम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है।

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुय कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने एमथ्रीएम बिल्डर, कदम रूप और ऑडिया ब्रुल्स कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का आदेश दिया है। इन कंपनियों से 200 करोड़ रुपए की वसूली की जाएगी। यमुना अथॉरिटी के सीईओ ने नोएडा अथॉरिटी की सीईओ ऋतु महेश्वरी को पत्र लिखा है। नोएडा के सेक्टर.128 में एम थ्री एम ग्रुप की घोषित हाउसिंग स्कीम का नक्शा पास नहीं किया गया। यमुना एक्सप्रेसवे का निर्माण करने के लिए जेपी समूह और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच करीब डेढ़ दशक पहले एग्रीमेंट हुआ था।



जिसके तहत नोएडा के सेक्टर.128 में यमुना प्राधिकरण को जमीन दी गई थी। यह जमीन यमुना प्राधिकरण ने जेपी समूह को दी। कर्जों में दबे जेपी समूह ने सेक्टर.128 के बड़े लैंड पार्सल में से 73 एकड़ का एक भूखंड गाजियाबाद के कदम समूह को बेच दिया।

## सात मेट्रो स्टेशनों पर जल्द शुरू होगी पार्किंग

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) लोगों की सुविधाओं के लिए अब जल्द अपने सात और मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

एनएमआरसी के तीन मेट्रो स्टेशनों - सेक्टर 137, सेक्टर 51 तथा डेल्टा-1 पर फिलहाल पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु महेश्वरी ने बताया कि लोगों की सहूलियत के लिए एक्वा लाइन के अधिक से अधिक स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा शुरू करने के लिए इसी महीने एक योजना लाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कंपनियों को पार्किंग की सुविधा की जिम्मेदारी दी जाएगी और इसके लिए निविदा निकाली जाएगी।

# लुक्सर जेल में बवाल, 400 कैदी भूख हड़ताल पर बैठे

● पर्ची काटने को लेकर हुआ विवाद, बंदी रक्षकों ने बल प्रयोग करना पड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नगर की जिला कारागार लुक्सर में सोमवार को बड़ा बवाल हुआ है। लगभग 400 कैदियों को बुलंदशहर, मुज्जफरनगर, सहारनपुर और गाजियाबाद से सोमवार को ही यहां भेजा गया है।

कैदियों ने जिला कारागार पहुंचते ही भूख हड़ताल शुरू कर दी। कैदियों की भूख हड़ताल के चलते सोमवार शाम को जेल से रिहा होने वाले बंदियों को भी समस्या का सामना करना पड़ा। शाम लगभग 6 से 7 बजे तक छूटने वाले कैदी रात 10 बजे छोड़े गए हैं। दूसरी तरफ जेल प्रशासन का कहना है कि बंदियों ने नाजायज मांग की। जिसे नकारने पर कुछ बंदियों ने हंगामा करने की कोशिश की। सोमवार की देर शाम जिला कारागार में अन्य जनपदों से लगभग 400 कैदियों की शिफ्टिंग हुई है। सूत्रों की मानें तो कैदियों की शिटिंग के दौरान एक पर्ची काटी जाती है। जिसमें कैदियों से काम नहीं करने की एवज में कुछ रकम ली जाती है। अन्य जिलों से लुक्सर जेल में शिट हुए कैदियों से जैसे ही पर्ची काटने की प्रक्रिया शुरू की गई तो उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूत्र बताते हैं कि पर्ची काटने के लिए बुलंदशहर, मुज्जफरनगर, सहारनपुर और गाजियाबाद की जेलों से कहीं ज्यादा रकम मांगी गई। जिसको लेकर बवाल हुआ है। जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में बिना पर्ची काटे ही कैदियों को अंदर जाने की अनुमति दे दी गई।

### वक्त पर रिहा नहीं हो पाए बंदी

सूत्र बताते हैं कि जेल में पहुंचे कैदियों ने पर्ची नहीं कटवाने का ऐलान कर दिया और भूख हड़ताल शुरू कर दी।

शाम लगभग 7 बजे से रात 10 बजे तक कैदी भूख हड़ताल पर रहे हैं। इसके बाद जेल प्रशासन ने बल प्रयोग करके उन्हें भूख हड़ताल से उठाया है। कैदियों की भूख हड़ताल के चलते सोमवार को रिहा होने वाले बंदियों को भी समस्या का सामना करना पड़ा है।

रिहा होने वाले कैदियों के परिजनों ने घंटो जेल परिसर के बाहर इंतजार किया। शाम लगभग 6 से 7 बजे छूटने वाले कैदियों को रात 11 बजे जेल से छोड़ा गया है।

इस बारे में जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर जेल से आए कैदी एक साथ रहना चाहते थेए लेकिन जेल मैनुअल के अनुसार जेल प्रशासन उनको अलग-अलग रख सकता है। कैदियों की मांग पर उनको जेल मैनुअल के बारे में समझाया गया। इसके बाद अलग.अलग शिट कर दिया गया है। पर्ची काटने अथवा अन्य कोई प्रक्रिया जेल में नहीं होती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बड़ी परियोजनाओं में भ्रष्टाचार पर करारी चोट

## दस करोड़ से अधिक की परियोजनाओं-खरीद में ठेकेदारों को सरकार के साथ करना होगा इंटीग्रिटी पैक्ट

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, आईईएम की नियुक्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी परियोजनाओं और खरीद की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को खत्म करने और इसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने सरकारी खरीद से संबंधित टेंडर के समय सरकार और वेंडर के बीच इंटीग्रिटी पैक्ट को अनिवार्य कर दिया है। इस तरह के अनुबंध के उचित निष्पादन की जांच-पड़ताल के लिए स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर्स (इंडिपेंडेंट एक्सटर्नल मॉनिटर्स-आईईएम) की नियुक्ति की जाएगी।

नए नियम के तहत 10 करोड़ रुपये से अधिक की सभी सरकारी योजनाओं या खरीद में इंटीग्रिटी पैक्ट अनिवार्य होगा। अगर इस पैक्ट का किसी वेंडर द्वारा उल्लंघन किया गया तो उसे टेन्डर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अयोग्य करार दे दिया जाएगा और उसपर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली सरकार के अधीन सभी विभागों, स्वायत्त निकायों और सिविक एजेंसियों में अब से 10 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में निविदा लगाने वाले ठेकेदारों एवं विक्रेताओं को अनिवार्य रूप से सरकार के साथ इंटीग्रिटी पैक्ट पर हस्ताक्षर करना होगा।

इस पैक्ट के तहत बोली लगाने वाले ठेकेदारों सहित दोनों पक्षों के व्यक्ति, अधिकारी को शपथ देना होगा कि वह किसी भी तरह से, किसी भी परिस्थिति में भ्रष्टाचार नहीं करेंगे। अनुबंध के निष्पादन से संबंधित किसी भी मुद्दे की जांच-पड़ताल के लिए स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर (इंडिपेंडेंट एक्सटरनल मॉनिटर-आईईएम) भी नियुक्त किए जाएंगे। निविदा से संबंधित दस्तावेज पर आईईएम का भी नाम होगा जो सीवीसी के पैनल या सरकारी एजेंसियों द्वारा नियुक्त किए गए पैनल से चुने जाएंगे।

उपराज्यपाल ने इस आशय के एक प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए निर्देश दिया है कि इस नियम का हर हाल में अक्षरश: पालन किया जाए। एलजी ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिशों के अनुसार वर्ष 2007 में ही इंटीग्रिटी पैक्ट और आईईएम की नियुक्ति के प्रावधान किए जाने थे, जबकि दिल्ली सरकार के कुछ विभाग और एजेंसियों ने इन दिशा-निर्देशों का पालन 10 साल बाद, वर्ष 2017 से करना शुरू किया।

उन्होंने इस तथ्य पर भी खेद व्यक्त किया है कि साल 2017 के बाद भी लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम जैसे महत्वपूर्ण विभागों में से किसी ने भी इंटीग्रिटी पैक्ट और आईईएम प्रक्रिया को नहीं अपनाया। इतना ही नहीं, विभागों ने एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें कहा गया कि 50 करोड़ रुपये की तत्कालीन प्रारंभिक सीमा उनकी परियोजनाओं और खरीद पर लागू नहीं होती। इन सभी प्रक्रियाओं पर विराम लगाते हुए उपराज्यपाल ने सरकारी ठेकेदारी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अनुमोदित नए प्रस्ताव में तदनुसार सीमा को घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया है।

### विक्रेताओं, बोलीदाताओं और खरीदार के बीच समझौता

*इंटीग्रिटी पैक्ट अनिवार्य रूप से संभावित विक्रेताओं, बोलीदाताओं और खरीदार के बीच एक ऐसा समझौता है, जो दोनों पक्षों के व्यक्तियों, अधिकारियों को अनुबंध के किसी भी चरण में किसी भी भ्रष्ट आचरण का सहारा नहीं लेने के लिए प्रतिबद्ध करता है। समझौते के तहत खरीदार के साथ उसी वेंडर, बिल्डर को अनुबंध की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सक्षम माना जाएगा जो इंटीग्रिटी पैक्ट पर हस्ताक्षर करेगा। दूसरे शब्दों में, इस पैक्ट में हस्ताक्षर करना किसी भी वेंडर के लिए एक प्रारंभिक योग्यता होगी। मौजूदा जीएफआर 2017, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों और अन्य वित्तीय नियमों, दिशानिर्देशों के तहत इंटीग्रिटी पैक्ट का किसी भी तरह से पालन नहीं किए जाने पर बोलीदाताओं को अनुबंध के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।*

# आप के तीन मजबूत स्तंभ हैं, कट्टर ईमानदारी, देशभक्ति और इंसानियत : केजरीवाल



● राष्ट्रीय पार्टी बनने पर देशभर में आज जश्न मनाएगी आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीश संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए सभी समर्थकों, शुभ चिंतकों और आलोचकों का धन्यवाद किया।

उन्होंने इस उपलब्धि को अद्भुत, चमत्कार और अकल्पनीय करार देते हुए कहा कि जब आम आदमी पार्टी बनी तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि आप का एक विधायक भी बन पाएगा, लेकिन महज 10 साल बाद ही आप राष्ट्रीय पार्टी बन गई। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को याद करते हुए कहा कि आज अगर वो होते तो उनकी खुशी में चार चांद लग जाते, लेकिन राष्ट्र विरोधी ताकतों ने उनको जेल में डाल दिया है। सबका सपना है कि भारत दुनिया का नंबर-1 देश बने।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश भर में देशभर में 1300 से ज्यादा राजनीतिक दल हैं। इनमें केवल 6 राजनीतिक दल ही राष्ट्रीय पार्टियां हैं। इन 6 राजनीतिक दलों में से केवल तीन दल ही हैं, जिनकी एक या एक से अधिक राज्यों में सरकारें हैं। इन तीन राजनीतिक दलों में आम आदमी पार्टी आती है। इसके अलावा दो अन्य राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस हैं। ऊपर वाला हमसे देश के लिए कुछ अच्छा तो कराना चाह रहा है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय पर जमा हुए और गीत-संगीत पर जमकर थिरके। आप इस जश्न के सिलसिले को आगे भी जारी रखेगी। इसकी कड़ी में बुधवार को देश भर के सभी प्रदेशों और जिला कार्यालयों पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जश्न बनाएंगे। गोपाल राय ने कहा कि महज दस साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर आप राष्ट्रीय उम्मीद बन गई है। अब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के 'मेक इंडिया नंबर-1' संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। देश भर में पद यात्राएं निकालेंगे और लोगों से 9871010101 पर मिस्ड कॉल कर आप से जुड़ने की अपील करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाकर देश के लोगों ने बताया कि पार्टी उनकी उम्मीदों पर खरी उतरी है।

गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि दस साल पहले आम आदमी पार्टी की शून्य से शुरू हुई थी और 10 साल बाद आज दिल्ली, पंजाब, गोवा होते हुए राष्ट्रीय पार्टी बन गई है।

# चौबीस घंटे में ही कोरोना के दोगुने मामले दर्ज, संक्रमण दर 26 प्रतिशत पहुंची

● 980 नए मरीज मिले, दो लोगों की मौत



कारोना की जांच करता स्वास्थ्यकर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 के 980 नए मामले दर्ज किए गए और संक्रमण दर 25.98 प्रतिशत दर्ज की गई जिसका मतलब है कि करीब हर चार में से एक व्यक्ति जांच में संक्रमित पाया गया।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित 2 और लोगों की मौत हो गई। सोमवार को कोविड-19 के 484 नए मामले दर्ज किए गए थे। इस लिहाज से देखा जाए, तो चौबीस घंटे में ही कोरोना के मामले दोगुनी रफ्तार से बढ़े हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को कुल 3772 कोरोना टेस्ट किए गए। इसमें से 980 लोग संक्रमित मिले। वहीं 440 लोग कोरोना से ठीक भी हुए। मंलवार को जिन दो लोगों की मौत हुई है उसमें एक व्यक्ति की मौत की मुख्य वजह कोविड-19 नहीं था जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत के कारणों का इंतजार किया जा रहा है। राजधानी में एक्टिव मामलों की संख्या 2876 हो चुकी है। अब तक कोरोना के कुल मामलों की संख्या 2016101 हो गई है। मरने वाले वालों की संख्या 26545 तक पहुंच गई है।अब तक वैक्सीन की 18296706 पहली डोज दी जा चुकी है।

## कई अस्पतालों में हुई मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बीच दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पूर्वाभ्यास किया गया।

दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में यह कवायद मंगलवार को की गई। भगवान महावीर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक ने को बताया, हमारे अस्पताल में पूर्वाभ्यास चलाया गया। इसके जरिए बिस्तरों, ऑक्सीजन और अन्य स्वास्थ्य देखभाल संबंधी साजो-सामान की उपलब्धता समेत कोविड को लेकर हमारी तैयारियों का परीक्षण किया जाएगा, ताकि कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के मामले बढ़ने पर किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। एक अन्य अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा, हम मॉक ड्रिल कर रहे हैं।

कोविड के संबंध में तैयारी के सभी मानकों का आकलन किया जा रहा है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि 26 मार्च के पूर्वाभ्यास की रिपोर्ट मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारियों को सौंप दी गई थी।

लोकनायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी मामले सामने आएंगे, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। गौरतलब है कि देश में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के मामलों में तेजी से वृद्धि के बीच दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में कोविड-19 के मामलों में भी वृद्धि देखी गई है।

# पति से भी पीछा छुड़ाना चाहती थी मोनिका

**गोकलपुरी डबल मर्डर**

● करीब सवा करोड़ की प्रॉपर्टी बेचकर प्रेमी के साथ द्वारका में शिफ्ट होने का था प्लान



आरोपी महिला।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गोकलपुरी के भागीरथी विहार में बुजुर्ग सास-ससुर की हत्या करवाने वाली कातिल बहू ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने कई बड़े खुलासे किए हैं।

संपत्ति के लिए सास-ससुर को मारने के बाद बहू मोनिका की योजना अपने पति को भी ठिकाने लगाने की थी। उसे अनुमान था कि सौ गज की संपत्ति करीब 1.30 करोड़ में बिक जाएगी। संपत्ति हासिल करने के बाद वह प्रेमी संग द्वारका में बस जाएगी। मगर सास-ससुर की हत्या के बाद पड़ोसियों ने उसके मंसूबों पर पानी फिर दिया क्योंकि उसका चाल चलन ठीक नहीं था।

पड़ोसियों ने ही पुलिस को सुराग दिया था कि एक बार मृतक दंपति की बहू मोनिका से भी पूछताछ करके देख लीजिए। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसके बयानों में विरोधास मिला। सख्ती से पूछताछ में वह टूट गई और प्रेमी आशीष व उसके दोस्त विकास के साथ मिलकर हत्या की बात कबूल ली।

फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में यूपी व उत्तराखंड में छापेमारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त डॉक्टर जॉय टिर्की ने बताया कि भागीरथी विहार में वरिष्ठ दंपति राधेश्याम और उनकी पत्नी वीना की लूटपाट के बाद हत्या की सूचना मिली थी। हत्या की इस गुत्थी को सुलझाना पुलिस के लिए चुनौती था। एसीपी गोकलपुरी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में करीब 60 पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीम बनाई की गई।

## आईपी यूनिवर्सिटी में शुरू होंगे दो नए कोर्स

**नई दिल्ली।** गुरुगोविन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक सत्र में दो नए कोर्से शामिल किए जाएंगे। इसमें पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी और एमएससी बायो-इन्फार्मेटिक्स शामिल है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आईपी में आने वाले सत्र में शुरू हो रहे नए कोर्सेज के साथ विश्वविद्यालय के शैक्षिक विस्तार पर साझा करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के कारण तेजी से बदलती दुनिया को ध्यान में रखते हुए आईपी यूनिवर्सिटी में शुरू हो रहे ये नए कोर्सेज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

# खतरनाक इमारतों की पहचान के लिए सर्वेक्षण शुरू

● मानसून से पहले चिन्हित भवनों को गिराया जाएगा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर में ऐसी खतरनाक इमारतों को चिह्नित करने का अभियान शुरू किया जिन्हें ढहाया जा सके या मरम्मत कर दुरुस्त किया जा सके ताकि मानसून सीजन में कोई हादसा न हो। एक अधिकारी ने कहा कि निगम ने अपने क्षेत्रीय कर्मियों को इमारतों एवं मकानों का सलाना सर्वेक्षण शुरू करने का निर्देश दिया है।

इस संबंध में मानसून पूर्व उपाय परिपत्र छह अप्रैल को जारी किया गया। एमसीडी ने कहा है कि यदि कोई मकान भवन खतरनाक स्थिति में पाया जाता है तो उसे ढहाए जाने में कोई देरी नहीं की जानी चाहिए। इसमें साफ कहा गया है कि अगर कोई घर खराब हालत मेंपाया जाता है कि बिना देर किये उसे ध्वस्त किया जाए। ऐसी उम्मीद हैकि यह सर्वे 30 जून को खत्म हो जाएगा। इसमें साफ कहा गया है कि अगर कोई घर खराब हालत में पाया जाता है कि बिना देर किये उसे ध्वस्त किया जाए। ऐसी उम्मीद है कि यह सर्वे 30 जून को खत्म हो जाएगा। एक अधिकारी ने कहा कि मान्यता प्राप्त कॉलोनी में हर साल मॉनसून आने से पहले एक सर्वे किया जाता है ताकि खतरनाक और रिपेयरिंग किये जाने घरों की पहचान की जा सके।

इस सर्कुलर में कहा गया है कि बरसात के सीजन को देखते हुए खरतनाक इमारतों की पहचान 30 जून तक हो जानी चाहिए ताकि समय रहते उन्हें ध्वस्त करने के लिए नही एक्शन लिया जा सके।

नगर निगम ने अपने अफसरों से कहा है कि सभी निगम बिल्डिगों, स्कूल, अस्पताल स्टाफ क्वार्टरों क्षेत्रिय कार्यालय ई- स्टॉर्स कम्यूनिटी हॉल, स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स और अन्य इमारतों की जांच जरूर करें ताकि रिपेयरिंग को लेकर ऐक्शन लिया जा सके।

# उत्पीड़न केस में आईपी कॉलेज व पुलिस में समन्वय की कमी: महिला आयोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली महिला आयोग ने यहां इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय तथा पुलिस के बीच समन्वय की कमी तथा अपर्याप्त सुरक्षा इंतजाम को महाविद्यालय परिसर में समारोह के दौरान हुई उत्पीड़न की घटना के लिए जिम्मेदार माना है।

आयोग ने दिल्ली पुलिस, इंद्रपस्थ महिला महाविद्यालय तथा दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को इस मामले में सौंपी एक रिपोर्ट में अपनी अंतरिम सिफारिशें की हैं। पुलिस ने घटना के दिन ही इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी और कॉलेज प्रशासन ने चार अप्रैल को उसे 231 शिकायतें एवं आवेदन भेजे थे। आयोग ने कहा है कि पीड़िताओं के साथ चर्चा के दौरान उसे पता चला कि उस भयावह घटना में चार लोग घायल हुए तथा एक लड़की को फ्रैक्चर भी हो गया। उसने कहा , राष्ट्रीय राजधानी में बार बार ऐसी घटनाएं हो रही है जहां लड़कियों को उनके कॉलेज फेस्ट में उत्पीड़ित किया जाता है, और यह बहुत चिंता की बात है। उसने कहा, आयोग ने इस मुद्दे की जांच शुरू की तथा दिल्ली पुलिस, आईपी कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया। उसने कहा कि उसे कुछ चौंकाने वाली समस्याओं का पता चला है। उसने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए इन समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया।

## इमारत में आग लगने से बुजुर्ग महिला की मौत, बेटा घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मानसरोवर गार्डन इलाके में मंगलवार को तड़के एक मकान में आग लगने से 78 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दमकल अधिकारियों को रात करीब एक बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी थी जिस पर लगभग डेढ़ घंटे में काबू पाया गया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) अक्षत कौशल ने बताया कि मकान के अंदर एक महिला और एक पुरूष अचेत अवस्था में पाया गया। उनकी पहचान महेन्द्र कौर और उसके पुत्र सुरेन्द्र पाल (49) के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि दोनों को तुरंत आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महेंद्र कौर को मृत घोषित कर दिया।

## कैंसर के लिए आयुर्वेदिक दवा वी2एस2 का होगा परीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कैंसर को मात देने के लिए देश में पहली बार आयुर्वेद से तैयार वी2एस2 दवा पर मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में परीक्षण शुरू होगा।

लगभग नौ से 12 महीने तक यह परीक्षण चलेगा। इसके बाद अन्य शहरों में इसका क्लीनिकल ट्रायल शुरू किया जाएगा। इसके लिए आयुष मंत्रालय के अधीन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, टाटा मेमोरियल अस्पताल, एमिल फार्मा और जम्मू-कश्मीर के आयुष महानिदेशालय के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए। दरअसल, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एनआईए) के विशेषज्ञों ने आयुर्वेद फार्मूले के जरिए वी2एस2 दवा को छह पादापों के हाइड्रो-एल्कोहलिक तत्वों से तैयार किया है। अब तक प्रयोगशाला में हुए परीक्षण में इसके कैंसररोधी गुणों की पुष्टि हुई है।

इस समझौते पर एमिल फार्मास्युटिकल्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने कहा कि अगले दो-तीन साल में आयुर्वेद के जरिये भारत और दुनिया के मरीजों को प्रभावी कैंसर उपचार का विकल्प प्रदान कर सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार



अभियान के विरोध में पहुंचे लोग।

### अतिक्रमण-रोधी अभियान, मस्जिद की चारदीवारी गिराई

**नई दिल्ली।** अतिक्रमण-रोधी अभियान के दौरान मंगलवार को नई दिल्ली के बंगाली मार्केट स्थित एक मस्जिद की चारदीवारी को ढहाया गया। भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ), केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अतिक्रमण हटाने को लेकर संयुक्त अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, मस्जिद को छुआ तक नहीं गया। यह सिर्फ एक चारदीवारी थी जिसे गिराया गया, क्योंकि यह एक अतिक्रमण था। पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल ने कहा कि अभियान के दौरान वकील महमूद प्राचा ने बाधा डाली।

### हरियाणा में सेवानिवृत्त पत्रकारों का डीए बढ़ा

**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार ने पत्रकारों के हित में एक ओर निर्णय लेते हुए पत्रकार पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 60 वर्ष से अधिक आयु के मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों को मिलने वाली पेंशन राशि में बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस आशय के प्रस्ताव को आज मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि पेंशन राशि में सालाना वृद्धि के प्रस्ताव को भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब केंद्र सरकार द्वारा तय मानदंडों के अनुसार डीए में की जाने वाली वृद्धि के अनुपात में पत्रकारों की पेंशन राशि में वृद्धि की जाएगी।

### दाखिले के लिए पोर्टल शुरू करेगा डीयू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय साझा सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) के माध्यम से स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो अलग-अलग पोर्टल शुरु करेगा। विश्वविद्यालय के दाखिले की प्रक्रिया 20 मई तक शुरू करने की संभावना है। स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सीएसएएस (स्नातक) 2023 और सीएसएएस (स्नातकोत्तर) 2023 के माध्यम से होगा। यह पहली बार होगा जब विवि स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) का विकल्प चुन रहा है। इसने पिछले साल अपने 70 कॉलेजों में छात्रों को सीयूईटी-यूजी के माध्यम से दाखिला दिया था।

# दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल अब रैपिडेक्स, लोगो भी बदला

## ब्रांड नाम RAPIDX पढ़ने और विभिन्न भाषाओं में उच्चारण करने में है आसान : आरआरटीएस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

RAPIDX
Transit service by ncrtc



दिल्ली एनसीआर को रफ्तार देने जा रही रैपिड रेल जल्द शुरू होने वाली है। यह रेल अब रैपिडेक्स के नाम से दौड़ेगी। रैपिड नाम पहले से बोलचाल है। इसमें एक्स को जोड़ा गया है। मई में दिल्ली मेरठ रूट पर इसका संचालन शुरू हो सकता है।

पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिडेक्स रफ्तार भरेगी। अगले वर्ष तक दिल्ली मेरठ में यह ट्रेन चलने लगेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड (एनसीआरटीसी) के अनुसार, ब्रांड नाम RAPIDX पढ़ने और विभिन्न भाषाओं में उच्चारण करने में आसान है। रैपिड नाम को पहले से ही हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पूरे क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अपनी यातायात प्रणाली के रूप में अपनाया और पसंद किया जा रहा है।

गति और प्रगति को दर्शाने के अलावा, नाम में एक्स अगली पीढ़ी को दर्शाता है। प्रौद्योगिकी और नए युग को दर्शाता है। यह युवाओं, आशावाद और ऊर्जा का भी प्रतिनिधित्व करता है। हरी पत्ती का प्रतीक एनसीआर में ना केवल केवल सड़क पर वाहनों की संख्या को कम करके बल्कि हरित ऊर्जा के उपयोग से डी-कार्बोनाइजेशन के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एनसीआरटीसी स्टेशनों और डिपो पर सौर पैनलों की स्थापना के साथ-साथ आकर्षण में मिश्रित शक्ति का उपयोग करके हरित ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है जिसे भविष्य में बढ़ाने की योजना है।

रैपिडेक्स यात्रा के एक आधुनिक, विश्व स्तरीय, टिकाऊ, सुविधाजनक, तेज, सुरक्षित और आरामदायक साधनों के माध्यम से एनसीआर में अपने गृहनगर में रहने वाले लोगों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ेगा। एनसीआर में युवाओं के लिए, रैपिडेक्स उन्हें उनकी आकांक्षाओं की ओर ले जाने वाले अवसरों की दुनिया तक आसान और तेज पहुंच प्रदान करेगा।

पहले आरआरटीएस कॉरिडोर, पर रैपिडेक्स सेवाएं, 82 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर प्रदान की जायेंगी। दिल्ली से मेरठ के बीच यात्रा के समय को ये काफी कम कर देंगी। एनसीआरटीसी वर्ष 2025 तक पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर को जनता के लिए चालू करने का लक्ष्य है। इससे पहले, निर्धारित समय से पहले 2023 में साहिबाबाद और दुहाई के बीच 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड का परिचालन आरंभ हो जायेगा।

## सिख दंगा : टाइटलर की आवाज का नमूना लिया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली के पुल बंगश इलाके में वर्ष 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के मामले में मंगलवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की आवाज का नमूना लिया। पुल बंगश इलाके में दंगों के दौरान भीड़ ने कथित तौर पर तीन लोगों को मार डाला था।

जांच एजेंसी ने राजनेता मंजीत सिंह जीके को भी तलब किया है। मंजीत सिंह जीके ने कथित स्टिंग टेप जारी किए थे जिनमें टाइटलर बताए गए एक व्यक्ति ने सिखों की हत्या करने का दावा किया था। अब तक तीन क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने वाली एजेंसी ने मामले में नए सबूत मिलने के बाद यह कदम उठाया है। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी टाइटलर की आवाज के नमूने का और वीडियो में सुनाई देने वाली आवाज से मिलान कर सकती है।

# कमल मित्र की योजनाओं को लेकर हर घर दस्तक देगा हरियाणा का महिला मोर्चा

### गुरुग्राम गुरुकमल में महिला मोर्चा हरियाणा की बैठक में मिशन 2024 के लिए बनाई गई रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय में हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में शामिल महिला प्रतिनिधि।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा की महिला मोर्चा की बैठक मंगलवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में हुई। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की इस बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने की।

प्रदेश उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी संतोष यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया संयोजक सुमन दहिया की उपस्थिति में मिशन 2024, कमल मित्र की 15 योजनाओं पर रोडमैप तैयार किया गया। बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने बताया कि बैठक में महिला मोर्चा और संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा हरियाणा की प्रभारी संतोष यादव ने बताया कि इस बैठक में 2024 के चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए महिला मोर्चा की अहम भागी होगी। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल तक महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। केंद्र की कमल मित्र के हिसाब से 15 योजनाएं हैं, जिनके लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की जाएंगी। इन योजनाओं को मोर्चा की महिलाएं घर-घर तक ले जाने का काम करेंगी। संतोष यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ के निर्देशानुसार महिला मोर्चा केंद्र व राज्य की प्रत्येक जनहितैषी योजना को लेकर गंभीर है, इसलिए हर योजना का एक प्रभारी बनाया जाएगा। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कोविड जैसे संकट काल में पीएम मोदी के आह्वान पर हमारे कार्यकर्ता जनसेवा के कार्यों में जुटें। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाया जाए, इसके लिए महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी एक सहयोगी के रूप में काम कर रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया संयोजक सुमन दहिया ने कहा कि नए सदस्य बनाने का अभियान जोरों से चल रहा है, जिसका परिणाम 2024 के चुनाव में दिखाई देगा। केंद्र की मोदी और हरियाणा की मनोहर सरकार महिलाओं के सम्मान और उनको हक दिलाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को समान रूप हक दिया जा रहा है। देश और प्रदेश की आधा आबादी के अधिकार भाजपा शासनकाल में सुरक्षित है।

# एचईआरसी ने की सीजीआरएफ के चेयरमैन पद पर अनिल कुमार विज की नियुक्ति

**गुरुग्राम।** हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) ने बिजली उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण को ध्यान रखते हुए कंज्यूमर ग्रीवेंस रिड्रेसल फोरम (सीजीआरएफ) कॉरपोरेट के चेयरमैन के पद पर अनिल कुमार विज की नियुक्ति की है।

इंजिनियर अनिल कुमार विज ने कॉरपोरेट सीजीआरएफ के चेयरमैन के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद 63 केसों की सुनवाई की और 50 केसों का निपटारा किया। अब भी निरंतर उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण में कार्यरत हैं। अनिल कुमार विज ने 9 मार्च 1987 को सहायक अभियंता के रूप में ज्वाइन किया और 35 वर्ष के करियर के बाद जून 2022 को पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड के इंजीनियर-इन-चीफ के रूप में सेवानिवृत्त हुए। अपने 35 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने बिना किसी दोष के एक साफ रिकॉर्ड रखने की प्रतिष्ठा अर्जित की है। अनिल कुमार विज ने एनआईटी कुरुक्षेत्र से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और पंजाबी यूनिवर्सिटी से एमबीए भी किया है।

अपने करियर के दौरान अनिल कुमार विज ने कई तरह की भूमिकाओं और विभागों में काम किया। उन्होंने पंजाब में रूफटॉप सौर नीति को शुरू करने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, दिन के समय के टैरिफ की शुरुआत की। उद्योगों के लिए नाइट टैरिफ, सोलर प्लांट को प्रोत्साहन देने के लिए नेट मीटरिंग पॉलिसी, किसानों के लिए सब्सिडी संबंधी टैरिफ, कॉलोनियों के लिए सिंगल पॉइंट टैरिफ, नहर आधारित सोलर प्लांट, एनटीपीसी और एसईसीआई आदि के माध्यम से अन्य राज्यों से सौर और पवन ऊर्जा के आयात में भूमिका निभाई। वे बिजली क्षेत्र की सेवा करने और सार्वजनिक सेवा के लिए अपने अनुभव का उपयोग करने के इच्छुक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महात्मा फुले ने कुरीतियों के खिलाफ समाज को किया संगठित



महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर मंगलवार को सैनी सभा झाड़सा द्वारा यूनिटेक साइबर पार्क के पीछे सैनी भवन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस महानगर कार्यवाह संजीव सैनी के अलावा प्रमोद सैनी, विनोद सैनी रहे। सर्व समाज के लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। नवीन गोयल ने कहा कि महात्मा फुले जी महिलाओं व वंचितों के अधिकारों की आवाज बने और उन्होंने कुरीतियों के खिलाफ समाज को संगठित कर आंदोलन चलाया। नारी शिक्षा व समानता के लिए समर्पित उनका जीवन राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेगा। महात्मा ज्योतिबा फुले को 19वीं सदी का प्रमुख समाज सेवक माना जाता है। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरूतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया। छुआछूत, नारी-शिक्षा, विधवा विवाह और किसानो के हित के लिए ज्योतिबा ने उल्लेखनीय कार्य किए। नवीन गोयल ने कहा कि जातिगत भेद-भाव के कारण उन्हें विद्यालय छोड़ना पड़ा। उन्होंने विधवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए काफी काम किया। उन्होंने इसके साथ ही किसानों की हालत सुधारने और उनके कल्याण के लिए भी काफी प्रयास किये। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए ज्योतिबा ने 1848 में एक स्कूल खोला। यह इस काम के लिए देश में पहला विद्यालय था। कार्यक्रम में हरीश प्रधान, जय सिंह सैनी उपप्रधान, नरेंद्र दत्त सैनी जनरल सेक्रेटरी, सन्दीप सैनी कैशियर, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज से दिलबाग सिंह सैनी, कार्यकारिणी सदस्य महेश सैनी, डा. संदीप सैनी, पवन सैनी, अरुण सैनी, सोमदत्त, अर्जुन सैनी, ज्ञानेंद्र सैनी, ऊषा रानी सैनी, संध्या सैनी कार्यकर्ता सेवा भारती, रमेश सैनी, कृष्ण सैनी, हेमंत सैनी पार्षद समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मार्ग से गतिरोधक हटाएं जाने से हादसों का खतरा बढ़ा

**सोहना।** शहर के दमदमा मोड़ से इंडरी मोड़ के बीच करीब 800 मीटर की दूरी में गतिरोधक हटाएं जाने राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर वाहन बेलगाम दौड़ने लगे है। जिससे 800 मीटर की दूरी में बने चार चौक-चौराहों को आम नागरिक जान हथेली पर रखकर पार कर रहे है। वाहनों की तेज रफ्तार से कभी भी जान लेवा हादसा हो सकता है। शहर के बीच में से जा रहा राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। सौंदर्यीकरण के दौरान शहर के दमदमा मोड़ से लेकर नूंह जाने वाले मार्ग के इंडरी मोड़ तक चार मुख्य चौक व मोड़ पड़ते है। जहा से 24 घंटा पैदल चलने वाले नागरिकों से लेकर वाहनों की मार्ग पार करने का ताता लगा रहता है। राष्ट्रीय मार्ग के दमदमा मोड़ से लेकर चुंगी नंबर दो, शहर थाना चौक और इंडरी मोड़ पर लगे गतिरोधक को हटा दिया है। इन सभी चौक व मोड़ पर वाहन तेजी से निकलने लगे है। जिससे जान लेवा हादसों का खतरा बढ़ गया है। तेज गति से आने वाले वाहनों के डर से आम नागरिक पैदल जान हथेली पर रखकर पार करते है।

# जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराकर लौटे अमित हिंदू, प्रवीन हिंदुस्तानी का भव्य स्वागत



गुरुग्राम पहुंचे अमित हिंदू व प्रवीन हिंदुस्तानी का स्वागत करते नवीन गोयल व अन्य लोग।

### नवीन गोयल के नेतृत्व में वजीराबाद में किया गया स्वागत

**गुरुग्राम।** जिस जम्मू-कश्मीर में अमन चैन की सिर्फ बातें होती थी, हकीकत में खून-खराबा ही था। आज वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल कूटनीति और भारतीय सेना की वीरता से सब आजादी से जीवन जी रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण है गुरुग्राम के विश्व हिंदू परिषद के विस्तारक अमित हिंदू व जिला संयोजक प्रवीन हिंदुस्तानी द्वारा वहां जाकर निडरता से तिरंगा फहराना। पहले जहां धमकियों से सरकारें अपने रास्ते बदल लेती थी आज दूसरे राज्य के लोगों ने तिरंगा फहराकर देश के सामने वहां की अमन-शांति को प्रदर्शित किया है।

जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराकर लौटे अमित हिंदू व प्रवीन हिंदुस्तानी का गृह नगर पहुंचने पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, दीपचंद फौजी, अग्रसेन वैश्य समाज सभा सेक्टर-45 के प्रधान रतनलाल गुप्ता, उपप्रधान रोशन लाल गर्ग, संस्थापक सदस्य अशोक बंसल, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष चंद्र गोयल, नरेश कुमार गर्ग, सेक्टर-45 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजीव अग्रवाल (अग्रसेन वैश्य समाज सभा सेक्टर-45 कार्यकारिणी सदस्य), वजीराबाद से बीजेपी नेता दीपचंद फौजी, सतनारायण कादयान, रामकुमार, अमित, पूर्व पार्षद अशोक पहलवान, सेक्टर-52 से एमएल सिंगला, प्रमोद गुप्ता समेत अनेक लोगों ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। नवीन गोयल ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल प्रयासों का परिणाम है कि आज घाटी में अमन-चैन है। नवीन गोयल ने कहा कि वहां खून-खराबा बीते जमाने की बात हो गया है।

अपनी नीतियों के माध्यम से पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने जो बेहतर माहौल वहां पर पैदा किया है, वह जम्मू-कश्मीर के उन राजनीतिक आकाओं को परेशान कर रहा है जिन्होंने कश्मीर को सदा गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखा। नवीन गोयल ने कहा कि वहां के आम आदमी को सुरक्षित महसूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही करवाया है। सरेआम जहां की जनता को आतंकी मार देते थे, अब वहां दुश्मन की परिंदा भी पर नहीं मार सकता। क्योंकि उन्हें मालूम है कि अगर उन्होंने आगाज किया तो अंजाम बहुत बुरा होगा।

# महात्मा ज्योतिबा फुले ने बेटियों के लिए खोला था पहला कॉलेज

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### समाज से भेदभाव मिटाने व शिक्षा की मजबूती का श्रेय महात्मा ज्योतिबा फुले को

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि समाज में शिक्षा को मजबूत हथियार बनाकर महात्मा ज्योतिबा फुले ने बेहतर समाज के निर्माण की नींव रखी थी। विशेषकर महिला शिक्षा को उन्होंने तवज्जो देकर महिलाओं को समाज में मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ा किया। सबसे पहले उन्होंने अपनी पत्नी को ही शिक्षित किया। बाद में उन्होंने समाज की अन्य महिलाओं को शिक्षा से जोड़कर आगे बढ़ाने का काम किया। यह बात उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही।



ओमप्रकाश धनखड़।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और वंचितों, पीड़ितों व महिलाओं की आवाज बनने वाले महान समाज सुधारक, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उनका मूल उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोलने का श्रेय ज्योति बा को दिया जाता है। उन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए पहली पाठशाला पुणे में खोली। यह वह समय था जब समाज में बेटियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी, तब उन्होंने महिला-पुरूष भेदभाव मुक्त समाज की संरचना की। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फूले को खुद शिक्षा दी और सावित्रि बाई फूले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका बनीं। उन्होंने ब्राह्मण पुरोहित के बिना ही विवाह संस्कार आरंभ कराया और इसे मुंबई हाईकोर्ट से मान्यता भी मिली। समाज की कुरीतियों और फैली परम्पराओं का सच सामने लाने के लिए ज्योतिबा फुले ने गुलामगिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसान का कोड़ा, अछूतों की कैफियत आदि पुस्तकें भी लिखीं।

# अमेजन पे और भारत बिलपे के साथ पाइए कर्ज अदायगी के एक त्वरित और सुविधाजनक समाधान का अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

amazon pay

**ग्राहकों** के अनुभव और उनकी सुरक्षा को लगातार बेहतर बनाने के प्रयास के तहत भारत बिलपे के सहयोग से अमेजन पे अपनी लोन रिपेमेंट कैटेगरी को और भी बेहतर बना रहा है। बिल पेमेंट के मामले में बिजली और म्युनिसिपल टैक्स जैसे अन्य विकल्पों के बीच लोन रिपेमेंट टॉप कैटेगरी में शामिल हो गया है।

यह कैटेगरी उन ग्राहकों को लोन रिपेमेंट की सुविधा प्रदान करती है, जिन्होंने बैंकों, माइक्रोफाइनेंस संस्थानों और एनबीएफसी से कर्ज लिया है, और वे समय पर अपनी ईएमआई का भुगतान करने के लिए एक सुविधाजनक भुगतान विकल्प चाहते हैं। इतना ही नहीं, ग्राहक ईएमआई भुगतान के अलावा अपने कर्ज का प्रीपेमेंट भी कर सकते हैं। इस कैटेगरी में बजाज फाइनेंस लिमिटेड, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, होम क्रेडिट और आईआईएफएल फाइनेंस सहित 200 से अधिक ऋणदाता शामिल हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए ग्राहक अमेजन पे सेक्शन पर जाकर, लोन रिपेमेंट ऑप्शन पर क्लिक कर सकते हैं। इसके अलावा, वे 'Amazon.in' होम स्क्रीन पर उपलब्ध 'पे बिल्स' विकल्प पर क्लिक कर ईएमआई का भुगतान करने के लिए लोन रिपेमेंट विकल्प चुन सकते हैं। इस नई पेशकश पर बात करते हुए, अनुराधा अग्रवाल, डायरेक्टर यूजर ग्रोथ और सीएमओ, अमेजन पे इंडिया ने कहा, हमारा मिशन है कि हम ग्राहकों के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और रिवॉर्डिंग पेमेंट एक्सपीरिएंस प्रदान करते हुए उनके डिजिटल पेमेंट को आसान बनाएं। अपने कर्ज का भुगतान करते समय ग्राहकों को सबसे अधिक जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, उनमें सबसे अहम सुरक्षित डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म का न होना और पेमेंट विकल्पों के लचीलेपन की कमी है। लोन रिपेमेंट कैटेगरी उपलब्ध कराने के लिए भारत बिलपे के साथ हमारा सहयोग न केवल इस चुनौती को प्रभावी ढंग से हल करता है, वहीं ग्राहकों को भुगतान का एक आसान अनुभव प्रदान करता है। इसी वजह से यह अमेजन पर तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी बन गया है। हम आगे भी इस तरह के कस्टमर-फ्रेंडली सॉल्यूशन प्रदान करते रहेंगे और भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति को और भी मजबूती प्रदान करते रहेंगे।

इस साझेदारी पर, नूपुर चतुर्वेदी, सीईओ, एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) ने कहा कि हम एक आसान लोन ईएमआई रिपेमेंट सुविधा पेश करने के लिए अमेजन पे के साथ जुड़कर बेहद खुश हैं। इस सुविधा का फायदा उन ग्राहकों को मिलेगा, जो पारंपरिक लेंडर्स और नए जमाने के वित्तीय संस्थानों, दोनों से कर्ज लेते हैं।

# जरूरतमंद कैंसर मरीजों के लिए फंड रेजिंग इवेंट का होगा आयोजन

### इंडियन कैंसर सोसायटी, दिल्ली और ज्योत्सना शौरी डांस कम्पनी ने आयोजन के लिए मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**जरूरतमंद** कैंसर मरीजों के सहयोग के लिए इंडियन कैंसर सोसायटी की दिल्ली शाखा और ज्योत्सना शौरी डांस कम्पनी ने हाथ मिलाया है। इस गठजोड़ के तहत मरीजों के लिए फंड जुटाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 14 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित होने जा रहे इस शो का शीर्षक 'अनमास्क्ड: वेन रावणा वॉक द अर्थ' रखा गया है।

यह आयोजन भरतनाट्यम, समकालीन नृत्य, कॉमेडी, थिएटर और कल्पना का अनूठा मेल है। यह हमें रामायण के कुछ प्रतिष्ठित पात्रों के माध्यम से लंका के सफर पर ले जाएगा। इसमें नई और पुरानी दुनिया के लोग मिलते हैं और अच्छे-बुरे को लेकर कुछ नई अवधारणाएं सामने आती हैं और दो समानांतर विचारधाराओं का द्वंद्व दिखता है। इस शो को भरतनाट्यम नृत्यांगना, लेखक एवं निर्माता अनीशा ग्रोवर ने प्रोड्यूस किया है। इसे लिखने की जिम्मेदारी थिएटर, कॉमेडी एवं टेलीविजन से जुड़े कुछ प्रतिष्ठित लेखकों ने मिलकर निभाई है। इस आयोजन से मिलने वाला पूरा पैसा इंडियन कैंसर सोसायटी की दिल्ली शाखा को दिया जाएगा। इस शो का निर्देशन प्रतिष्ठित भरतनाट्यम नृत्यांगना एवं ज्योत्सना शौरी डांस कम्पनी की संस्थापक ज्योत्सना शौरी करेंगी। प्रख्यात बॉलीवुड म्यूजिक कंपोजर डेनियल बी जॉर्ज और प्रतिष्ठित कार्नेटिक वोकलिस्ट ओएस अरुण ने मिलकर इसके लिए संगीत तैयार किया है।

आयोजन के बारे में ज्योत्सना शौरी ने कहा, 'परफॉर्मर के रूप में हम हमेशा कुछ ऐसे नए विचार चाहते हैं, जिससे मूल प्रामाणिकता के साथ क्लासिकल आर्ट के लिए नए आयाम खुलें। हम अपनी परंपरा की विरासत को और समृद्ध करना चाहते हैं।

इंडियन कैंसर सोसायटी की दिल्ली शाखा की चेयरपर्सन ज्योत्सना गोविल ने कहा, 'इस कार्यक्रम के लिए ज्योत्सना शौरी डांस एकेडमी के साथ गठजोड़ की हमें खुशी है। हमारा लक्ष्य इन मरीजों को सहयोग प्रदान करना है और इसमें सहयोग के लिए ज्योत्सना शौरी डांस सोसायटी के हम आभारी है।' इस शो की कहानी एक जिज्ञासु छात्र पर केंद्रित है। जिसे उसके प्रोफेसर ने त्रेता युग में भेज दिया, जिससे वह रामायण के काल की लंका को देख और समझ सके।

# ETS ने TOEFL iBT परीक्षा अनुभव में वृद्धि की घोषणा की

### संक्षिप्त परीक्षा, भारत के लिए समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र विस्तारित भुगतान विकल्प हैं कुछ प्रमुख परिवर्तनों

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

TOEFL iBT

**परीक्षार्थियों** के लिए एक इष्टतम अनुभव बनाने के अपने निरंतर प्रयास के हिस्से के रूप में, ETS ने आज TOEFL iBT® परीक्षाओं में कई रोमांचक वृद्धियों की घोषणा की।

**अगले कुछ महीनों में, भारत में परीक्षार्थी उम्मीद कर सकते हैं :**

26 जुलाई, 2023 से अब होगा छोटा TOEFL iBT परीक्षण। परीक्षण को पूरा होने में अब दो घंटे से भी कम समय लगेगा। जो पहले तीन घंटे का था। परीक्षण के दौरान सुव्यवस्थित निर्देश और नेविगेशन।

एक नया, अधिक आधुनिक अकादमिक चर्चा के लिए लिखें कार्य, जो पिछले स्वतंत्र लेखन कार्य को प्रतिस्थापित करता है। सभी अनस्कोर किए गए परीक्षण प्रश्नों को हटाना। जुलाई 2023 से शुरू होंगी एक सरलीकृत पंजीकरण प्रक्रिया। परीक्षार्थी एक खाता बना सकते हैं और उपलब्ध TOEFL iBT परीक्षण तिथि के लिए पहले से कहीं अधिक तेज़ और आसान पंजीकरण कर सकते हैं। 26 जुलाई, 2023 से बढ़ेंगी स्कोर पारदर्शिता। परीक्षार्थी अपने स्कोर की स्थिति में बदलाव की रीयल-टाइम अधिसूचना प्राप्त करने के अलावा, परीक्षण पूरा होने पर अपनी आधिकारिक स्कोर रिलीज की तारीख देख पाएंगे।

अधिक स्थानीयकृत लाभ, जैसे अतिरिक्त स्थानीय भुगतान विकल्प, तुरंत प्रभावी जो आने वाले सप्ताहों में और विस्तारित होंगे। व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले वैश्विक क्रेडिट कार्ड के अलावा, परीक्षार्थियों के पास स्थानीय रूप से जारी किए गए क्रेडिट और डेबिट कार्ड, डिजिटल वॉलेट और नेट बैंकिंग जैसे सुविधाजनक स्थानीय भुगतान विकल्पों तक पहुंच होगी। पहली बार, परीक्षण मूल्य INR में उनके कार्ट में प्रस्तुत किए जाएंगे।

एक समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र, जो तुरंत प्रभावी होगा। यह केंद्र विशेष रूप से भारतीय परीक्षार्थियों के लिए है, जो दिन में 12 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध रहेगा।ईटीएस शिक्षा और सीखने में उत्पाद नवाचारों के माध्यम से मूल्यांकन के भविष्य को चला रहा है, और टीओईएफएल उस प्रयास का मूल है, ईटीएस के सीईओ अमित सेवक ने कहा TOEFL लगभग छह दशकों से एक उद्योग मानक रहा है, और ये संवर्धन इसकी स्थिति को और रेखांकित करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन संवर्द्धन को हमारे ग्राहकों और हितधारकों के लेंस के माध्यम से विकसित किया गया था - क्योंकि सेवा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इन परिवर्तनों पर बात करते हुए निशिधर रेड्डी बोर्रा, प्रेसिडेंट AAERI और प्रबंध निदेशक, एटलस एजुकेशन कंसल्टेंट्स प्रा. लिमिटेड ने कहा, हम टीओईएफएल आईबीटी परीक्षण में इन सुधारों का स्वागत करते हैं क्योंकि इससे विदेशों में अध्ययन करने वाले लाखों भारतीय उम्मीदवारों को बहुत लाभ होगा जो साल-दर-साल टीओईएफएल लेते हैं। एक समर्पित ग्राहक सहायता केंद्र और स्थानीय भुगतान विकल्पों की उपलब्धता के साथ, विदेश में अध्ययन सलाहकार परीक्षार्थियों का समर्थन करने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे।

# वर्कइंडिया के सहयोग से 250 से ज्यादा कॉरपोरेट में 32,000 से ज्यादा कर्मचारियों की हुई नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**भारत** में ब्लू-कॉलर कर्मियों के लिए अग्रणी जॉब पोर्टल वर्कइंडिया ने अब तक 250 से ज्यादा कॉरपोरेट्स के साथ उनके यहां नियुक्ति में सहयोग के लिए गठजोड़ किया है। कंपनी का अनूठा प्लटफॉर्म आसानी से प्रयोग हो सकने वाले एप की मदद से नौकरी की चाह रखने वालों को नियोक्ताओं से जोड़ते हुए नियुक्ति की प्रक्रिया को आसान बनाता है। इसकी मदद से 32,000 से ज्यादा कर्मचारियों को रोजगार पाने में सफलता मिली है।

वर्कइंडिया ने तेज विकास दर्ज किया है। कंपनी के कॉरपोरेट साइन-अप में 85 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और इस साल के अंत तक कंपनी ने 400 से ज्यादा कॉरपोरेट से गठजोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया है। हाल में जिस तरह से वर्कइंडिया के साथ कॉरपोरेट जुड़े हैं, वह एसएमबी और बड़े कॉरपोरेट दोनों ही प्रकार की कंपनियों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार देने में वर्कइंडिया की क्षमता का प्रमाण है। वर्कइंडिया के प्लेटफॉर्म पर कई फीचर हैं, जो नियुक्ति की प्रक्रिया को ज्यादा दक्ष एवं नियोक्ता के लिए किफायती बनाते हैं। इसमें व्यापक एप्लिकेंट ट्रैकिंग सिस्टम और नियोक्ता एवं कर्मचारी के बीच संवाद के लिए बेहतर कम्युनिकेशन चैनल की व्यवस्था भी है।

वर्कइंडिया के सह-संस्थापक कुणाल पाटिल ने कहा, 'कॉरपोरेट साइन-अप में इस तरह की वृद्धि का हमें गर्व है। हमारा उद्देश्य हमेशा से भारत में ब्लू-कॉलर कर्मियों को अर्थपूर्ण आजीविका के अवसर प्रदान करना रहा है और यह देखकर खुशी हो रही है कि हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। हम आगामी महीनों में और कॉरपोरेट साझेदारी होने एवं सही उम्मीदवारों एवं नियोक्ताओं को एक-दूसरे से मिलाने की उम्मीद कर रहे हैं।

' ब्लू-कॉलर कर्मियों के लिए भारत के पहले स्टैंडिंग जॉब पोर्टल के रूप में वर्कइंडिया 2015 में अपनी शुरुआत से ही नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच की दूरी को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी अपनी विस्तार योजना पर सही गति से बढ़ रही है और 2023 के अंत तक 400 से ज्यादा कॉरपोरेट के साथ साझेदारी का लक्ष्य है। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और भारत में अग्रणी जॉब पोर्टल के रूप में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी।

# 46 करोड़ रुपये का निवेश करके 3 नए प्लांट्स खोलेगी टेक्नो पेंट्स

### फाउंडर श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि कंपनी 46 करोड़ का निवेश करके तीन नए प्लांट्स खोलने वाली है

पायनियर समाचार सेवा। हैदराबाद




**पेंट्स** का निर्माण करने वाली सिटी बेस्ड टेक्नो पेंट्स, अपने तीन और प्लांट लगा रही है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और चित्तूर और मध्य प्रदेश के कटनी में स्थापित होने वाले ये प्लांट्स सीमेंट पुट्टी, टेक्सचर, प्राइमर और इमल्शन का निर्माण करेंगे। टेक्नो पेंट्स की मलिनकाना कंपनी, फॉर्च्यून ग्रुप के फाउंडर अकुरी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, पहले चरण में, प्रत्येक प्लांट की वार्षिक क्षमता 30,000 मीट्रिक टन होगी। इनके निर्माण में हम 46 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। हम ऋण के जरिए फंड जुटा रहे हैं। बैंक फंडिंग देने के लिए तैयार हैं। टेक्नो पेंट्स के वर्तमान में तेलंगाना में तीन और आंध्र प्रदेश में एक प्लांट है, जिसकी वार्षिक क्षमता 2.50 लाख मीट्रिक टन है।

**तेलंगाना में मिला एक बढ़ा प्रोजेक्ट** - टेक्नो पेंट्स को हाल ही में तेलंगाना सरकार से एक बड़ा प्रोजेक्ट भी मिला है। इसके तहत कंपनी ने माना ओरू-माना बाड़ी और माना बस्ती-माना बाड़ी प्रोजेक्ट के तहत 26,065 स्कूलों की पेंटिंग का काम अपने हाथ में लिया है। अब तक, इसने 2,200 से अधिक स्कूलों की पेंटिंग का काम पूरा कर लिया है।

2001 में स्थापित, टेक्नो पेंट्स ने अब तक 960 कॉर्पोरेट, सरकार और अन्य पेंटिंग प्रोजेक्ट्स को पूरा किया है। कंपनी के पास अभी 138 प्रोजेक्ट्स की ऑर्डर बुक है, जिसमें से वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 80 प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। 250 कर्मचारियों वाली कंपनी के लिए 4,000 से अधिक पेंटर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से काम करते हैं। टेक्नो पेंट्स ने वित्तीय वर्ष 23 में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

**राष्ट्रीय उपस्थिति पर नजर** - भारत के पेंटिंग क्षेत्र में प्रमुख कंपनी में से एक के रूप में उभरने के अपने उद्देश्य के तहत, टेक्नो पेंट्स पूरे भारत में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार करने जा रहा है। कॉर्पोरेट और सरकारी पेंटिंग प्रोजेक्ट्स पर काम करने का दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, कंपनी अब रिटेल पेंटिंग स्पेस में खुद के लिए एक जगह बनाने के लिए ठोस प्रयास कर रही है।

टेक्नो पेंट्स, कलर बैंक्स तकनीक की शुरुआत कर रही है। श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, 'इससे ग्राहक जिस भी रंग का पेंट चाहते है, हम तुरंत उसकी आपूर्ति कर सकेंगे। यह सुविधा अभी तक सिर्फ मल्टी नेशनल पेंट कंपनियों के पास ही उपलब्ध थी।' उनके मुताबिक टेक्नो पेंट्स ने पिछले वित्त वर्ष में सॉल्वेंट बेस्ड इनेमल पेंट्स का निर्माण शुरू किया है।

यह इटली स्थित रियल्टो कलर्स के सहयोग से विशेष टेक्सचर और फिनिश तैयार कर रहा है। अनुमान है कि भारत का पेंट्स और कोटिंग्स का बाजार इस साल 62,689 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2023-28 के दौरान इसमें 7 फीसदी सीएजीआर रहने की उम्मीद है।

# कोरोना : जांच रिपोर्ट भेजने में बरती जा रही लापरवाही




**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के बढ़ते आंकड़ों को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अलर्ट जारी कर रहा है, वहीं मॉकड्रिल भी किए जा रहे हैं। लेकिन जहां एक तरफ कोरोना बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ जिला स्वास्थ्य विभाग लापरवाही बरत रहा है।

आरटीपीसीआर जांच की रिपोर्ट का संदेश अब मरीजों को नहीं भेजा रहा है। जिससे लोग परेशान होकर स्वयं अपनी रिपोर्ट लेने आ रहे है। इस विषय में कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जबकि निजी प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट मरीजों को फोन पर मिल रही है। इसकी पुष्टि आईएमए के जिला प्रधान दिनेश गुप्ता ने की है।

**नहीं आ रही रिपोर्ट :** मरीजों की रिपोर्ट 24 घंटे के बाद भी नहीं आ रही है। करीब 48 घंटे के बाद सैम्पलों की रिपोर्ट आ रही है। ऐसे में मरीजों को चक्कर कटवाये जा रहे हैं। लोग अगले दिन मोबाइल पर रिपोर्ट या संदेश आने की बात से परेशान हो रहे हैं। क्योंकि कर्मचारी बता देते हैं कि रिपोर्ट संदेश के जरिये मिलेगी। लेकिन 24 घंटे के बाद भी संदेश नहीं आ रहा है। ऐसे में मरीज रिपोर्ट लेने अस्पताल आते है। जहां उन्हें पॉजिटिव या नेगेटिव का पता चलता है।

### एसएमएस न मिलने पर मरीज खुद प्रयोगशाला आ रहे हैं अपनी रिपोर्ट लेने

**निजी के आगे सरकारी फेल :** सरकार ने कोरोना रिपोर्ट स्वास्थ्य केंद्रों एवं मोबाइल के जरिये उपलब्ध कराने का प्रावधान किया था। संदिग्धों को रिपोर्ट लेने के लिए नागरिक अस्पताल आना पड़ रहा है। लेकिन वहीं निजी प्रयोगशालाओं और अस्पतालों की बात करें तो वे सैम्पल का संदेश और रिपोर्ट तुरंत ही पहुंच रहे हैं।

**ये है आंकड़ा :** कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। मंगलवार को 65 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। जिससे जिले में एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा 292 पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या का आंकड़ा चार से बढ़कर सात पर पहुंच गया है। होम आईसोलेशन वाले मरीजों की संख्या का आंकड़ा 285 है। वहीं, राहत की बात यह रही कि जिले में 39 पॉजिटिव मरीजों को जिला स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़ों में स्वास्थ्य घोषित कर दिया है। जिले में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 661 सैम्पल जांच किए गए हैं। आरटीपीसीआर सैम्पलों में सरकारी के 229 और निजी प्रयोगशालाओं के 57 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। वहीं जिले में रिकवरी रेट 99.24 प्रतिशत जिला स्वास्थ्य विभाग ने घोषित किया है। सैम्पल पॉजिटिवटी रेट 7.12 से बढ़कर मंगलवार को 9.83 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

# ट्रेवलिंग बैग में युवक का शव मिलने से शहर में फैली सनसनी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कंट्रोलरूम** में मिली सूचना के बाद पुलिस ने बाइपास रोड पर सेक्टर 30 के निकट ग्रीनबेल्ट में पड़े एक ट्रेवलिंग बैग से एक युवक का शव बरामद किया है। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारियों के साथ थाना पुलिस, अपराध शाखा और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

पुलिस का अनुमान है कि अज्ञात लोगों ने युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की है। जिसके बाद मृतक की पहचान छिपाने के लिए शव को यहां फेंक दिया गया है। फिलहाल मृतक का शव पहचान एवं पोस्टमॉर्टम के बीके अस्पताल में रखवा दिया गया है। थाना सेक्टर 31 पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या और शव को खुर्द-बुर्द करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



बैग में युवक का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस, छानबीन करती हुई।

पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह बाइपास रोड पर सेक्टर-30 के निकट ग्रीनबेल्ट पर एक ट्रेवलिंग बैग लावारिस हालत में पड़ा हुआ था। तभी वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति की नजर बैग पर पड़ गई। नए बैग को लावारिस हालत में पड़ा देखकर व्यक्ति को संदेह हो गया। उसने इस बारे में अन्य लोगों को बता दिया। थोड़ी ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। तभी किसी ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोलरूम को दे दी। सूचना पर थाना सेक्टर 31 पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर बैग को खुलवाया तो उसमें सड़ी गली हालत में एक युवक का शव पड़ा हुआ था। शव देखते ही पुलिस टीम ने आला अधिकारियों को सूचित कर दिया। थोड़ी ही देर में डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा, एसीपी क्राइम, एसीपी सराय ख्वाजा, अपराध शाखा डीएलएफ व सेक्टर 30 और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच कर मामले की गहनता के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने बताया कि युवक की उम्र करीब 30-35 वर्ष और कद पांच फुट 10 इंच है। मृतक के दाए हाथ पर रचना लिखा है। मृतक ने यूएस पोलो लिखी टी शर्ट पहनी हुई है। जिस पर तीन नम्बर लिया हुआ है। इसके भीतर पहनी हुई काले रंग की टीशर्ट पर अबे यह तेरी भाभी है, लिखा हुआ है। शव करीब डेढ़ से दो दिन पुराना है।

पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। लेकिन उसे कोई भी नहीं पहचान पाया। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने व्हटसेप संदेश शहर के सभी थाना, चौकियों के साथ अन्य शहरों की पुलिस को भी भेजा है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर वारदात को सुलझाने का प्रयास कर रही है।

# इंजीनियर की मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### करीब एक सप्ताह पूर्व दोस्तों के साथ शराब पीने के बाद हुई थी मौत

### पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद बिसरा जांच के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज भेजा था

**पिछले** दिनों सूर्या विहार इलाके के मकान में दोस्त के साथ शराब पीने के बाद एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद अब परिजनों के बयान पर दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मृतक के भाई विनय ने अपनी शिकायत में कहा है कि संजय कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय अजय मैकेनिकल इंजीनियर था और एक कंपनी में काम करता था। तीन अप्रैल को अजय का मनीष नामक दोस्त उसे बाइक पर बैठा कर सूर्या विहार स्थित एक मकान में ले गया था। रात करीब 11 बजे अजय ने अपनी मां को फोन कर बताया कि वह घर नहीं आ रहा है।

अगले दिन सुबह करीब 11 बजे उन्हें सूचना मिली कि अजय की तबीयत खराब है और उसे बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे तुरंत बीके अस्पताल पहुंचे तो उन्हें पता चला कि डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया है। जिसके बाद परिजनों ने दोस्तों पर संदेह जताते हुए हत्या का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि अजय की मनीष, विश्वामित्र, मधुवन और अन्य से पुरानी रंजिश थी। पुलिस शव पोस्टमॉर्टम के बाद बिसरा जांच के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज भेजा था।

थाना पल्ला पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अब अजय के दोस्त मनीष, विश्वामित्र, मधुवन और अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कृयाण महोत्सव में मधुसूदन को बीडब्ल्यू वेलबीइंग पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जीवा** आयुर्वेद के सीईओ मधुसूदन चौहान को उनके असाधारण नेतृत्व और समग्र कृयाण उद्योग के विकास में योगदान के लिए बिजनेस वर्ल्ड बीडब्ल्यू वेलबीइंग 40 यू 40 (40-40) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

चौहान के नेतृत्व के परिणाम स्वरूप व्यक्तिगत, समग्र आयुर्वेदिक उपचार सेवाओं को डेटा और तकनीक-संचालित वितरण विधियों का उपयोग करके लाखों रोगियों तक पहुंचाया जा रहा है। जीवा के अग्रणी टेलीमेडिसिन प्रयास 30 से अधिक देशों से प्रतिदिन 8,000 से अधिक रोगियों की सेवा करते हैं।

आयुर्वेदिक डॉक्टरों के लिए निदान और एल्गोरिथम निर्णय समर्थन प्रणाली के लिए जीवा का मशीन लर्निंग आधारित प्रोटोकॉल का



उपयोग इस बात का उदाहरण है कि कैसे आयुर्वेद तकनीक में नवीनतम प्रगति को एकीकृत कर रहा है ताकि दुनिया भर में आयुर्वेद को वितरित किया जा सके।

यह पुरस्कार असाधारण व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने 40 वर्ष की आयु से पहले अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और भविष्य की पीढ़ियों को उत्कृष्टता का पीछा करने के लिए प्रेरित किया है।

# न्यूक्लियर ओंकोलॉजी से इलाज की खुली राह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पिछले** कुछ वर्षों में सतत शोध के दम पर न्यूक्लियर ओंकोलॉजी के क्षेत्र में अहम प्रगति हुई है। न्यूक्लियर मेडिसिन में इस तरक्की से कई प्रकार के कैंसर के इलाज में सहायता मिली है। विशेष तौर पर थायरॉयड कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर के मामलों में न्यूक्लियर मेडिसिन से उम्मीद बढ़ी है।

राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट (आरजीसीआई) के डायरेक्टर न्यूक्लियर मेडिसिन डॉ. पीएस चौधरी ने यह बात कही। वह बतौर ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन दिल्ली में आयोजित सोसायटी ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन इंडिया-नॉर्दर्न चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस, 2023 को संबोधित कर रहे थे। न्यूक्लियर मेडिसिन इलाज की वह शाखा है, जिसमें कैंसर समेत विभिन्न बीमारियों की जांच एवं इलाज के लिए रेडियोफार्मास्युटिकल कहे जाने वाले रेडियोएक्टिव तत्वों का प्रयोग किया जाता है। सोसायटी ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन की वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन इस साल आरजीसीआई ने 'क्वांटम लीप्स इन न्यूक्लियर ओंकोलॉजी' की थीम पर किया। न्यूक्लियर मेडिसिन आरजीसीआई के सीनियर कंसल्टेंट और कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोज गुप्ता ने



कहा, 'इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य न्यूक्लियर ओंकोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से होते विकास और इससे सटीक इलाज की दिशा में मिलने वाली सहायता को लेकर उपलब्ध जानकारियां एवं विचार साझा करना है। इस कॉन्फ्रेंस में प्रतिष्ठित न्यूक्लियर मेडिसिन फिजिशियन, ओंको सर्जन, मेडिकल ओंकोलॉजिस्ट, रेडिलॉजिस्ट, टेक्नोलॉजिस्ट, मेडिकल फिजिसिस्ट और वैज्ञानिकों समेत उन सभी संबंधित पक्षों ने हिस्सा लिया, जिनकी भूमिका कैंसर के इलाज एवं उसी जुड़ी प्लानिंग में रहती है।'

कॉन्फ्रेंस में एम्स नई दिल्ली, एम्स ऋषिकेश, एम्स जोधपुर, पीजीआई चंडीगढ़, एसजीपीजीआई लखनऊ और कई अन्य अग्रणी निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ शामिल हुए। डॉ. गुप्ता ने आगे बताया कि न्यूक्लियर मेडिसिन थेरानोस्टिक्स की अवधारणा पर काम करती है। जिस टार्गेट की जांच होती है, उसी को निशाना बनाते हुए कैंसर का इलाज भी किया जाता है।

# 50 हजार की लूट की झूठी शिकायत का किया पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना भूपानी प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप सिंह की टीम ने झूठी शिकायत देने पर एक आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम संजय है जो गांव भूपानी का रहने वाला है। आरोपी ने 9 अप्रैल की शाम को पुलिस को सूचना दी कि उससे 50 हजार रुपए की लूट की वारदात की है। पुलिस थाना भूपानी व उनकी टीम मामले की जांच करते हुए झूठी शिकायत देने का खुलासा हुआ है।

आरोपी संजय ने पुलिस को झूठी शिकायत दी। दरअसल संजय नशा करने का आदी है। जो घर से 1500 रुपये सब्जी वगैरह लाने के लिए मार्केट आया था। आरोपी ने पैसे शराब के नशे में उठा दिए। घर में झगडे के डर से आरोपी ने पुलिस को 50 हजार रुपए की लूट की झूठी शिकायत दी थी। जिसकी जांच पुलिस टीम कर रही थी।

# प्राकृतिक संसाधनों से बीमारियों का बचाव संभव: डॉ. कमाल

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**संतुलित** खान-पान के साथ-साथ अगर ठीक से प्रातिक संसाधनों का उपयोग किया जाए तो मनुष्य न सिर्फ अपने आपको गंभीर बिमारियों से दूर ही रख पाएगा, बल्कि गंभीर बिमारियों से ग्रसित होने पर अपना जीवन बचा सकता है। गंभीर बिमारियों के उपचार में आज की तारीख में होम्योपैथी उपचार भी कारगर सिद्ध हो रहा है। गंभीर बिमारियों से ग्रसित लाखों मरीजों को बिमारी से छुटकारा दिलाने वाली डाक्टर लुबिना कमाल का ऐसा मानना है।

डा. कमाल ह्यूमन एस्टिटेंस फाउण्डेशन द्वारा केएल मेहता दयानंद महिला कालेज में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता सेमीनार में उपस्थित शहरवासियों को सम्बोधित कर रही थी। सेमीनार में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एसी चौधरी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। सेमीनार की अध्यक्षता दयानंद शिक्षण संस्थान के चेयरमैन डॉ. आनन्द मेहता ने की। डॉ. लुबिना कमाल के उपचार से डायलिसिस से छुटकारा पाने वाले महंत कैलाश नाथ हठयोगी भी विशेष रूप से सेमीनार में मौजूद थे। गंभीर बिमारियों व उसके उपचार पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए डॉ. लुबिना कमाल ने बताया कि



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथि व प्रमुख लोग।

प्रकृति में प्रत्येक रोग से बचाव का साधन छुपा हुआ है। सूर्य ही किरण हमें मुफ्त में मिलती है और अगर प्रत्येक व्यक्ति नियमित रूप से सूर्य का प्रकाश ग्रहण करता है तो शरीर में कई प्रकाश के विटमिन की पूर्ति स्वत: हो जाती है, जिससे गंभीर बिमारियों से बचाव संभव है। ठीक इसी प्रकार नियमित योग से भी अपने आपको स्वस्थ रख सकते है।

मनुष्य को अपने आहार में पांच दाले, पांच फल व पांच हरी सब्जियां अवश्य शामिल करनी चाहिए। फलों की जहां तक बात है तो जरूरी नहीं की महंगा सेब ही खाया जाए। अमरूद जैसा सस्ता फल भी हमारी पाचन क्रिया को दुरूस्त रखने के साथ-साथ विटमिन की भी पूर्ति करता है। उन्होंने खास कर अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को तनाव से दूर रखें और उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करें। बच्चों को जंक फूड से दूर रखें तथा प्रकृति द्वारा प्रदत्त वस्तुओं का सेवन कराए। साथ ही उन्होंने सलाह दी कि व्यक्ति को पेन किलर का उपयोग कम से कम करना चाहिए क्योंकि पेन किलर के नियमित उपयोग से किडनी डैमेज होती है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक एक ऐसी स्वस्थ पद्धति है लाईलाज बिमारियों का ईलाज भी संभव है। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए केएल मेहता दयानंद शिक्षण संस्थान के चेयरमैन डॉ. आनन्द मेहता ने कहा कि संस्था शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ स्वास्थय संबंधी कार्यक्रमों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

# एसआरएस रेजीडेंसी में चुनाव संपन्न

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला उद्योग केंद्र के सहायक निदेशक सचिन कुमार की पहल पर ग्रेटर फ़रीदाबाद की एसआरएस रेसीडेंसी सोसाइटी सेक्टर-88 का आरडब्लूए चुनाव कराया गया। सोसाइटी के लोगों की काफी समय से चुनाव को लेकर माग थी। केंद्र के सहायक निदेशक की पहल पर आरडब्लूए का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। इस कालेजियम चुनाव में विशेषता यह रही की। इस बार के चुनाव में महिलाओ की भागीदारी अच्छी देखने को मिली, सोसाइटी में पहली बार मतदान कर रही।

राखी ने बताया की एसआरएस रेसीडेंसी सोसाइटी सेक्टर 88 का आरडब्लूए चुनाव काफ़ी समय से लंबित था। सोसाइटी में रख रखाव की जरुरत को देखते हुए आरडब्लूए चुनाव करना जरुरी था। सोसाइटी में कॉलेजियम इलेक्शन करना बड़ा मुद्दा था जिसको निष्पक्ष तरीके से कराने की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार आफिस फरीदाबाद की थी। रजिस्ट्रार सचिन यादव ने एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर रमेश चंद्र, रिटर्निंग अफसर हंसराज पंचाल और आब्जर्वर हिमांशु को अपनी तरफ से नियुक्त करके पुलिस प्रशासन की निगरानी में कॉलेजियम चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके में सम्पन्न कराया।

# झगड़े में चाकू लगने से दंपति व उनका बेटा गंभीर



घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजन।

### कहा सुनी के बाद पड़ोसियों ने किया था परिवार पर हमला

**फरीदाबा।** ग्रेटर फरीदाबाद के गांव पलवली में सोमवार को एक परिवार के सदस्यों की किसी बात को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने परिवार पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। चाकू लगने से दंपति, उनका बेटा समेत पांच लोग घायल हो गए है। घायलों को अृमता अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां देर शाम इलाज के पैसों को लेकर परिजनों द्वारा अस्पताल पर हंगामा भी किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पलवली निवासी तुलेराम और विद्या देवी के परिवार के बीच सोमवार शाम किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। लेकिन ग्रामीणों ने दोनों को शांत करा दिया। विद्या देवी के परिवार ने इस कहासुनी को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया। विद्या देवी ने गौतमबुद्ध नगर के फरैदा गांव से अपने रिश्तेदारों को बुला लिया। साजिश के तहत विद्या देवी परिवार ने मंगलवार सुबह तुलेराम परिवार पर बेसवॉल के डंडे व चाकुओं से हमला कर दिया। बाइक के साइड स्टैंड से भी वार किया गया और ईंट फेंकी गई। आरोप है कि 38 साल के यादराम को चाकू मार दिया।

बीच बचाव कराने आए तुलेराम, यादराम की पत्नी प्रीति, तुलेराम की पत्नी ओमवती चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि संतराम भी लात-घूसों से घायल हो गए। इस झगड़े से गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। सभी घायलों को कार में बैठा कर अमृता अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना को लेकर गांव के लोग अस्पताल पहुंच गए। पीड़ित परिजनों का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इससे अस्पताल का बिल भुगतान करना मुश्किल हो रहा है। थाना प्रभारी सुभाष चंद का कहना है कि यादराम की हालत नाजुक है। घायलों के बयान होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना: मॉकड्रिल में आक्सीजन प्लांटों की जांच के बाद बैठक



**फरीदाबाद।** मॉकड्रिल में पहले दिन कोरोना की तैयारियों के बीच मरीजों को भर्ती करने से लेकर ऑक्सीजन प्लांटों का जायजा जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने लिया। वहीं, मंगलवार को डीसी और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस रिपोर्ट को अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक को पेश किया। अनिल मलिक ने सेक्टर-12 में अधिकारियों की बैठक ली। बता दें कि मॉकड्रिल का मुख्य मकसद संसाधनों की जांच करना था तो इस लिहाज से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सबसे पहले डमी मरीज की हालत जांची थी। वहीं ऑक्सीजन लेवल सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी जांच की गई। जिसमें पता चला कि जिले में आक्सीजन की क्षमता 24 ऑक्सीजन प्लांटों से दी जा सकती है। इनमें 10 प्लांट सरकारी अस्पताल में और 14 प्लांट निजी अस्पताल में मौजूद है। जहां 4490 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन सरकारी अस्पतालों में और 5218 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन निजी अस्पतालों में पाई गई। आक्सीजन कंसन्ट्रेटर 1049 कुल इनमें से 662 सरकारी अस्पताल व 387 निजी अस्पतालों में हैं। वहां भी पर्याप्त मिल रही थी। इस अवसर पर कोरोना के नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि 35 निजी अस्पतालों का डाटा सोमवार को बाकि 53 अस्पतालों का डाटा मंगलवार को मुख्यालय में आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपडेट किया गया।

### रोटरी क्लब ने दिया 35 लोगों को राशन




**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में मौजूद जिला क्षयरोग विभाग में रोटरी क्लब के सहयोग से 35 क्षयरोगियों को राशन वितरित किया गया। इस दौरान लोगों को बीमारी के लक्षण तथा इलाज के प्रति जागरूक किया गया। सिविल सर्जन डॉ विनय गुप्ता ने बताया कि टीवी रोगियों के इलाज से लेकर राशन सहित सभी जरूरी सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, लंबा बुखार, वजन का घटना और लगातार रात को पसीना आना बीमारी के शुरुआती लक्षण है। इस प्रकार की समस्या होने पर जांच कराना चाहिए। शहर में 18 सेंटरों पर बलगम की जांच फ्री में की जाती है इसकी दवाइयां भी फ्री में दी जाती हैं। मरीजों को सरकार द्वारा 500 हर महीने मिलते हैं तथा कम्युनिटी सपोर्ट के तहत लोगों को राशन भी दिया जाता है। इस दौरान डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर रिचा बत्रा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. गजराज, डॉ.महेंद्र गोयल, टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, कुलदीप साहनी, वीरेंद्र मेहता, वीरेंद्र चक्रवर्ती, प्रेम प्रकाश और सरबजीत चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पार्टी बनने पर आप जिला कार्यालय पर बांटे लड्डू




**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी को चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दे दिया है, जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को इसी क्रम में आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई। इस मौके पर आप नेता धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि लोकसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलना पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी ये किसी चमत्कार से कम नहीं। भड़ाना ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज देश के करोड़ों लोगों ने हमें यहां तक पहुंचाया है और लोगों को हमसे बहुत उम्मीद है, और हम ये उम्मीद कभी टूटने नही देंगे। उन्होनें कहा कि आज हर कोई आप पार्टी से प्रभावित है और पूरे देश में दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर विकास चाहता है। उन्होने भाजपा पर तंज कस्ते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल देश में भ्रष्टाचार महंगाई और भुखमरी को बढ़ाने का काम कर रही है और विकास के नाम पर लोगों को टूटी फूटी सड़कें और महंगाई की मार प्रदान कर रही है। एक तरफ हरियाणा में भाजपा सरकार लगातार भ्रष्टाचार फैला रही रही है। तो, वहीं हरियाणा से लगते पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार दिन-ब-दिन विकास के नए आयाम छू रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर पूरे देश में दिल्ली और पंजाब की दर पर विकास किए जाएंगे और देश को नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर हितेश पालटा, रणधीर भड़ाना, पप्पू सरपंच, श्यामवीर भड़ाना, राजा भैया, राम गौर, सुभाष बघेल, फैजल खान, विनोद कुमार, राम नारायण यादव के साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### टूरिज्म कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग



**फरीदाबाद।** मोटल सनबर्ड सूरजकुण्ड में हरियाणा टूरिज़्म कर्मचारी संघ सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ की गेट मीटिंग प्रधान रामजीत की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन दिगम्बर सिंह ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य के चेअरमैन मित्रपाल राणा, महासचिव सुभाष देसवाल और वरिष्ठ उप प्रधान व फ़रीदाबाद ज़िला सचिव युद्धवीर सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन की समस्या अभी तक खत्म नहीं हुई है। अभी भी कई कॉम्पलेक्शों में दो से तीन महीने का वेतन नहीं मिला है। चार साल में मिलने वाली एलटीसी का समय दिसंबर 2023 तक है मगर अभी तक नहीं मिली है जिसके वजह से कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रेस सचिव टीकाराम शर्मा, उप प्रधान दिगम्बर सिंह, सचिव विरेंदर शर्मा व संघठन सचिव लच्छीराम ने बताया की निगम से हर महीने कर्मचारी सेवा निवृत हो रहे हैं। इसलिए निगम में कर्मचारियों की भारी कमी को पूरा करने के लिए नई भर्तियाँ की जाए। सूरजकुण्ड मेले में दिन रात काम करने के बाबजूद मिलने वाला उपहार अभी तक नही मिला है वो जल्दी दिया जाए।

### भगत धन्ना जाट की जयंती मनाएगी सरकार : बराला



**फरीदाबाद।** स्थानीय सेक्टर- 16 किसान भवन में मंगलवार को जाट समाज के प्रमुख लोगों की बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान हरियाणा सरकार में चेयरमैन सुभाष बराला ने शिरकत की। वहां सुभाष बराला ने आगामी 23 अप्रैल को कैथल में भगत धन्ना जाट की जयंती का निमंत्रण सभी को दिया। सुभाष बराला ने कहा कि भगत धन्ना जाट भगवान कृष्ण के भक्त थे। उन्होंने समाज के क्षेत्र में अनेक काम किए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भगत धन्ना जाट की जयंती 23 अप्रैल को कैथल में मना रही है। हरियाणा सरकार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में भगत धन्ना जाट की जयंती मनाकर समाज में सामाजिक समरसता का संदेश देगी, इसलिए आज वह सभी से निवेदन करने आए हैं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में वहां पर पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी भगत धन्ना जाट को लेकर अपने विचार रखे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 12 अप्रैल, 2023



## अच्छा प्रयास

### ब्रिटेन पर दबाव

**भारतीय** विदेश मंत्रालय की प्रशंसा की जानी चाहिए कि वह ब्रिटेन पर खालिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दबाव डाल रहा है। भारत ने 'आधारहीन' बता कर उन खबरों का खंडन किया है कि ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते-एफटीए पर चल रही वार्ताओं पर लगाम लगाई जा रही है। लंदन से प्रकाशित 'टाइम्स' ने कहा था कि भारत ने ब्रिटेन के साथ व्यापार वार्तायें रोक दी हैं। हालांकि, नई दिल्ली संभवतः लंदन से नाराज थी क्योंकि उसने सिख अतिवादियों की निन्दा करने में हिचक दिखाई थी जिनमें से कुछ ने पिछले महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर धावा बोला था। खबर में कहा गया था कि भारत उस समय तक ब्रिटेन के साथ एफटीए वार्ता बहाल नहीं करेगा जब तक वह उच्चायोग पर हमला करने वाले सिख अतिवादी समूह की निन्दा नहीं करता है। पिछले कुछ सप्ताह में भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों पर दबाव था और इसका कारण केवल खालिस्तानियों की गुंडागर्दी नहीं था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बनी बीबीसी की डाक्यूमेंट्री उनके प्रति अत्यधिक आलोचनात्मक थी जिसका न केवल भारत सरकार, बल्कि बड़ी संख्या में भारतीय जनता ने घोर विरोध किया था। भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी नेता और अब भगोड़े अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने धावा बोला था। टाइम्स की खबर के अनुसार ब्रिटेन का गृह मंत्रालय आगामी सप्ताहों में एक घोषणा करने वाला है कि सिख अतिवादियों तथा खालिस्तान आंदोलन समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ताकि व्यापार वार्तायें फिर से पटरी पर आ सकें। ब्रिटिश मीडिया ने पहले भी खबर दी थी कि भारत सरकार ने स्वयं को एफटीए वार्ताओं से 'अलग' कर लिया है। यदि वास्तव में ऐसा अलगाव था तो विदेश मंत्रालय की प्रशंसा की जानी चाहिए कि उसने लंदन को खालिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई को मजबूर किया।




मुद्दे का इसी प्रकार स्पष्टवादी ढंग से समाधान निकाला भी जाना चाहिए था। पहले खबरें थीं कि नई दिल्ली में स्थानीय अधिकारी ब्रिटिश उच्चायुक्त आवास के निकट एक सार्वजनिक शौचालय बनवाने वाले हैं। ब्रिटिश सरकार ने इसका सुरक्षा आधार पर विरोध किया था। इस निर्णय को ब्रिटिश सरकार द्वारा लंदन में उच्चायोग को सुरक्षा देने में विफलता के कारण गुस्से के रूप में देखा जा रहा था। गुस्से की एक और अभिव्यक्ति ब्रिटिश उच्चायुक्त आवास और कार्यालय के निकट लगे पुलिस बैरिकैड हटाना था। हालांकि, भारत का गुस्सा उचित है, पर कुछ आलोचकों की नजर में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की ऐसी प्रतिक्रिया को उचित नहीं कहा जा सकता है। लेकिन भारत-ब्रिटेन एफटीए पर वार्ता धीमी कर देना उचित है और इसके अच्छे नतीजे निकले हैं। एफटीए वार्ता 17 जून, 2022 को शुरू हुई थी और उम्मीद की गई थी कि यह अक्टूबर में दीपावली तक पूरी हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका मुख्य कारण ब्रिटेन में व्याप्त राजनीतिक उथलपुथल थी जिसके चलते प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन और उनकी उत्तराधिकारी लिज़ ट्रस को इस्तीफे देने पड़े थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक के बीच बाली में जी20 शिखर सम्मेलन में मुलाकात के बाद एफटीए वार्ता फिर शुरू हुई थी। ब्रिटेन अपने आर्थिक हितों को देखते हुए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता चाहता है। भारतीय विदेश मंत्रालय इस अवसर का भारत के पक्ष में लाभ के लिए प्रयोग करना चाहता है। हमारे नीति निर्माता तथा निर्णय करने वाले लोग ब्रिटेन व भारत के बीच चले इस प्रकरण से सबक सीख सकते हैं। निश्चित रूप से आज भारत अपनी आर्थिक शक्ति का लाभ उठा कर पश्चिमी देशों की राजधानियों को प्रभावित कर सकता है।

# मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास

**मुद्रास्फीति पर नियंत्रण में मौद्रिक नीति उपकरणों, जैसे रेपो दर में वृद्धि पर अधिक निर्भरता से ज्यादा लाभ नहीं होता है। सप्लाई प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान देना जरूरी है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

पिछले 11 महीनों में रेपो दर में बार-बार 2.5 प्रतिशत की वृद्धि के बाद भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की छः सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी ने 6 अप्रैल को सर्वसम्मति से इसे 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय किया। हालांकि, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आवश्यकता होने पर रेपो दर-आरआर में फिर वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि दरें स्थगित रखने का यह निर्णय 'केवल इस बैठक के लिए है।' 2016 में सरकार ने मौद्रिक नीति तथा प्रमुख ब्याज दरें तय करने के लिए एक ढांचागत संरचना बनाई थी जिसे एमपीसी कहा जाता है। कहा गया था कि आरबीआई ब्याज दरें व खासकर आरआर इस प्रकार तय करेगा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखा जा सके। मुद्रास्फीति का निर्धारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई के आधार पर होता है और इसे पांच साल तक 4 प्रतिशत अथवा उससे 2 प्रतिशत कम या अधिक पर लक्षित करना था। हालांकि, यह समय 31 मार्च, 2021 को समाप्त हो गया था, पर बाद में इसका विस्तार 31 मार्च, 2026 तक कर दिया गया। मुद्रास्फीति के लक्ष्य को लगातार तीन तिमाहियों तक पूरा करने में विफल रहने पर केन्द्रीय बैंक को सरकार को एक रिपोर्ट पेश करनी थी। इस रिपोर्ट में बताना था कि मूल्यवृद्धि के क्या कारण हैं और उस पर नियंत्रण के लिए क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए। पहली बार यह स्थिति 2022 में सामने आई थी जब सीपीआई जनवरी, 2022 के बाद लगातार तीन तिमाही तक लक्षित 6 प्रतिशत से अधिक रही थी।

सितंबर, 2022 के बाद एमपीसी ने इस विषय पर गंभीर विचार-विमर्श किया, लेकिन उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। इस बीच उसने अक्टूबर व दिसंबर 2022 तथा फरवरी 2023 में लगातार वृद्धि की जिससे जून व अगस्त, 2022 में पहले से ही 1.4 प्रतिशत पर बने दर में 1.1 प्रतिशत वृद्धि की गई। हालांकि, वर्तमान नीति समीक्षा में उसने फिलहाल विराम लगाया है, पर उसका कट्टरपंथी उन्मुखीकरण बना हुआ है। यह एमपीसी द्वारा साथ ही लिए निर्णय से स्पष्ट है कि नीतिगत दृष्टिकोण 'समावेशन की वापसी' पर केन्द्रित है। यह शब्दावली शक्तिकांत दास ने जून, 2019 में बनाई थी, जब उन्होंने आरआर की कटौती तथा कर्ज उपलब्धता बढ़ाने के लिए 'समावेशन' की बात कही थी। समावेशन की वापसी इसकी विपरीत प्रतिक्रिया है जिसका अर्थ है कि आरबीआई आरआर में और वृद्धि करेगा जिससे बैंकों के पास कम नकदी बचेगी। लेकिन सवाल है कि क्या आरबीआई द्वारा उठाए कदमों से मुद्रास्फीति पर विराम लगाने में सहायता मिली है?



इसका जवाब शक्तिकांत दास के फरवरी, 2023 में दिए बयान में तलाशा जा सकता है। उन्होंने कहा था, 'जब हमने फरवरी, 2019 में ब्याज दरों में कटौती कर वृद्धि को सहायता देने का निर्णय किया था तब सीपीआई मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत तथा रेपो दर 6.50 प्रतिशत थी। अब नीतिगत दर 6.50 प्रतिशत है, पर मुद्रास्फीति 6.4 प्रतिशत है।' दास ने दिसंबर, 2018 में जब जिम्मेदारी संभाली उस समय वृद्धि के समक्ष एक बड़ी बाधा थी। आरआर के 6.5 प्रतिशत के शिखर पर पहुंचने के बाद भी 2018-19 की तीसरी तिमाही के बाद से जीडीपी वृद्धि दर गिर रही थी। फरवरी, 2019 में उन्होंने आरआर में भारी कटौती से शुरुआत की जिसे मई, 2020 में 4 प्रतिशत कर दिया गया। लेकिन इन कटौतियों के बावजूद वृद्धि बहाल नहीं हुई। 2019-20 में यह गिर कर सबसे कम 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। 2020-21 में यह कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण गिर कर ऋणात्मक 6.6 प्रतिशत हो गई। जब महामारी का प्रभाव कम हुआ तो 2021-22 में जीडीपी वृद्धि फिर 8.9 प्रतिशत पर आ गई। कम ब्याज दर ने इस वृद्धि में सहायता की। इस बीच जनवरी, 2022 के बाद मुद्रास्फीति की बढ़त ने आरबीआई को मुद्रास्फीति प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान देना पड़ा जो पूरे 2022-23 में जारी रहा। हालांकि, 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत पर पहुंच गई, लेकिन मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही। यह इस तथ्य के बावजूद था कि आरबीआई ने आरआर को 6.5 प्रतिशत कर दिया था। गवर्नर ने अपने इस कथन से स्थिति स्वीकार की कि 'अब नीतिगत दर 6.5 प्रतिशत है, पर मुद्रास्फीति 6.4 प्रतिशत पर बनी हुई है।'

इससे स्पष्ट है कि बयाज दरें बढ़ाने से सहायता नहीं मिली है। यह कहना उचित नहीं है कि यदि आरआर में वृद्धि न होती तो मुद्रास्फीति और अधिक होती। केन्द्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपना मुद्रास्फीति पूर्वानुमान 5.3 प्रतिशत से घटा कर 5.2 प्रतिशत कर दिया था। यह 6 प्रतिशत की सहनशीलता सीमा से कम था, इसलिए ब्याज दरों में और वृद्धि की जरूरत नहीं थी। यदि मुद्रास्फीति ऊंची बनी रहती तो वह फिर बदलाव करने में नहीं हिचकता। लेकिन संभवतः आरबीआई उचित निर्णय नहीं ले रहा है। मुद्रास्फीति का कारण मांग व सप्लाई पक्ष, दोनों हैं। लेकिन आरबीआई केवल मांग प्रबंधन में ही लगा रहता है, हालांकि 2022-23 में मुद्रास्फीति मुख्यतः सप्लाई के कारण थी। इसका कारण भू-राजनीतिक तनाव तथा मुख्यतः यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में आने वाली बाधा थी। इसके परिणामस्वरूप वस्तुओं व मुख्यतः खाद्य वस्तुओं, ईंधन व उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई थी। भारत अपनी आवश्यकता का 85 प्रतिशत कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस-एनजी का लगभग 55 प्रतिशत आयात करता है। ये दोनों अनेक उत्पादों के निर्माण के मूल तत्व हैं जिनमें पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी, एटीएफ, आदि शामिल हैं। युद्ध क्षेत्र से सप्लाई में आने वाली बड़ी बाधा के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि हुई जिसका असर उनके आयात पर पड़ा।

हालिया महीनों में उनकी कीमतों में कमी आई है, उदाहरणार्थ, पिछले महीने कच्चे तेल का मूल्य घट कर लगभग 70 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गया। लेकिन यह राहत अस्थाई हो सकती है। वैश्विक सप्लाई-मांग में थोड़े परिवर्तन से स्थिति उलट सकती है। हाल ही में पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन-ओपेक ने 'अचानक' उत्पादन में 1.16 मिलियन बैरल प्रति दिन कटौती का निर्णय लिया जिससे कच्चे तेल के दाम बढ़ कर 80 डालर प्रति बैरल पहुंच गए। गोल्डमैन सैच के अनुसार, इससे दिसंबर, 2023 तक तेल के दाम बढ़ कर 95 डालर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। मुद्रास्फीति का दूसरा बड़ा स्रोत खाद्य पदार्थ हैं। उसके मूल्यों में वृद्धि का कारण भी सप्लाई में बाधायें हैं जो प्रमुखतः मौसमी कारणों से है। उदाहरणार्थ, असामान्य रूप से उच्च तापमान के कारण 2021-22 के रबी में गेंहू की फसल प्रभावित हुई। वर्तमान 2022-23 में भी कुछ क्षेत्रों में गेंहू के उत्पादन पर आंधी-तूफान व ओलावृष्टि का प्रभाव पड़ा है। फरवरी, 2023 में अनाजों व उनसे निर्मित उत्पादों के दाम असाधारण रूप से 16.7 प्रतिशत बढ़े। इसी प्रकार 'दुग्ध व दुग्ध उत्पादों' की मुद्रास्फीति 9.6 प्रतिशत थी। इसका कारण भी मुख्यतः सप्लाई में बाधा थी। ऐसे परिदृश्य में भी मौद्रिक नीति उपकरणों, जैसे आरआर बढ़ाने पर बहुत अधिक निर्भरता से तरलता तेजी से घटती है और केवल मांग पक्ष पर काम करने के कारण इन उपायों से ज्यादा सहायता नहीं मिलती है। आरबीआई को ऐसी स्थिति से बचना चाहिए था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

इस रास्ते पर लगातार चलते रहने से आर्थिक वृद्धि को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इसका कारण यह है कि ब्याज दरों में लगातार वृद्धि से लाखों कर्ज लेने वालों के ईएमआई में वृद्धि होगी तथा उद्योगों व खासकर एमएसएमई को कर्ज का ब्याज अदा करने पर अधिक खर्च करना पड़ेगा। आरबीआई को यह रास्ता छोड़ देना चाहिए। केवल आरआर में ठहराव की वर्तमान नीति बहुत दूर तक नहीं जाती है। आरबीआई को कुछ कटौतियों का रास्ता तैयार करना चाहिए तथा आर्थिक वृद्धि के लिए समुचित मौद्रिक तरलता सुनिश्चित करनी चाहिए। सप्लाई प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान देना जरूरी है। सरकार को ऐसी रणनीति बनाने में तेजी लानी चाहिए जिससे वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में बाधा आने के जोखिम से भारत को बचाया जा सके।

उसे तेल, गैस व उर्वरक का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के साथ ही सप्लाई स्रोतों में विविधता लाने, आयात करों में कमी करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर पेट्रोल व डीजल पर सीईडी घटाने, आदि के निर्णय करने चाहिए।

# महिला उद्यमियों के लिए डिजिटल स्पेस

"डिजिटल प्लेटफॉर्म ने उन महिलाओं के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं जो अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं।"



**अर्चना किशोर**
(लेखिका स्तम्भकार हैं)

23 वर्षीय शिफ़ा फ़ेज़ छोटे शहर छपरा की एक उद्यमी हैं, जो बिहार के सारण जिले का मुख्यालय भी है। देश के इस हिस्से में जन्मी और पली-बढ़ी शिफा ने 2018 में सोशल मीडिया पर दस्तकारी उपहारों का प्रचार और बिक्री करके अपना व्यवसाय शुरू किया। वह केवल अठारह वर्ष की थी जब उसने अपने ऑनलाइन उपहार देने के व्यवसाय के लिए ऑर्डर लेना शुरू किया और तब से अपने दम पर अपने व्यवसाय को काफी हद तक बढ़ा लिया है।

डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने उन लोगों के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं जो अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं और विशेष रूप से महिलाओं के लिए क्योंकि उन्हें अक्सर या तो व्यवसाय के लिए बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती है या संसाधनों तक उनकी पहुंच नहीं होती है। डिजिटल साक्षरता महिलाओं और युवा लड़कियों को वह स्वतंत्रता प्रदान कर रही है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'डिजिटल : लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी' सही मायने में महिलाओं और लड़कियों को प्रौद्योगिकी से जोड़ने के महत्व पर जोर देती है।

'मैंने बचपन से उपहारों को बनाने का आनंद लिया है। बिना किसी पेशेवर प्रशिक्षण के, मैं शुरुआती, स्व-शिक्षण दिनों के दौरान इतना अच्छा नहीं था क्योंकि मैंने हस्तनिर्मित कार्ड और उपहार आइटम बनाने की कोशिश की थी। मैं उन्हें इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट करता था। अभ्यास, मुझे इसकी आदत पड़ने लगी और मैं बेहतर होता गया। यह 2018 में था, मैंने आखिरकार अपनी पसंद को एक ऑनलाइन व्यवसाय में बदलने का साहस महसूस किया, और उसी साल फरवरी में, मैंने शिफू नाम से इंस्टाग्राम पर अपना खाता बनाया क्रिएशंस,' एक डिजिटल उद्यमी के रूप में अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए शिफा ने समझाया। स्टार्ट-अप को निवेश की आवश्यकता होती है, लेकिन शिफू ने अपनी पॉकेट मनी से केवल एक सौ रुपये का निवेश किया था।

'मैं फरवरी से काम कर रही थी और बहुत खुशी महसूस हुई जब एक ग्रीटिंग कार्ड बनाने का ऑर्डर आया, वह भी एक दोस्त से, जो आखिरकार जून में आया। कार्ड बनाने के बाद, मैं इसे खुद डिलीवर करने गई थी' शिफा ने कहा, जो एक सौ रुपये का पहला भुगतान पाकर बेहद खुश हैं। वर्तमान में, उसे प्रति माह 20 से 25 ऑर्डर मिलते हैं। जबकि शिफ़ा घर पर हस्तनिर्मित स्मृति चिन्ह बनाती है, जिन्हें अनुकूलन की आवश्यकता होती है, उन्हें पास की निर्माण इकाई में भेजा जाता है, जिसे कूरियर सेवा द्वारा उठाया जाता है और सीधे ग्राहकों को भेजा जाता है। यदि ग्राहक छपरा से है, तो उसे तत्काल ऑर्डर के लिए लगभग 3 से 4 दिन लगते हैं और यदि ऑर्डर उसके शहर के बाहर से है तो न्यूनतम 15 दिन लगते हैं। बातचीत के दौरान शिफा ने कहा, 'मेरा सपना है कि मैं खुद की एक फैक्ट्री लगाऊं। मैं 'शिफू क्रिएशंस' को एक ब्रांड में बदलना चाहती हूं।' शिफा की प्रतिभा और हस्तनिर्मित कृतियों की सराहना करते हुए, उनकी एक ग्राहक कोमल मयूर ने कहा, 'यह एक भरोसेमंद साइट है, और उत्पादों की डिलीवरी भी समय पर होती है। मुझे पहली बार ऑर्डर देने में संदेह था, लेकिन सब कुछ सही निकला। मैंने उसे कभी कुछ विशिष्ट बनाने के लिए नहीं कहा। मैंने सिर्फ वह फोटो भेजी जिससे उसने एक अद्भुत उपहार बनाया और समय के भीतर इसे अच्छी तरह से वितरित कर दिया। मुझे शिफू की सभी रचनाएं पसंद हैं।'

. छपरा से व्यवसाय में अपना करियर स्थापित करने के लिए डिजिटल स्पेस का उपयोग करने के लिए आगे आने वाली महिलाओं का एक और उदाहरण 43 वर्षीया अंकिता प्रभाकर और 38 वर्षीय निधि प्रभाकर की बहन की जोड़ी है। वे कपड़ों का ऑनलाइन व्यवसाय चलाती हैं। प्रारंभ में, उनके ग्राहक परिवार के सदस्य, पड़ोसी और मित्र थे। उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी की सेवा की, जो आज लगभग 3800 क्लाइंट्स के साथ डील करता है।

दोनों एक ऐसे परिवार से आते हैं जो शहर में अपनी कपड़ों की दुकान चलाता है और छपरा के आसपास के सभी गांवों में कपड़े की आपूर्ति करता है। सहज रूप से, वे उसी क्षेत्र में कुछ करना चाहते थे लेकिन उन्हें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। 'हमारे परिवार ने हमें सबसे अच्छी शिक्षा प्रदान करने में कभी भी हमारा समर्थन नहीं किया। महिलाओं के व्यवसाय करने का विचार स्पष्ट रूप से उचित नहीं समझा गया। उन्होंने हमें सख्ती से काम न करने का निर्देश दिया। कुछ वर्षों में, मेरी शादी हुई और मेरे बच्चे हुए। लेकिन आखिरकार, मैंने सोचना शुरू कर दिया मेरे व्यवसाय की योजना के बारे में और मेरी बहन के साथ मेरी यात्रा शुरू हुई', अंकिता ने बताया।

निधि के मुताबिक, डिजिटल मार्केट ने उनके बिजनेस को सपोर्ट किया है। हालांकि, वह ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सही ज्ञान रखने के महत्व में विश्वास करती हैं। 'वर्तमान में हमारे पास 52 पुनर्विक्रेता हैं जिनके पास स्थानीय दुकानें और बुटीक भी हैं। यह ज्यादातर महिलाओं के लिए मददगार है क्योंकि वे अपने लिए कुछ पैसे कमा सकती हैं, निधि ने कहा। हालांकि अंकिता और निधि दोनों का ऑनलाइन कारोबार करने का अनुभव चुनौतियों से मुक्त नहीं है। कई बार किसी पार्सल में विभिन्न कारणों से देरी होने पर ग्राहक नाराज हो जाते हैं। उन्हें वापसी नीतियों के संबंध में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इससे उनका कारोबार प्रभावित हुआ। अंकिता ने कहा, 'इस परेशानी से बचने के लिए हमने अपने ग्राहकों के लिए पैकेज प्राप्त करने पर एक वीडियो बनाना अनिवार्य कर दिया है।'

फिर भी, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मदद से ऑनलाइन कारोबार बढ़ा है और इसमें इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। प्रौद्योगिकी ने वास्तव में व्यवसाय की प्रकृति और सीमा को काफी हद तक बदल दिया है, जिससे यह छोटे शहरों की महिलाओं और लड़कियों के लिए संभव हो गया है। उम्मीद है, अधिक महिलाएं को लाभान्वित करने में सक्षम होंगी।

## आप की बात

### कांग्रेस में बगावत

**सचिन पायलट** फिर बगावती तेवर में आ चुके हैं। रविवार को अपनी पार्टी की ही सरकार के खिलाफ शहीद स्मारक पर अनशन पर बैठने का फैसला इसका संकेत है। सवाल है कि अपनी इस हरकत से वे किसकी कब्र खोद रहे हैं, अपनी या कांग्रेस की? वैसे भी राजनीति सत्ता सुख भोगने एवं पैसा एवं शक्ति अर्जित करके राजशाही वाला जीवन जीने का जरिया बन गया है। पहले कभी ये सेवा भाव का माध्यम हुआ करता था। मगर अब ऐसा नहीं है। सचिन पायलट जी को भी चाहिए कि वो चाहें तो बीजेपी या अन्य किसी भी पार्टी में जा सकते हैं। उनके घर से ही कई लोग टूट कर दूसरे घरों का चिराग रोशन कर रहे हैं। अभी दो दिन पूर्व ही एके अंटोनी के पुत्र अनिल अंटोनी भगवा झंडा थाम चुके हैं। इसके पहले हेमंत बिस्वा सरमा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गुलाम नबी आज़ाद, कपिल सिब्बल व कप्तान अमरिंदर सिंह आदि ने अपने जीवन की सांध्यबेला में कांग्रेस को छोड़ चुके हैं। सुनील जाखड़, आरपीएन सिंह व जितिन प्रसाद आदि कांग्रेस को अलविदा कर चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी की धुरी गांधी-नेहरू परिवार को सोचना चाहिए कि आखिर कांग्रेस से बगावत का यह सिलसिला थमने का नाम क्यों नहीं ले रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### दुग्ध उत्पादक भारत

**आज** भारत दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है जो वैश्विक दूध उत्पादन में 23 प्रतिशत का योगदान देता है । स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक भारत का दुग्ध उद्योग जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहा था। 1964 में स्वर्गीय प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की गुजरात और आंद जिले की यात्रा के बाद 1965 में देश भर में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड-एनडीडीबी बनाया गया था। श्वेत क्रांति के जनक के रूप में प्रसिद्ध डॉ वर्गीज कुरियन एनडीडीबी के पहले अध्यक्ष थे। उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप जहां आज दुग्ध उत्पादन पूरे विश्व में दो प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, वहीं भारत में इसकी वृद्धि दर छह प्रतिशत से भी अधिक है । भारत में 26 नवंबर को डॉ वर्गीज़ कुरियन के जन्मदिन को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के रूप में मनाया जाता है । भारत में ग्रामीण उद्योग के विकास में क्षेत्र क्षेत्र का प्रमुख योगदान है। सरकार ने राष्ट्रीय डेरी योजनाओं के विकास हेतु अनेक प्रयास किए हैं। पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत डेरी उद्योग को बहुत अधिक प्रोत्साहन मिला है और यह वास्तव में आत्मनिर्भरता का एक प्रतिबिंब बन गया है।

– **रवि रंजन,** नई दिल्ली

### एक और कानून

**हाल** ही में राजस्थान सरकार ने स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम लागू किया है। हमारे देश में पूर्व से ही रोजगार गारंटी अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, आदि कानून लागू हैं। फिर भी रोजगार, शिक्षा, भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं लोगों को पूरी तरह कहां प्राप्त हो पा रही हैं? आज भी हमारे देश में भूख से मौतें होती हैं। कई बच्चे पढ़ाई से भी वंचित रहते हैं। कोई भी अधिनियम लागू करने के बाद उस कानून के मुताबिक व्यवस्था संचालित हो रही है अथवा नहीं इस बात की निगरानी के लिए भी तंत्र विकसित करना आवश्यक होता है। नए-नए अधिनियम लागू करने की बजाय सरकारों को बेहाल हो रही व्यवस्थाओं को बहाल करने पर अपना फोकस बढ़ाना चाहिए। संसाधन बढ़ाने एवं शासकीय मॉनिटरिंग सिस्टम को पुख्ता बनाए बिना कोई भी अधिनियम लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा सकता है। वाहवाही लूटने या चुनावों में लाभ प्राप्त करने की दृष्टि से लागू किए गए नियम कानून प्रभावी सिद्ध होने चाहिए। ऐसा न होने पर कानून शोभा की वस्तु बन कर रह जाएंगे।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### परेशान अभिभावक

**निजी** स्कूलों द्वारा छात्रों को मोटे दामों पर बेची जा रही किताबों एवं यूनिफार्म के मामले में दिल्ली शिक्षा मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। शिक्षा मंत्री ने अपने शिक्षा निर्देशक को अब से ऐसे सभी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया जो अभिभावकों को किसी खास दुकान से महंगे दामों पर किताबें व यूनिफार्म खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि हम अभिभावकों को अपनी ओर से यह स्वतंत्रता देते हैं कि वे अपनी सुविधा के हिसाब से किसी भी जगह से किताबें एवं ड्रेस खरीद सकें। यह निर्णय काफी प्रशंसनीय है। हम चाहे आम आदमी पार्टी के अनेक विचारों से सहमत न हों, परंतु उनके लिए इस निर्णय से तो हम पूरी तरह सहमत हैं आजकल हर राज्य में प्राइवेट स्कूलों में यही कल्चर चल रहा है कि वे अपने छात्रों को न केवल अपनी मनचाही जगह पर किताबें व यूनिफार्म खरीदने की पाबंदी लगाते हैं। इसमें शायद स्कूलों एवं स्कूल के टीचरों का कमीशन तय रहता है। यह कल्चर कतई बंद होना चाहिए। गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों को इससे बड़ी परेशानी होती है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# हेल्पलाइन नंबरों पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से ले पुलिस

## मुख्यमंत्री ने की यूपी-112, 1090 सेवा व पुलिस की तकनीकी सेवाओं के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आपदकाल में पुलिस की त्वरित सहायता उपलब्ध कराने वाली यूपी 112 और महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की 1090 सेवा तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी सेवाओं के कार्यों की मंगलवार को समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनसामान्य को आकस्मिक परिस्थितियों में कहीं भी कभी भी पुलिस की त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में यूपी 112 सेवा उपयोगी सिद्ध हुई है। कुशल और समर्पित पुलिसकर्मियों ने यूपी 112 को आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप एक प्रोफेशनल सेवा के रूप में प्रस्तुत किया है। 112 के साथ 101, 108, 1090 और 181 आदि सेवाओं के एकीकरण, जीपीएस, रेडियो वायरलेस, मोबाइल, वेब एप



जैसी तकनीक के प्रयोग ने इस सेवा को अत्यधिक व्यावहारिक बनाया है। इस सेवा से जुड़े सभी पीआरवी कर्मी, ड्राइवर, तकनीकी सेवाएं दे रहे प्रोफेशनल्स, कॉल सेंटर कार्मिकों, सिविल पुलिस के कार्मिक व अधिकारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 112 जैसी आकस्मिक सेवाओं की उपयोगिता उसके क्विक रिस्पॉन्स पर निर्भर करती है। पीड़ित के फोन कॉल करने और पीआरवी द्वारा उस तक मदद पहुंचाने में वर्ष 2016 में जहां औसतन 01 घंटे का समय लगता था, आज इसे 9:44 मिनट तक लाने में सफलता मिली है। रिस्पॉन्स टाइम को कम करने के लिए वाहनों की संख्या और कार्मिकों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। हर पीआरवी वाहन को जीपीएस डिवाइस से लैस किया जाए। बॉडी वॉर्न कैमरे मुहैया कराए जाएं।112 पर कॉल रिसीव करने की क्षमता को और बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि जून 2016 से आज तक 112 पर मिली सूचनाओं में से 84 प्रतिशत का तत्काल घटनास्थल पर ही निराकरण कर दिया गया। पीआरवी वाहनों के खड़े होने की जगह स्थानीय जरूरतों के अनुसार तय की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इस सेवा का किसी भी दशा में दुरुपयोग न हो। उन्होंने कहा कि रात्रि में आवश्यकतानुसार महिलाओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एस्कॉर्ट बनाने का अच्छा प्रयास हुआ है। कामकाजी महिलाओं को इससे बड़ा लाभ हुआ है। यह सुनिश्चित किया जाए कि महिलाओं को गंतव्य तक पहुंचाने वाले वाहनों में महिला कॉन्स्टेबल की उपस्थिति जरूर हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपात परिस्थितियों के बीच जनसामान्य को तत्काल सहायता मुहैया कराने के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर है तो अग्निशमन के लिए 101, एम्बुलेंस के लिए 108, वीमेन पावर लाइन के लिए 1090, महिला सहायता के लिए 181, बाल सहायता के लिए 1098 साइबर हेल्पलाइन के रूप में 1930 जैसी हेल्पलाइन सेवाएं की सेवा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर के रूप में 1076 भी उपलब्ध है। इन हेल्पलाइन नंबर के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। इन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि आकस्मिक हेल्पलाइन नंबरों पर प्राप्त होने वाली हर सूचना को पूरी गंभीरता से लिया जाए। पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार हो।

# यूपी पुलिस भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयारः प्रशांत कुमार

- केंद्र से मांगा 70 कंपनी सीएपीएफ
- डीजीपी मुख्यालय में गठित चुनाव सेल हुआ क्रियाशील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो चुकी है। दो चरणों में होने वाले इन चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए प्रदेश सरकार ने 70 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की मांग की है। यह जानकारी विशेष डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस पूर्ण तत्परता से उपलब्ध संसाधनों, जनशक्ति एवं नवीनतम् तकनीक का प्रयोग करते हुए नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को भयमुक्त, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए मुख्यालय स्तर पर चुनाव सेल गठित किया गया है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 2 चरणों में नगर निकाय चुनाव कराये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण का मतदान 4 मई 2023 को 9 मंडलों सहारनपुर, मुरादाबाद, आगरा, झांसी, लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा, प्रयागराज एवं वाराणसी के 37 जनपदों तथा द्वितीय चरण का मतदान 11 मई 2023 को 9 मंडलों मेरठ, अलीगढ़, बरेली, कानपुर, अयोध्या, बस्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ एवं मिर्जापुर, के 38 जनपदों में सम्पन्न कराया जाएगा। सम्पूर्ण प्रदेश में मतगणना 13 मई 2023 को प्रात: 8 बजे से प्रारम्भ होगी। निर्वाचन, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कोविड की गाइडलाइनों के अनुरूप सम्पन्न कराया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य केन्द्र एप लांच बताएगा सुविधाओं का हाल



- कोरोना से घबराने की जरूरत नहींः पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि कोविड के मामलों में बढ़ोत्तरी को देखते हुए किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने कहा कि यद्यपि प्रदेश में कोविड-19 के मामले बढ़े हैं किन्तु इससे घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जिन रोगियों में कोरोना की पुष्टि हुई है उनमें लक्षण सामान्य हैं और उनकी रिकवरी दर भी सही है।

सोमवार को पाठक प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एनेक्सी के चतुर्थ तल स्थित सभागार से प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को वर्चुअली निर्देशित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य केन्द्र ऐप को भी लांच किया। इस ऐप से प्रदेश के किसी भी स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति और सुविधाओं को जाना जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड जांच हेतु सभी लैब को सक्रिय कर लिया जाये, जहां कोविड के अधिक मामले आ रहे हैं वहां सर्विलांस को बढ़ाते हुए अधिक से अधिक सैम्पल एकत्रित किये जाये। जनपदों के निजी तथा सरकारी लैब में प्राप्त हो रहे कोविड पॉजीटिव सैम्पल को जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू के माइक्रोबायोलाजी लैब में भिजवाना सुनिश्चित किया जाय। जिन लोगों में कोविड के लक्षण नहीं दिख रहे उन्हें इस बात के लिए सचेत किया जाय कि यदि उनमें कोई लक्षण उत्पन्न हो तो वे तत्काल इन्ट्रीगेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सभी कोविड अस्पतालों को पूर्ण क्षमता से कार्य करने हेतु क्रियाशील कर लिया जाय, इसके लिए अस्पतालों में जरूरत के सभी उपकरण एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय।

उन्होंने कहा कि फ्रंटलाइन वर्कर्स के माध्यम से रोगियों की पहचान व उपचार की व्यवस्था पर जोर दिया जाये तथा संचारी रोगों के बारे में जनता को जागरूक करते हुए यह बताया जाय कि जनता क्या करे और क्या न करें। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह के 14 तारीख को हेल्थ सेन्टर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन उस माह की थीम के अनुसार किया जाय तथा सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर योगा सत्र का आयोजन किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा किसी भी लापरवाही के लिए सम्बंधित अधिकारी,कर्मचारी की जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# जब प्रकृति बचेगी तभी संस्कृति की रक्षा हो पाएगीः अश्विनी कुमार चौबे

## कार्बन मुक्त देश बनाने की दिशा में यूपी होगा अग्रणीः डॉ. अरूण कुमार सक्सेना

- दो दिवसीय नेशनल क्लाईमेट कान्क्लेव 2023 के द्वितीय सत्र में शामिल हुए महाराष्ट्र और उत्तराखण्ड के वन मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केन्द्रीय** राज्यमंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि हम संस्कृति प्रेमी हैं और पर्यावरण प्रेमी भी है। प्रकृति संस्कृति से जुड़ी हुई है। हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। जब प्रकृति बचेगी तभी संस्कृति की रक्षा हो पायेगी। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने यह बात मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल क्लाईमेट कान्क्लेव 2023 के द्वितीय सत्र को संबोधित करने के दौरान कही।

केन्द्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण व जलवायु संरक्षण के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का काम काफी अच्छा है। यहां पर बड़ी संख्या में पौध रोपण हुआ है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि क्लाईमेट चेंज देश व दुनिया के लिए एक चुनौती है। जलवायु परिवर्तन के कारण फसल बर्बाद हो रही है। किसान परेशान होते हैं। क्लाईमेट चेंज के कारण देश भर में जब आवश्यक होता है, उस समय वर्षा नहीं होती है। इसका समाधान सभी देशों को परस्पर मिलकर संवादकर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल हमें चलना पड़ेगा। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की बात की गयी है। छिति जल पावक गगन समीरा। इन पंच तत्वों की रक्षा कराना हमारी जिम्मेदारी है। हम प्राचीन काल से वसुधवै कुटुम्बकम को मानने वाले लोग हैं। यह हमारी पौराणिक मान्यताएं हैं। इसलिए हमें भारत की प्राचीन व समृद्ध संस्कृति से प्रेरणा लेकर प्रकृति व पर्यावरण का संरक्षण करना होगा। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि अभियान के तहत पर्यावरण में सुधार लाना होगा। भारत में नगर स्तर पर जलवायु संरक्षण की योजना बना रहे हैं। स्मार्ट सिटी व अन्य महानगरों में जलवायु परिवर्तन कम कैसे हो इस दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के सुखद परिणाम भारत में देखने को मिल रहे हैं। जो लक्ष्य भारत सरकार ने तय किया है उस लक्ष्य को हम सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर तय समय से पूर्व प्राप्त करेंगे। हर्ष का विषय है कि देश व दुनिया में सौर ऊर्जा व हाईड्रोजन के क्षेत्र में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पिछले 05 वर्षों से विभाग द्वारा 135 करोड़ वृक्षों को रोपण किया गया है और इस वर्ष भी 35 करोड़ वृक्ष रोपे जाने हैं जिससे कि वातावरण में व्याप्त कार्बन डाई ऑक्साइड का अवशोषण वृक्षों द्वारा करके पर्यावरण स्वच्छ हो जायेगा। सरकार द्वारा लो कार्बन वाले उपकरणों को बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे कि वातावरण में कार्बन डाई आक्साइड की मात्रा को अत्याधिक कम किया जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देशन में गंगा के किनारे अमृत सरोवरों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि वेटलैण्ड में कार्बन शोषण की सबसे ज्यादा शक्ति होती है। वन मंत्री ने विश्वास दिलाया कि भारत सरकार द्वारा जीरो कार्बन युक्त देश बनाने की योजना में उत्तर प्रदेश अग्रणी रहेगा। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वन राज्यमंत्री केपी मलिक, उत्तराखण्ड के वन मंत्री सुबोध उनियाल और महाराष्ट्र के वन मंत्री सुधीर मनगुंटीवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रकृति के लिए समस्या नहीं समाधान बनेः सतीश महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम सब प्रकृति का लाभ तो ले रहे हैं पर उसके प्रति हमारा क्या योगदान है। इस बात पर विचार नहीं हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि हम सब बढ़ती समस्या के समाधान में भागीदार बने और प्रकृति के लिए समस्या नही, समाधान बने। वधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह बात मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल क्लाइमेट कांक्लेव में कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए सभी बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। हम सब प्रकृति का लाभ तो ले रहे हैं। पर उसके प्रति योगदान पर विचार नहीं हो रहा है।

सतीश महाना ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन करना कोई एहसान नहीं है। हमारा अस्तित्व तब तक है जब तक हम प्रकृति के साथ समन्वय करके चलेंगे और तभी पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से सब कुछ पाने और उसके अधिकारों पर अतिक्रमण करना कहाँ तक उचित है। जब इस सवाल पर विचार करेंगे तो समस्या का समाधान हो जाएगा। प्रकृति पर हमारा कितना अधिकार है इस बात पर भी विचार करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जब से मानव ने प्रकृति का सम्मान करना बंद कर दिया तब से प्रकृति हमसे नाराज होने लगी है। पहले हम पेड़ पौधों और गंगा की पूजा करते थे। पर धीरे धीरे अब सब भूलते जा रहे हैं। हमने जब तक गंगा नदी की पूजा की तब तक गंगा जी हम पर प्रसन्न रही जब से हमने गंगा वह हमसे हमसे रूठ गई। उन्होंने कहा कि प्रकृति का हमने सम्मान करना बन्द कर दिया तो प्रकृति भी हमसे दूर हो गई। यदि हम उस काल खण्ड की बात करें जिस समय पेड़.पौधों की पूजा होती थी। अच्छे पर्यावरण के लिए और अच्छे ऑक्सीजन के लिए ही हम पीपल के पेड़ के पास जाते है। उन्होंने प्रकृति के बदलते स्वरूप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम प्रकृति से केवल लेना नहीं बल्कि कुछ देना भी सीखें। बदलते समय में हमारी प्रवृत्ति सब कुछ पाने के लिए हो गयी है। इसके साथ ही प्रकृति पर हमारा कितना अधिकार है, इसके ऊपर विचार जिस समय कर लेंगे तो समस्या का समाधान हो जायेगा। महाना ने कहा कि प्रकृति के प्रति हमारा कितना योगदान है और आने वाली पीढ़ी भी उसका लाभ ले सके, इसके ऊपर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब सुधार लेंगेए ये भी सम्भव नहीं है, लेकिन हम समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे तो सब कुछ बदलने की संभावना बन सकती है।

# पर्यावरण संवर्धन को जनांदोलन मिशन के रूप में शुरू करना होगाः डॉ. नवनीत सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**युवा** कल्याण एवं खेल विभाग अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की कार्रवाई में विकासशील और विकसित अर्थव्यवस्था की वार्ता अनिवार्य है, लेकिन हम एक ऐसे चरण में हैं जहां हर किसी को किसी न किसी तरह से कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आवाह्न किया कि किसी भी देश में जलवायु परिवर्तन या पर्यावरण संवर्द्धन की कल्पना बिना युवाओं के नहीं की जा सकती है। जलवायु परिवर्तन उसके दुष्प्रभावों एवं उससे




बचाव को एक जनआन्दोलन के रूप में खड़ा करने के लिए युवाओं को आगे लाना होगा। डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि नेशनल क्लाइमेट कानक्लेव 2023 में यूथ क्लाइमेट कॉनक्लेव का आयोजन जलवायु परिवर्तन और इसके दुष्प्रभाव को रोकने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, किन्तु यह यहीं पर नहीं रूकेगा आगे भी युवाओं सम्मिलित कर इस प्रकार के आयोजनों को संचालित किया जाता रहेगा। पहले सत्र में जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने में युवाओं की भूमिका का संचालन सिटी मोन्टेसरी स्कूल लखनऊ की छात्रा आस्था माथुर द्वारा किया गया। इस पैनल का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने और उन्हें कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करने में युवाओं की भागीदारी के महत्व को उजागर करना था। दूसरे सत्र का संचालन प्राची प्रशांत शेवगाउनकर, संस्थापक कूल द ग्लोब एप द्वारा हुआ। इस पैनल का उद्देश्य युवा जलवायु योद्धाओं के जमीनी प्रयासों और नवीन विचारों को प्रदर्शित करना और उन्हें अपनी सफलता की कहानियों को साझा करने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। अंतिम सत्र का संचालन जैलाब्दीन अज्जी मोहिदीन परियोजना प्रबंधक घड़ियाल पारिस्थितिकी परियोजना के द्वारा संचालित किया गया । इस पैनल का उद्देश्य युवाओं का जलवायु परिवर्तन में करियर बनाने और स्वयं जलवायु योद्धा बनने के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहित करना था।

# नगर निकाय चुनाव में सपा जीत का झंडा बुलंद करने को तैयार

## क्षेत्र व जातिगत रणनीति के तहत प्रत्याशियों की बिछ रही गोट

शिव विजय सिंह। लखनऊ

**नगर** निकाय चुनाव की बिसात बिछ चुकी है मतदान की तिथियों की घोषणा के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति में राजनैतिक दलों की सक्रियता भी चरम पर होना स्वाभाविक है। प्रदेश के सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने भी नगर निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कस ली है। मैनपुरी लोकसभा चुनाव की जीत से लबरेज समाजवादी पार्टी नगर निकाय चुनाव में भी अपना झंडा बुलंद करने को बेकरार है। इसी को ध्यान रखते हुए समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशियों के चयन के लिए एक सशक्त रणनीति तैयार की है जिस पर संगठन स्तर पर कार्य भी शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी इस बार प्रत्याशियों के चयन में क्षेत्र, जाति पर ध्यान देते हुए पार्टी के कोर उम्मीदवारों को प्रमुखता दे रही है। देखा जाए तो समाजवादी पार्टी ने ने नगर निगम चुनाव की तैयारी काफी पहले ही शुरू कर दी थी। इसी का परिणाम है




कि समाजवादी पार्टी द्वारा अलग-अलग नगर निगम में तैयार किए गए पर्यवेक्षक लगातार बैठकें कर रहे थे, कई नगर निगमों के लिए तैयार प्रत्याशियों के नामों की सूची भी सपा मुखिया अखिलेश यादव को भेजी भी जा चुकी है, जैसे लखनऊ नगर निगम के लिए कुल 14 लोगों ने नगर कार्यालय पर आवेदन किया था, कई बैठकों के बाद इनमें से 5 से 6 नामों का पैनल तैयार करके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजा जा चुका है। इसी तरह प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र प्रयागराज से भी महापौर पद के लिए तीन से चार नामों की सूची भेजी गई है जिस पर अंतिम निर्णय सपा मुखिया अखिलेश यादव को लेना है।

समाजवादी पार्टी ने मेयर पद के उम्मीदवार को चुनने के लिए इस बार अलग व्यवस्था की है। पार्टी ने नगर निगम के चुनाव के लिए ऑब्ज़र्वर बीते वर्ष अगस्त महीने में ही घोषित कर दिए थे, इसमें पार्टी के विधायक सांसद पूर्व विधायक शामिल है, ये आब्जर्वर अलग-अलग शहरों में तैनात किए गए हैं। ये वह उस शहर के जो विधायक हैं, जो नगर की कमेटी है, जिला अध्यक्ष है, अगर वहां कोई पार्टी का सांसद है, हारे हुए विधानसभा के उम्मीदवार और हारे हुए लोकसभा के उम्मीदवार, वहां के सेक्टर प्रभारी इन लोगों के साथ बैठक करके, आब्जर्वर आवेदन करने वाले नामों पर चर्चा करने के उपरान्त अधिकतम 4 से 5 नामों का पैनल तैयार कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजेंगे। नगर निगम में मेयर पद का उम्मीदवार कौन होगा इसका आखिरी फैसला अखिलेश ही करेंगे। सपा ने नगर निगम महापौर, पार्षद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर सपा के सिंबल से उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है। इसके लिए जिलों में आवेदन लिए जा रहे हैं। इनकी स्क्रीनिंग करने के बाद प्रदेश मुख्यालय सूचना भेजी जाएगी। सपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि नगरीय क्षेत्र में आने वाले गांवों को मिलाकर बने नए वार्डों में विशेष निगरानी रखी जाए। निकाय में शामिल होने वाले जिस गांव के लोगों का नाम काट दिया गया है, उसके बारे में स्थानीय प्रशासन को सूचना दी जाए। साथ ही पूरे मामले से प्रदेश कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। नगरीय निकाय चुनाव में गुटबाजी हावी न हो इसलिए पार्टी ने भंग चल रही जिला व शहर कार्यकारिणी घोषित करने के बजाय प्रत्येक जिले में सभी प्रमुख नेताओं को लेकर चुनाव संचालन समिति बना दी है। संचालन समिति ही अपने यहां चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के आवेदन लेने के बाद उनकी छंटनी करेगी। सर्वसम्मति से यदि एक नाम तय हो जाएगा तो उसका प्रस्ताव पार्टी मुख्यालय भेजा जाएगा। यदि एक नाम पर सहमति नहीं बनती है तो प्रत्याशियों के नामों का पैनल मुख्यालय भेजा जाएगा। पार्टी नेतृत्व मुख्यालय से टिकट फाइनल करेगा। पार्टी निकाय चुनाव में केवल सक्रिय सदस्यों को ही अपना चुनाव चिह्न प्रदान करेगी। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है प्रदेश में 2 चरणों में यह चुनाव होंगे। पहले चरण में 4 मई को वोट डाले जाएंगे जबकि दूसरे चरण में 11 मई को वोटिंग होगी। चुनाव के नतीजे 13 मई को आएंगे, वहीं पहले चरण में जिन जिलों में वोटिंग होनी है वहां नामांकन की प्रक्रिया 11 अप्रैल से शुरू होकर 17 अप्रैल तक जारी रहेगी।

# अब्बास अंसारी व निखत बानो समेत पांच मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**चित्रकूट जेल प्रकरण**

- विशेष अदालत ने लिया संज्ञान, अगली सुनवाई 24 अप्रैल को

विधि संवाददाता। लखनऊ

**चित्रकूट** जेल में विधायक अब्बास अंसारी को सुविधाएं आदि मुहैया कराने के मामले में निरुद्ध पांच मुल्जिमों के विरुद्ध दाखिल आरोप पत्र पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने संज्ञान ले लिया है। इस दौरान मुल्जिम अब्बास अंसारीए निखत बानोए नियाज अंसारीए नवनीत सचान व फराज खान जेल से जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग उपस्थित थे। विशेष जज लोकेश वरुण ने मुल्जिमों को आरोप पत्र की नकल देने के लिए 24 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है।

सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक मुल्जिम अब्बास अंसारी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 387ए 506, 201, 120बी, 195ए, 34, 511, 186 जबकि निखत बानो समेत अन्य मुल्जिमों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 387, 506, 201, 120 बी, 195ए, 34, 451, 511, 186 में दाखिल हुआ है। इन सभी मुल्जिमों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8 के साथ ही दंडविधि संशोधन अधिनियम की धारा 7 तथा प्रिजनर्स एक्ट की धारा 42 बी व 54 में भी आरोपी बनाया गया है। 11 फरवरी, 2023 को इस मामले की एफआईआर चित्रकुट के थाना करवी कोतवाली नगर में एसआई श्यामदेव सिंह ने दर्ज कराई थी। इस मामले में जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, उप अधीक्षक सुशील कुमार, डिप्टी जेलर चंद्रकला व सिपाही जगमोहन भी निरुद्ध हैं। इनके खिलाफ विवेचना अभी प्रचलित है।

## एकेटीयू के रजिस्ट्रार सचिन सिंह की याचिका खारिज

**लखनऊ (विसं)।** अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सचिन कुमार सिंह के निलंबन व जांच के विरुद्ध दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। याचिका में कुलाधिपति (राज्यपाल) द्वारा उनका निलंबन व जांच के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश सचिन कुमार सिंह की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है। लिहाजा उसे निलंबित करने व जांच कराने का अधिकार राज्य सरकार को है न कि कुलाधिपति को। सुनवाई के दौरान उनकी याचिका का कुलाधिपति व विश्वविद्यालय की ओर से जोरदार विरोध किया गया। पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को रजिस्ट्रार ऑफिस से हटाने के मसले पर कुलाधिपति निलंबन व जांच का आदेश दे सकता है। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए जांच को तीन माह में पूरा करने का भी निर्देश दिया।

# निष्पक्षता के साथ करानी है समस्त चुनाव प्रक्रिया संपन्न

● 124 आरओ, एआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

●ड्यूटी के दौरान ईमानदारी से कार्य करने के दिये गए निर्देश

●कंट्रोल रूम के 9451350014 एवं 9451350080 नंबर पर 24 घंटे किया जा सकता है संपर्क

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव की तिथियां घोषित होने के दूसरे दिन सोमवार को प्रशासन ने आरओ, एआरओ को प्रशिक्षित किया। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी को महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर दक्ष किया गया। सभी आर ओ, एआरओ को नियमावली के बारे में विस्तार से बताया गया ताकि कहीं किसी तरह की कोई चूक न हो। नामाकंन से लेकर मतदान और मतगणना तक के बारे में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में दो पालियों में दिया गया। पहली पाली में पूर्वान्ह 11 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2 से सांय 4 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सभी 124 आरओ, एआरओ को दिया गया। सभी को अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से करने के निर्देश दिए गए। चुनाव आयोग के दिश-निर्देशो की जानकारी सभी आर ओ, एआरओ को दी गई।। मतदान के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग है। इसको निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना सबका दायित्व है। मास्टर ट्रेनर, जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय सिंह ने सभी आर ओ, एआरओ को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बिसवां प्यारेलाल मौर्य, एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्रा, एसडीएम न्यायिक बिसवां अजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम न्यायिक लहरपुर शम्स तवरेज खां, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्त, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रविशंकर गिरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार रावए सहायक अभियंता विवेक चंद्र सहित सभी 124 आरओ, ए आर ओ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर सीडीओ अक्षत वर्माए एडीएम रामभरत तिवारीए प्रशिक्षण प्रभारी डीसी मनरेगाए सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित संबन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## अपराधियों का किया जा रहा चिन्हीकरण

**सीतापुर।** नगरनिकाय चुनाव को लेकर पुलिस एलर्ट है पुलिस ने अपने काम करने का अंदाज बदल दिया है। संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया जा रहा हैए यही नहीं मतदान प्रभावित करने वालो को तलाशना भी शुरु कर दिया है। फरार चल रहे बदमाशों और अराजक तत्वों पर भी पुलिस की नजर है। निकाय चुनाव में ऐसे किसी भी व्यक्ति को किसी भी रुप में बक्सा नहीं जाएगा। जो किसी भी तरह से मतदान को प्रभावित करने का प्रयास करेगें। इसके अलावा ऐसे विवादो पर भी पुलिस की नजर हैए जो चुनाव के दौरान उभर सकते हैं। इतना ही नहीं असलहा जमा कराने संबन्धी कार्यवाई भी शुरु हो गई है। अवैध शराब और अवैध असलहा अथवा अन्य किसी भी तरह से चुनाव को प्रभावित करने वालो पर पुलिस ने अपनी नजरें टेढ़ी कर ली है। अगर कोई माहौल बिगाड़ता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवायी की जाएगी।

# नेपाल-सीमा वाले थाना क्षेत्रों में बनेगा कवच सेल

● गौरीफंटा क्षेत्र में कवच सेल के अंतर्गत वॉच टावर बनाने के लिए की गई भूमि चिन्हित

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**उत्तर** प्रदेश पुलिस द्वारा नेपाल राष्ट्र सीमा साझा करने वाले सभी जनपदों में नेपाल राष्ट्र की सीमा पर पुलिस द्वारा एसएसबी के साथ संयुक्त रुप से पेट्रोलिंग करने व संदिग्ध वाहन/ व्यक्ति की चैकिंग करने व संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी आदि करने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन कवच' चलाया जा रहा है। जनपद खीरी की नेपाल राष्ट्र से लगभग 120 किमी की सीमा नो मेन्स लैण्ड के स्तम्भ संख्या 98 से प्रारम्भ होकर स्तम्भ संख्या 211 तक साझा होती है, जिसमें जनपद खीरी के सम्पूर्णानगर, गौरीफंटा, चन्दन चौकी व तिकुनियां थाना की सीमा नेपाल राष्ट्र की सीमा से साझा होती है। जनपद खीरी पुलिस द्वारा नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ संयुक्त रुप से पेट्रोलिंग कराने के लिए जनपद स्तर पर कवच सेल का गठन कर पेट्रोलिंग के कार्य को संपादित किया जा रहा है। संयुक्त रुप से पेट्रोलिंग में एसएसबी द्वारा की जा रही नियमित पेट्रोलिंग में प्रत्येक पेट्रोलिंग पार्टी के साथ सम्बन्धित स्थानीय थानों से पुलिसकर्मियों को सम्मलित कराकर ज्वाइन्ट पेट्रोलिंग की जाती है। जनपद स्तर पर कवच सेल के गठन के साथ ही पेट्रोलिंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नेपाल राष्ट्र की सीमा से लगे थाना तिकुनियां, गौरीफंटा, चंदनचौकी व सम्पूर्णानगर में थाना स्तर पर भी कवच सेल के गठन करने के साथ ही वॉच टावरों का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज दिनांक 11अप्रैल, 2023 को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना गौरीफंटा क्षेत्र में कवच सेल के अंतर्गत वॉच टावर के निर्माण के लिए भूमि को चिन्हित किया गया। साथ ही एसपी द्वारा थाना गौरीफंटा व थाना चन्दन चौकी क्षेत्र की नेपाल राष्ट्र से सांझा सीमा पर नियुक्त एसएसबी के कर्मचारियों से वार्ता की गई व सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा ऑपरेशन कवच के अंतर्गत थाना गौरीफंटा व थाना चन्दनचौकी के प्रभारी निरीक्षकों को थाना क्षेत्रान्तर्गत नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती गाँवे में पुलिस सहायता केन्द्र बनाने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस सहायता केन्द्र में तैनात पुलिस कर्मचारियों/ अधिकारियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर मानव तस्करी, नशीली दवाओं, अवैध शराब, अवैध तरीके से वस्तुओं, सामानों के आयात–निर्यात आदि अन्य अपराधों के संबंध में सूचनाओं को प्राप्त किया जा सकेगा। साथ ही पुलिस कर्मचारियों/ अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों के मध्य राष्ट्रीय एकता व अखण्डता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को भी जागृत किया जा सकेगा।

## निकाय चुनाव के लिए कंट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ की हुई स्थापना, एडीएम ने जारी किए फोन नंबर

**लखीमपुर खीरी।** एडीएम डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्ट्रेट परिसर लखीमपुर खीरी एवं समस्त तहसीलो में निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं शिकायत प्रकोष्ठ निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक 24 घंटे कार्यरत रहेगा। इसके प्रभारी चकबन्दी अधिकारी राजेन्द्र राम बनाये गये हैं तथा तीन पालियों में सहायक प्रभारी अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं शिकायत प्रकोष्ठ का मोबाइल नम्बर 8957472810 है। इस मोबाइल नम्बर पर निर्वाचन से सम्बन्धित कोई भी शिकायत दर्ज करायी जा सकती है तथा सूचना / जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# धरातल पर नहीं विकास,फिर भी वोटों की आस

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**चुनाव** आते ही नेताओं का वोट मांगने का सिलसिला शुरू हो गया है। विकास के नाम पर वोट भले ही सबके लिए जाएं, मगर धरातल पर केवल खास के लिए ही विकास किया गया है। पांच साल के बाद भी क़स्बे के तमाम इलाके ऐसे हैं, जहां विकास नहीं दिखता। बजट न होने का रोना रोने वाली नगर पंचायत नेताओं और अफसरों के करीबियों के इलाकों में विकास करने से पीछे नही हटती। क़स्बे की सड़कें खराब हैं। उन पर काम हो या न हो। मगर उनके यहां दुबारा सुधार करने से भी पीछे नहीं हटते हैं। क़स्बे के वार्डों में लगे गंदगी के ढेर और टूटी सड़कें सुधारने के लिए नगर पंचायत ने गौर नहीं किया। क़स्बे में लगभग 25 हजार की आबादी है। नगर पंचायत में चुनाव चेयरमैन का हो या फिर सभासद का। जनता के वोट के लिए सबके विकास के एजेंडे को सबसे आगे रखते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद गली मोहल्लों और मेन सड़कों को सुधारने के लिए कोई काम नहीं करते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष का दावा है, उनके द्वारा क़स्बे में विकास खूब कराया गया, पर धरातल पर कोई खास काम नजर नहीं आया। आम इलाके विकास से अछूते नगर पंचायत ने उन इलाकों में विकास न के बराबर कराए, जिनमें आम लोग रहते थे। क़स्बे के मोहल्ला बाढ़ियन टोला, भट्टी, चमरौधा, गद्दीन टोला, पूरब टोला समेत कई मोहल्लों में विकास के नाम पर वहां टूटी सड़कें, गंदगी से चोक नाले नालियां हैं। इन इलाकों में गंदगी की वजह से पनपते हैं। यह मोहल्लेवासियों के लिए मुसीबत हैं। इनसे संक्रामक बीमारी फैल सकती है मगर नगर पंचायत के लिए इन इलाकों में सफाई से लेकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना तो दूर, वहां का स्टाफ यहां झांककर भी नहीं देखता क्योंकि इन मोहल्लों में आम नागरिक रहते हैं। कस्बे के एक बार के उद्घाटन में निवर्तमान चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा नहीं अपने संबोधन में नगर पंचायत में 350 से ज्यादा सड़कें बनवाने का दावा किया था पर नगर पंचायत में वास्तविकता कुछ और निकली। सभासदों के अनुसार वार्ड नं एक में 6 सड़कें, दो में 9 सड़कें, तीन में 3 सड़कें, चार में 10 सड़के, पांच में एक सड़क, छह में एक सड़क, सात में 2 सड़क, आठ में 4 सड़क, नौ में 4 सड़कें, दस में 6 सड़कें, ग्यारह में 7 सड़कें, बारह में 2 सड़क, तथा वार्ड नं तेरह में एक सड़क बनवाई गई।



# जिलाधिकारी ने सदर तहसील का किया औचक निरीक्षण,दिए निर्देश

●नाम निर्देशन प्रपत्रों और रजिस्टर का किया अवलोकन, सीसीटीवी कैमरा वीडियोग्राफी की निगरानी में हो रहे नामांकन

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदने और जमा करने की प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हो गयी। सीमित संख्या में ही नामांकन पत्र लिए और जमा किए जाएंए किसी भी प्रकार की अफरा.तफरी का माहौल न हो इसके दृष्टिगत डीएम अनुज सिंह ने तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी नगर निकायों के नाम निर्देशन पत्रों के क्रय कक्षों का निरीक्षण करते हुए जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने नोटिस बोर्ड पर नोटिसों को ठीक ढंग से लगाने हेतु निर्देशित किया तथा नाम निर्देशन के प्रपत्रों व रजिस्टर का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिए कि नाम निर्देशन के प्रपत्र में लगने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट बना ली जाए जिससे बाद में कोई परेशानी न हो। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कक्षों में पर्याप्त मात्रा में लाइटें लगवायी जाएं और साफ सफाई करायी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैरीकेटिंग पार करते हुए कोई भी व्यक्ति प्रवेश न करे। किसी भी प्रकार से कोई संदेश हो या दिक्कत आए तो तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें। नामांकन पत्र खरीदने एवं जमा करने के दौरान निगरानी के लिए प्रत्येक कक्ष में कैमरे व वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। कोविड से बचाव को लेकर भी प्रशासन आयोग के निर्देशानुसार व जारी अधिसूचना अनुसार चुनाव सम्पन्न कराने की तैयारी प्रशासन ने की है। औचक निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव, तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, नायब तहसीलदार सदर महेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नगरीय निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। सुबह से ही नगरीय निकायों के लिए आवंटित नामांकन परिसर में फोर्स तैनात रही। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय)/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट में स्थित नामांकन कक्षों का निरीक्षण करने पहुंचे। सभी व्यवस्थाएं उन्हें दुरुस्त मिलीं। डीएम ने नामांकन कक्ष में व्यवस्थाओं की पड़ताल की एवं मौजूद आरओ / एआरओ से नामांकन की अद्यतन स्थिति जानी। निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नामांकन परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सतर्क दृष्टि रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। इस दौरान एसडीएम वित्त एवं राजस्व डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह एसडीएम विधेश मौजूद रहे। नपाप लखीमपुर के लिए अध्यक्ष पद हेतु पांच व सदस्य पद हेतु 114, नपं खीरी टाउन के लिए अध्यक्ष पद हेतु 09, सदस्य पद हेतु 31, नपं ओयल में अध्यक्ष पद हेतु दो एवं सदस्य हेतु 09 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। नपाप गोला गोकर्णनाथ के लिए अध्यक्ष पद हेतु 05, सदस्य पद हेतु 61, नामांकन पत्र एवं नपं मैलानी के अध्यक्ष पद हेतु 02, सदस्य पद हेतु 06 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप पलियाकला के लिए अध्यक्ष पद हेतु 05ए सदस्य पद हेतु 22 एवं नपं भीरा के अध्यक्ष पद हेतु 03 एवं सदस्य पद हेतु 45 नामांकन पत्र बिक्री हुए।



### रिश्वतखोरी के आरोप में चार पुलिसकर्मी निलंबित

**बरेली।** इज्जत नगर थाने में तैनात चार पुलिसकर्मियों को ऑटो चालक बस ड्राइवर का सामान के मालिक से रिश्वत मांगने के आरोप में आज निलंबित कर दिया गया । उपनिरीक्षक सचिन शर्मा, आरक्षी अनिल पाल, आरक्षी शुभम् कुमार,आरक्षी,अंकित कुमार पर 12 जनवरी को एक टैम्पो के चालक अरुण कुमार व सामान के मालिक आरिफखां एवं बस के चालक अशफाक अहमद व अब्दुल रउफको अनावश्यक रुप से पकड़कर थाना इज्जतनगर ले जाने और उन सभी को थाने की हवालात मे निरुद्ध रख कर उनसे एक- एक लाख रुपये की मांग करने एवं उ0नि0 सचिन शर्मा को थाने में दर्ज एक मामले मे मदद करने लिए फरहद उर्फ गुड्डू से 25 हजार रुपये रिश्वत लेकर अपने पदीय दायित्वो के विपरीत कार्य करते हुए कर्तव्य पालन के प्रति बरती गयी घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता , उदंडता , स्वेच्छाचारिता एवं कदाचार का परिचय देने के सम्बन्ध में चारों को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक निलम्बित किया गया है इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही जारी है ।

### अदेयता, जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाले दफ्तर नामांकन अवधि में अवकाश दिवसों में खुलेंगे

**लखीमपुर खीरी।** एडीएम संजय कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उप्र लखनऊ द्वारा 09 अप्रैल को नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की अधिसूचना निर्गत होने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गयी है तथा आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी हो गयी है। तत्कम में राज्य निर्वाचन आयोगए उप्र से प्राप्त निर्देशों के क्रम में निर्वाचन कार्य की समयबद्धता और शीर्ष प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में नगरीय निकायों की अदेयता तथा जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले कार्यालय नामांकन अवधि में सार्वजनिक अवकाश दिवसों में खुले रहेंगे ताकि प्रत्याशियों को उपर्युक्त प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने एवं नामांकन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कोचिंग जा रहे छात्र को ट्रक ने कुचला

**बरेली।** कोचिंग जाने के लिए पैदल ही घर से निकले छात्र को तेजी से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शाही थाने के गांव दुनका निवासी 10 वर्षीय रमन पुत्र सुखलाल कि कल शाम गांव के पास ही ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि रमन कक्षा चार का छात्र था और कल शाम को रोजाना की तरह वह गांव में ही स्थित कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था लेकिन मढी के पास तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उसको रौंद दिया रमन की मौके पर ही मौत हो गई साथ चल रहे गांव के दूसरे बच्चों ने घटना की जानकारी घर वालों को दी मौके पर पहुंचे घरवालों ट्रक और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर रमन के शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### नगर आयुक्त ने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र के चिनौर में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माणाधीन मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की स्थिति को देखा गया। इस मौके पर निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेंटर में निर्माण कार्य होता हुआ पाया । निर्देशित किया कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप ससमय पूर्ण कराया जाएं। वहीं पर उपयुक्त भूमि पर गीले कचरे के निस्तारण हेतु कम्पोस्ट पिट (खाद्य के गड्ढे) का निर्माण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनजेमेंट हेतु चिनौर में नगर निगम की भूमि की पैमाइश कर भूमि को चिन्हित किये हेतु नगर निगम की राजस्व विभाग की टीम को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, अधिशासी अभियंता आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता विपुल कुमार, राजस्व विभाग की टीम एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में दो की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर सवार पति पत्नी को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चला रहे ग्रामीण और कार में सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई पुलिस ने शवो को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आंवला थाना क्षेत्र में रामनगर मार्ग पर बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में सिरौली थाने के गांव सखूड़ा निवासी 55 वर्षीय भगवानदास पुत्र रामलाल और बदायूं के कस्बा व थाना उझानी निवासी वसीद अहमद मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद भगवान दास के घर वालों ने बताया कि भगवानदास कल दिन में मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी भागवती के साथ आंवला निवासी एक रिश्तेदार के घर गया था जहां से शाम को वह अपने घर वापस लौटने के लिए चला था लेकिन इसी दौरान रामनगर मार्ग पर रामपुर के शाहाबाद स्थित अपने बेटे की ससुराल से लौट रहे बशीर अहमद की कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोर हुई थी की कार बुरी तरह तरह क्षतिग्रस्त हो गई बाइक सवार दंपत्ति दूर जा गिरे दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची। भगवानदास की जिला अस्पताल लाते रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बशीर अहमद को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल लाते समय उसने भी दम तोड़ दिया।

# कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की मॉकड्रिल

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**कोविड** संक्रमण के दृष्टिगत जनपद में संक्रमण की स्थिति उत्पन्न होने की दशा में समस्त चिकित्सा इकाईयों की व्यवस्थाएं पूर्व से चाक चौबंद करने के निर्देश शासन द्वारा निर्गत किए जा चुके हैं। शासन ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उच्चाधिकारियों को नामित भिन्न जनपदों में भेजा। सीएमओ डा आर के गौतम और नोडल अधिकारी डॉ अशोक कुमार रस्तोगी संयुक्त निदेशक के निर्देशन में लेवल –2 फैसिलिटी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहांपुर में मॉक ड्रिल करवाकर पी एस ए प्लांट चलवाकर, ऑक्सीजन सप्लाई वेडो की संख्या एवम दवाइयों की उपलब्धता, इत्यादि व्यवस्थाओं की गहन जायजा लिया एवं निर्देश दिए गए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की विपरीत स्थिति एवं संक्रमण से निपटा जा सके। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ घनश्याम सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सीएमओ डॉ आरके गौतम ने बताया कि यह मॉक ड्रिल कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर हुई। इसमें मेडिकल कॉलेज समेत जिला अस्पताल एवं चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अन्य विभागों से स्वास्थ्य टीम का और स्वास्थ्य टीम के परस्पर समन्वय देखा गया। उन्होंने आश्वस्त किया है कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। सीएमओ ने जनपद वासियों से अपील की है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से निकलें। जनपद के कोविड नोडल अधिकारी डॉ गोविंद स्वर्णकार ने बताया कि राज्य स्तर लखनऊ से नामित नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक कुमार रस्तोगी के निर्देशन द्वारा सीएचसी पर मॉक ड्रिल संपन्न करवाई गई। जनपद में कोविड मरीजों के लिए आरक्षित बेड, वार्ड और आक्सीजन की उपलब्धता देखी गई। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के पीकू वार्ड भी तैयार हैं। वहीं पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग लाए जा सकते हैं। इसी क्रम में सभी चयनित पांच स्थानों पर जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में मॉक ड्रिल हुआ। खुटार में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पुष्पेंद्र कुमार की नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्ति की गई है। राजकीय स्वशासी मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में मॉकड्रिल के लिए नामित नोडल संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य भवन लखनऊ के डा. अशोक कुमार रस्तोगी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. घनश्याम के निर्देशन में मॉकड्रिल हुआ। राजकीय मेडिकल कॉलेज में मॉकड्रिल के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य भवन लखनऊ के डा.अशोक कुमार रस्तोगी तथा सीएमएस सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज साहित सभी चारों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुरूप मॉकड्रिल संपन्न हुई।

# महात्मा फुले की जयंती मनाई गई

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**सपा** कार्यालय पर समाज सुधारक महात्मा ज्योति राव गोविंद राव फूले जयंती सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए, उनको याद किया व गोष्ठी का आयोजन कर उनके विचारों पर चर्चा की। इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि महात्मा फुले एक भारतीय समाज सुधारक समाज प्रबोधक विचारक समाजसेवी लेखक दर्शनिक तथा क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि महात्मा फुले ने महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्पान के लिए बहुत काम किए! पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योति राव फूले को 19वी सदी का प्रमुख समाजसेवक माना जाता है। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया! इस मौके पर सपा नेता राजेश वर्मा, सय्यद रिजवान अहमद, डॉ नवनीत यादव, अजीज अहमद खान, अतिउल्लाह सिद्दीकी, संजीव वर्मा, विजय सिंह, ओंकार सिंह सिसोदिया, गायत्री वर्मा, स्तुति गुप्ता, चौधरी रामकुमार भोजवाल, विकास चंद्र, अवधेश कुमार पाल, सर्वेश कुमार यादव, रोहित यादव, ज्ञान देवी, संतोष पाल, आलोक गुप्ता, जफर अली खान, सोनू मिश्रा, गौरव शुक्ला, महावीर सिंह यादव, आकाश शुक्ला, सर्वेश मिश्रा, जमाल खान, हफीज अंसारी, मोबिन हुसैन अंसारी, जुबेर खान, अनुज यादव, अब्दुल कय्यूम सभासद, कामरान अंसारी, मोहम्मद रफी मंसूरी, नाजिम फारुकी, विश्वकर्मा, शादाब खान, मोनू मिश्रा,शोएब अंसारी, शमसुद्दीन सिद्दीकी, शमसुद्दीन मलक आदि मौजूद रहे।

# अदालत ने तीन सगे भाइयों समेत आठ आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**तीस** साल बाद दोहरे हत्याकांड में अदालत ने तीन सगे भाइयों समेत आठ आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दस–दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। परिवार ने फैसला आने के बाद खुशी जाहिर की है। बता दें कि वर्ष 1993 में निगोही थाना क्षेत्र में पुराने मुकदमे को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर छप्पर में आग लगा दी थी। उसके बाद से अदालत में मुकदमा चल रहा था। अभियोजन पक्ष के अनुसार आठ मार्च 1993 में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया कि गंगाराम से गांव निवासी सेठपाल की मुकदमेबाजी को लेकर रंजिश चल रही थी। घटना के दिन गांववासी शिवकुमार फायरिंग कर रहे थे। तभी गंगाराम के भांजे उमराय और रामसरन ने उनको रोका। कहासुनी होने लगी तो कुछ देर बाद ही सेठपाल, रतिपाल, शिवकुमार, मटरू गुड्डू, अजयपाल और प्रेमपाल ने आकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते हुए छप्पर में आग लगा दी थी। उमराय की मौके पर मौत हो गई थी और गोली लगने से रामसरन की इलाज के दौरान मौत हुई थी। वादी की तहरीर पर हत्या और एससी–एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### 14 लोगों की गवाही के बाद आया फैसला

**अदालत** में चले मुकदमे में 14 लोगों की गवाही होने के बाद अदालत ने तीन सगे भाई रतिपाल, प्रेमपाल और अजयपाल समेत आठ आरोपियों को दोषी मानते हुए उनको उम्रकैद की सजा सुनाई है। सेठपाल और टोडी की मुकदमे के दौरान मौत हो गई थी। साथ अदालत ने दोषियों पर दस–दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### बोले परिजन-भगवान के घर देर है, अंधेर नही

**उमराय** और रामसरन के परिवार ने अदालत का फैसला आने के बाद कहा कि भगवान के घर देर है, अंधेर नही। कहा कि उस घटना ने दोनों के परिवार को तबाह कर दिया था। मृतक उमराय के परिवार ने कहा कि आज भी उनकी पौने चार बीघा खेत पर कब्जा किया हुआ है। आज तक उस जमीन पर कब्जा नही मिला है। उन्होंने अधिकारियों के पास चक्कर काटे, लेकिन सुनवाई नही हुई। वहीं शासकीय अधिवक्ता अतुल अग्निहोत्री ने बताया कि घटना के बाद एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला अदालत में चला। 14 गवाहों की गवाही कराई गई। इसके बाद विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार पाठक ने दोहरे हत्याकांड में तीन सगे भाइयों समेत आठ आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्र की सजा सुनाई है।

## छात्रा के अकाउंट से साइबर ठगों ने उड़ाए 99,900 रुपये

**बरेली।** छात्रा के मोबाइल पर टैक्स मैसेज आया छात्रा ने ओपीडी कोड दे दिया जिससे छात्रा के खाता से 99, 900 निकल गए। छात्रा ने मंगलवार को एसएससी ऑफिस पहुंचकर तहरीर दी और रुपये वापस कराने की मांग की है। बरेली में बीएससी की छात्रा के एकाउंट से करीब 99,900 रुपये साइबर ठगों ने उड़ा लिए। छात्रा को जैसे ही उसे अपने साथ ठगी होने का महसूस किया तो उसने साइबर सेल को सूचना देने के साथ स्थानीय पुलिस थाना कोतवाली को मामले की जानकारी दी। पीड़िता के मुताबिक उसके पिता ने उसके अकॉउंट में कॉलेज फीस जमा करने के लिए दिए थे। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसएसपी कार्यालय में की तो मामले के एक बार फिर जांच के आदेश कर दिए गए। छात्रा को एक क्रिप्टो कंपनी से एक मैसेज आया जिसमें कहा गया कि उसे 60 प्रतिशत ब्याज के साथ रुपये वापस किया जाएगा। जैसे ही छात्रा ने टैक्स मेसेज पर क्लिक किया तो तीन बार में उसके एकाउंट से 99, 900 रुपए कट गए।

# होम्योपैथिक दवाएं बढ़ाती हैं प्रतिरोधक क्षमताः डॉ सुगंधा

**संवाददाता।** बरेली



**कोरोना** ने एक तथ्य तो सिद्ध कर दिया है कि किसी भी रोग में सबसे बड़ा रोल इम्युनिटी अर्थात रोग प्रतिरोधक क्षमता का होता है और होम्योपैथी इस रोग के प्रति प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देती है। जिससे रोग बिना किसी साइड इफेक्ट के स्वयं ठीक हो जाता है। यह कहना है बरेसी की सुप्रसिद्ध होम्योपैथी विषेषज्ञ डॉ सुगंधा महाजन का। वह विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयोजित एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रही थीं। जर्मनी निवासी डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली की खोज की थी। विश्व होम्योपैथी दिवस इस वर्ष उनके 268वां जन्मदिन समारोह के तौर पर मनाया जा रहा था । डॉ सुगंधा महाजन ने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होने पर मनुष्य को कोई भी रोग नहीं होता है। सिर दर्द, माइग्रेन, पेट के सभी रोग, लीवर से संबंधित सभी रोग, सभी प्रकार के चर्म रोग एवं अन्य प्रकार के सभी रोगों में चाहे वो आंख के हो, नाक, कान, गले से संबंधित हो सभी रोगों में होम्योपैथी अत्यंत कारगर सिद्ध हुई है।उन्होने कहा कि कोरोना से लोगों को बचाने के लिए उन्होने जनपद में दवाएं नि:शुल्क बंटवाई गईं थीं। कोरोना की दूसरी लहर में कोविड किट लोगों को दी गईं थीं।उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक दवा बनाना और मरीज को उनके लक्षणों के हिसाब से देना इन दोनों को मिलाकर ही विज्ञान और कला का समन्वय होता है।

# दलित सशक्तीकरण में ज्योतिबा फुले का अहम योगदान: कश्यप

- भाजपा ने धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती
- समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को मंत्री ने किया सम्मानित



संवाददाता। चित्रकूट

**भाजपा** ने जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि/जिले के प्रभारी मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सम्पूर्ण जीवन पिछड़ों, दलितों, वंचितों के कल्याण को समर्पित किया था। ज्योतिबा फुले ने महिला शिक्षा के विशेष प्रयास किए थे।

मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि महात्मा फुले ने अछूतोद्धार को सत्यशोधक समाज स्थापित किया था। यह भाव देखकर 1888 में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई थी। महात्मा फुले एक महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। 1840 में उनका विवाह सावित्री बाई से हुआ था। जब देश में जाति-प्रथा वीभत्स रूप में फैली हुई थी, स्त्रियों की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे। ऐसे में महात्मा फुले ने समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करने को बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए।

महापुरुषों का सम्मान भाजपा ही कर रही है। पिछड़ो को वास्तविक हक भाजपा की सरकार में मिला है। समाज में योगदान करने वाले रुकमणी सेवा संस्थान के अतुल रैकवार, रक्तदान करने वाले युवा दम्पत्ति ज्ञान निषाद एवं श्रीमती अनीता निषाद, किसान श्रवण पटेल, विश्वकर्मा समाज एकीकरण अभियान के पुष्पराज विश्वकर्मा, केश शिल्पी दिलीप सविता, कश्यप समाज की डायरेक्ट्री बनाने वाले युवा नेता सुधीर कश्यप को माल्यार्पण कर प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## महात्मा ज्योतिबा राव फुले को भारत रत्न दिये जाने की उठायी मांग



**कालपी, जालौन।** मंगलवार को सैनी समाज के जिलाध्यक्ष दीपचंद्र सैनी की अगुवाई में सर्व समाज के लोगों ने मानव कल्याण समाज सेवा संस्थान के तत्वाधान में मां गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में महात्मा फुले की जयंती मनाई जिसकी अध्यक्षता ओपी सैनी ने की। इस मौके पर विशेष रूप से रिटायर्ड सचिव रामबिहारी निषाद, माता प्रसाद निषाद और राठौर समाज के जिलाध्यक्ष अरविंद राठौर भी मौजूद रहे। सर्व प्रथम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बड़े ही शांति पूर्ण ढंग से आचार संहिता का पालन करते हुये श्री सैनी सहित कुछ लोगों ने महात्मा फुले के नाम से पार्क, पुस्तकालय और वाचनालय पूरे देश मे शासन द्वारा खुलवाये जाने की मांग करते हुये एक ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह को सौंपा जिसमें उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि और भारत रत्न जैसी उपाधि से सम्मानित किये जाने की मांग की।

## ज्योतिबा राव फुले के जन्म दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वाधान में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जन्म दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति रहे। गोष्ठी प्रारंभ होने के पूर्व महात्मा ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी की शुरुआत की। गोष्ठी का संचालन पिछड़ा वर्ग मोर्चा अमित शिवहरे और गोष्टि की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रमाकांत वर्मा ने किया। र्यक्रम संयोजक अजीत कुमार सैनी (जिला सोशल मीडिया प्रमुख पिछड़ा वर्ग मोर्चा) ने मुख्य अतिथि को प्रतिक चिन्ह के रूप में महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा फुले ने अपना पूरा जीवन महिलाओं और दलितों के उत्थान में लगा दिया। वह हमेशा से ही स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार दिलाने और बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए काम किया करते थे। वो 19वीं सदी के एक महान समाज सुधारक, समाजसेवी, लेखक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे।

# प्रोजेक्ट मैनेजर की लापरवाही पर डीएम की कार्रवाई

- डीएम ने सिलौटा वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का किया औचक निरीक्षण
- कार्यों की प्रगति धीमी देख प्रोजेक्ट मैनेजर पर लगाई 5 लाख की पेनाल्टी



संवाददाता। चित्रकूट

**जल** जीवन मिशन योजना के तहत अतरसुई गांव के पास सिलौटा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने औचक निरीक्षण कर सीएलएफ फिल्टर हाउस, केमिकल हाउस, फिल्टर मीडिया, इनलेट, स्विचऑर्ड, पंप हाउस, फ्लोरिन बिल्डिंग, सीडब्ल्यू, ट्रांसफार्मर डीजी, कैस्केड एयरटेर आदि के कार्यों की जानकारी लेकर विस्तृत चर्चा की।

मंगलवार को उन्होंने एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि यह योजना भारत सरकार व राज्य सरकार की है। मैन पावर बढ़ाकर तेजी से कार्य कराएं। 25 गांव को पानी देना है, इस बारे में जानकारी लेकर कहा कि स्कूल, आंगनबाडी, पंचायत भवन, सब सेंटर जहां हैं, वहां भी कनेक्शन दिये जाए। स्कूलों को दो पाइप कनेक्शन दिये जाएं।

न्होंने बताया कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे पूर्ण करना प्राथमिकता में है। प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि दिन-रात कार्य चल रहा है। जल्द वाटर ट्रीटमेंट के बाद क्लियर वाटर राइजिंग मेन की टेस्टिंग का कार्य शुरू होगा। राज्य और भारत सरकार मिलकर जल जीवन मिशन स्कीम जिले की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के निदान की बड़ी योजना है। इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के हर घर जल से मिलना है।

उन्होंने रैपुरा इंटेकवेल के तहत कराए कार्यों की प्रगति धीमी होने पर एक्सईएन अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) संजय कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री निवासन के कार्य में लापरवाही बरतने पर पांच लाख की पेनाल्टी लगाएं। टीपीआई को निर्देश दिये कि सेकेंड फेज में कितने किमी गैप है एवं कितने दिन में पूरा होगा, उसका सर्वेक्षण कर बतायें।

# भाजपा युवा नेता कृष्णा निषाद के निकाय चुनाव आवेदन से दल में मची हलचल



- सांसद बाबूराम निषाद के भतीजे कृष्णा सभी वर्गों में रखते हैं जबरदस्त पकड़

**हमीरपुर।** निकाय चुनाव में हमीरपुर नगर पालिका सीट से भाजपा से राज्यसभा सदस्य(सांसद) के भतीजे कृष्णा निषाद के टिकट का आवेदन कर देने से दल में हलचल मच गयी है। टिकट वितरण को लेकर समस्त समीकरण बदले हुये नजर आ रहे है। जानकारी के मुताबिक जैसे जैसे स्थानीय निकाय चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है,वैसे ही राजनैतिक दलों में चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। जिले में निकाय चुनाव आते ही हमीरपुर व राठ सीट के लिये दलों के लोग टकटकी निगाहों से देखना शुरु कर देते है। जिले की दोनों सीटे बहुत ही महत्वपूर्ण बतायी जाती है। क्योकि राजनैतिक दलों के लोग हमीरपुर व राठ विधानसभा क्षेत्र मे ही रहते है। हर दल के नेता इन्ही दोनो सीटो से निकलकर प्रदेश व देश की राजनीति करने में सफल होते है। जिले में नगर पालिका की चार व नगर पंचायत की तीन सीटे है,भाजपा में टिकट को लेकर मारामारी मची है, मगर राज्यसभा सदस्य(सांसद) बाबूराम के भतीजे कृष्णा निषाद के अचानक चुनावी मैदान में कूदने से हर दल के समीकरण गड़बड़ाते नजर आ रहे है। युवा नेता कृष्णा निषाद कई सालों से जन सेवा कर रहे हैं।

सभी वर्गों में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले कृष्णा निषाद के आवेदन से दल के कद्दावर नेताओं में खलबली मच गयी है इसको लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। हमीरपुर सदर सीट में वैसे तो अब तक निषाद बिरादरी के ही चेयरमैन पद पर पदासीन होते आ रहे हैं।

# भाजपा-सपा में है दावेदारों की लम्बी लाइन, चाचा-भतीजा आमने-सामने



**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही सबसे ज्यादा भीड़ भाजपा कार्यालय में दिखती है। भाजपा किसे प्रत्याशी घोषित करती है, ये भविष्य के गर्भ में है। भाजपा व सपा में प्रत्याशियों की लम्बी फेहरिश्त है। भाजपा से टिकट को चाचा/निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व भतीजा/व्यापारी नेता शानू गुप्ता आमने-सामने आ गये हैं। जिले में नगर पालिका समेत तीन नगर पंचायतों में चुनाव 11 मई को होने हैं। नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशियों ने टिकट पाने को पार्टी कार्यालयों में जुगत लगानी शुरु कर दी है। आयोग के निर्देश पर आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन की पुताई शुरु करा दी है। भाजपा-सपा खेमे में प्रत्याशियों की लम्बी लाइन है। कांग्रेस, बसपा व आप के कार्यालयों में भी दावेदार हाजिरी लगा रहे हैं। भाजपा से निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के भतीजे/व्यापारी नेता शानू गुप्ता दोनों ने सींगपैनाई शुरु कर दी है। चाचा पोस्टर लगवा रहे हैं तो भतीजे डीजे से शहर में प्रचार करते देखे जाते हैं।

# पुलिसकर्मियों की पिटाई कर फाड़ी वर्दी

**फर्रुखाबाद।** बीती रात दबंगो नें शराब के नशे में पुलिस कर्मियों की पिटाई कर दी। साथ ही सिपाही की वर्दी फाड़कर नेम प्लेट नोच ले गये। मामले में एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना कादरी गेट के चौकी आवास विकास के सिपाही संजय कुमार व होमगार्ड जितेन्द्र सिंह की डियूटी बीती रात चीता मोबाइल पर लगी थी। सिपाही संजय सिंह नें दर्ज करायी गयी एफआईआर में बताया कि उनके पास कांस्टेबल संजीब कुमार का फोन आया कि चौकी से करीब 100 मीटर दूर गायत्री पब्लिक स्कूल के निकट कुछ लोग शराब के नशे में गाली.गलौज कर रहे हैं। सूचना मिलने पर कांस्टेबल संजय और होमगार्ड जितेन्द्र मौके पर पंहुचे । कांस्टेबल संजय ने बताया कि मौके पर सूर्य प्रताप सिंह उर्फ सूरज सिंह पुत्र कौशलेन्द्र सिंह निवासी रूनी जहानगंज अपने दो अज्ञात साथियों के साथ शराब के नशे में हंगामा कर रहे है। पुलिस कर्मियों नें जब उन्हें मना किया तो अभद्रता करने लगे। सादा कपड़ों में वीडियो बना रहे सिपाही संजीव कुमार के साथ लात घूसों से पिटाई कर दी और कांस्टेबल संजय कुमार को भी पीटकर वर्दी फाड़ कर नेम प्लेट नोच ली।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सादा कपड़ो में गये पुलिस कर्मियों नें चिकन खाया। इसके बाद पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। मामला यहां तक पहुंच गया। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि कांस्टेबल की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## हाईटेंशन लाइन चिंगारी से 70 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र में आज अचानक हाईटेंशन विद्युत तार लाइन से निकली चिंगारी के नीचे गिरते ही 17 किसानों की करीब 70 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फतेहगढ़ फायर ब्रिगेड सूत्रों ने आज बताया कि फर्रुखाबाद तहसील सदर के थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम झसी में दोपहर करीब 1:30 बजे अचानक तेज हवाओं से हाईटेंशन विद्युत तार लाइनों के आपस में टकराव होने से निकली चिंगारी के गेहू के खेत में नीचे गिरते ही आग लग गई। इसके बाद तेज हवाओं के सहारे इस आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते किसानों की करीब 70 बीघा गेहूं की खड़ी फसल धू.धू कर जलने लगी। इस अग्निकांड को देखकर ग्रामीण बड़ी संख्या में आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। इसीदौरानपुलिसडायल.112 थाना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर जा पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से गेहूं की फसल में लगी आग को करीब 3:30 बजे कड़ी मशक्कत के बाद बुझाने में कामयाबी पाई गई। इधर घटना की सूचना मिलने पर राजस्व टीम क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर फसल नुकसान आंकलन एवं राहत हेतु पहुंचे।

## क्विक न्यूज

### हत्याभियुक्त पिता पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र में सिमनौड़ी गांव में कल पिता व पुत्र द्वारा मिलकर बुजुर्ग की हत्या करने के मामले को पुलिस ने चौबीस घंटे में खुलासा कर हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने आज बताया कि सोमबार को दोपहर गांव में कामता ने अपने पुत्र सुशील से मिलकर बुजुर्ग रामगुलाम(75)की हत्या कुल्हाडी से कर दी थी। रामगुलाम के छोटे पुत्र कालीचरन ने दोनो के खिलाफहत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आज नजरपुर गांव के पास पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। एएसपी ने बताया कि सुशील दो दिन पहले गुजरात से लौटा था वह किसी कारखाने में काम करता था। कल पिता पुत्र दोनो ने मिलकर हत्या का अंजाम दिया है।

### किसान सभा का है गौरवशाली इतिहास : रुद्र प्रसाद मिश्र

**चित्रकूट।** उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने अखिल भारतीय किसान सभा के 88वें स्थापना दिवस पर कहा कि किसानों के गौरवशाली इतिहास को पढा-लिखा जाता है। जमीदारों के शोषण-उत्पीड़न के खिलाफकिसानों को संगठित कर बडी लडाईयां अंग्रेजों के खिलाफकिसान सभा ने लडी हैं। हैदराबाद के नवाबों के खिलाफतेलंगाना के किसान सशस्त्र आन्दोलन, पंजाब का कूका आन्दोलन, महाराष्ट्र में आदिवासियों का बर्ली आन्दोलन, करनाल का आन्दोलन, केरल में वायालार का आन्दोलन प्रमुख आन्दोलन हैं। मंगलवार को का रुद्र प्रसाद मिश्र ने भारतीय किसान सभा का इतिहास बताते हुए कहा कि किसान सभा का आन्दोलन स्वामी सहजानन्द सरस्वती की अगुवाई में बिहार से शुरु हुआ था।

### उरई निवासी रोहन के डिप्टी एसपी बनने पर खुशी की लहर



**उरई, जालौन।** यूपीपीसीएस 2022 का रिजल्ट शुक्रवार को घोषित कर दिया था। जनपद जालौन के उरई निवासी रोहन चौरसिया का डिप्टी एसपी के पद पर चयन होने पर जनपद में खुशी की लहर है। रोहन चौरसिया का पैतृक गांव गढ़र है। हाल निवास रामनगर उरई है। इनके पिता का नाम स्व. सबल सिंह चौरसिया व माता राधा चौरसिया एवं दादा छोटेलाल चौरसिया जो की भूमि संरक्षण निरीक्षक से सेवानिवृत है। रोहन ने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पब्लिक स्कूल से हुई है। इसके बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई बृज कुंवर देवी एल्ड्रिंच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई से की।

### एचसी कांवेंट स्कूल में परीक्षाफल पाकर बच्चों के चेहरे खिले



जालौन, उरई। एचसी कांवेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं कक्षा में सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों का पुरस्कार वितरण समारोह हरिश्चंद्र पैलेस में संपन्न हुआ। जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एचसी कांवेंट स्कूल के परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मौजूद रहे। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन परीक्षाओं के दौरान करते हैं। उस प्रदर्शन का पारितोषक उन्हें परीक्षाफल वितरण के दौरान मिलता है। वहीं सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि सभी बच्चे किसी न किसी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते है। बस उनके हुनर को पहचानने की आवश्यकता है।

### ईश्रीय विश्वविद्यालय सुख शान्ति भवन का डीएम ने किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** श्री सिद्धपीठ ताम्बेश्वर मन्दिर के पूरब में स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भवन सुख शान्ति भवन का जिलाधिकारी श्रुति द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया। प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदियों द्वारा बुके देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने सुख शान्ति भवन का शिलापट्ट का अनावरण भी किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान को देश मे सभी लोग जानते है, मन के उपचार के लिए कोई विद्यालय नही है, मन की शांति जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है, क्योकि चिन्ता से हृदय की गति सही से नही चलती है, जो शरीर के लिए घातक है, मन को शांति प्रदान करने के लिए इस सेवा केन्द्रों के माध्यम से दीदियों द्वारा ध्यान (मेडिटेशन) कराने में संहायता प्रदान की जाती है

# एमएल कांवेंट स्कूल में जल्द स्थापित होगी देश की पहली ग्रामीण इसरो लैब

संवाददाता। जालौन, उरई



**भारत** की प्रथम ग्रामीण इसरो लैब एमएल कांवेंट स्कूल में स्थापित होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो के संरक्षण में पहली ग्रामीण अंतरिक्ष (स्पेस) लैब एमएल कांवेंट स्कूल में स्थापित की जाएगी। इसके लिए विद्यालय का मैमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग 5 वर्षो के लिए संपन्न हुआ। 24 अप्रैल 2023 को इस लैब की शुरूआत कर दी जाएगी। जिसमें अन्य प्रदेशों के भी बच्चे प्रवेश ले सकेंगे।

छात्रों के भारत की पहली ग्रामीण अंतरिक्ष लैब छात्रों के प्रशिक्षण के लिये एमएम कांवेंट स्कूल में दिनांक 10 अप्रैल 2023 को स्थापित कर एग्रीमेन्ट किया गया। जिसमें 7 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त होगा। विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने बताया कि अब प्रदेश के अन्य प्रान्तों के भी छात्र अपनी जिज्ञासा के अनुरूप विभिन्न तकनीकियों तथा अन्तरिक्ष विज्ञान के ज्ञान को स्वयं निखार पायेंगे। यह लैव सरकारी व गैर सरकारी स्कूल के छात्रों को अन्तरिक्ष विज्ञान में उज्जवल भविष्य पथ प्रदर्शक बनेगी। भारत सरकार के द्वारा प्रदेश में प्रथम अन्तरिक्ष प्रय वैज्ञानिको के संरक्षण अग्रसित की जायेगी।

प्रदेश की प्रथम प्रयोगशाला में विभिन्न तकनीकियों में रोबोर्ट, ड्रोन उड़ाना, सेटेलाइट का प्रेक्षण, ट्रेनिंग एयर क्राफ्ट का प्रेक्षण तथा टेलीस्कोप प्रशिक्षण स्कूल में निर्मित इसरो की प्रयोगशाला में दिया जायेगा। अब छात्र अन्तरिक्ष के सागर में गोते लगा सकेगें। इस लैब के अन्तर्गत खगोली घटनाओं (ग्रहण, उपग्रह की चाल, ग्रहों की स्थिति) का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण कर सकेंगे। छात्रों को इसरो के प्रेक्षणों के साथ शामिल होने का मौका प्राप्त होगा।

# बांदा में बनेंगी तेरह नई सड़कें, मिली स्वीकृति

**बांदा।** जनपद बांदा में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयाशों से तथा उनके द्वारा दिये गये प्रस्ताव के सापेक्ष बांदा सदर विधान सभा में बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्याशं) वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत 13 नई सड़के स्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 16 करोड़ रुपये है। इन सड़कों के अन्तर्गत खुरहण्ड गॉव, सरस्वाह, सौंता, रेउना, अलिहा रजवहा छिबॉव, काजीपुर, चैसड़, विगहना, कतरावल, कुरौली, कनवारा तथा बांदा नगर की दीप शिखा कलोनी, बाबा तालाब आदि क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इन स्वीकृत रोडों के साथ-साथ विधायक के प्रस्तावों के सापेक्ष त्वरित अर्थिक विकास योजनान्तर्गत बांदा सदर विधान सभा के बांदा नगर व बिसण्डा में पॉच नई रोडें स्वीकृत हुई हैं जिनकी कुल लागत लगभग तीन करोड़ रुपए है। विधायक द्वारा बताया गया कि जहां ग्रामीण मार्गो के निर्माण से गांव से गांव की कनेक्टविटी को बढ़ावा मिलेगा और विकास की धारा बहेगी।

# एडीएम कोर्ट से सपा नेता हाजी रज़ा को 18 अप्रैल तक मोहलत



**फतेहपुर।** गुंडा एक्ट एव जिला बदर की करवाई तामील के लिये नोटिस मिलने के बाद तय समय पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नज़ाकत खातून के पुत्र एव अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी रज़ा मंगलवार को अपने अधिवक्ताओं के साथ अपर जिलाधक्कारि न्यायिक धीरेंद्र प्रताप की कोर्ट में पेश हुए जहां से अधिवक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिये अगली तिथि 18 अप्रैल निर्धारित करते हुए पेश रहने का निर्देश दिया गया। वही हाजी रज़ा ने नगर पालिका चुनाव देखते हुए सत्ता पक्ष पर साजिश रचने का आरोप लगाया। नगर पालिका परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष नज़ाकत खातून के पुत्र एवं प्रतिनिधि हाजी रज़ा सपा की ओर से नगर पालिका परिषद के चुनाव में अध्यक्षी के प्रबल दावेदार है। पूर्व में भाजपा नेता फैज़ान रिज़्वी के साथ मारपीट की घटना में दर्ज एफआईआर के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा था जिसके बाद लगभग छह माह बाद ज़मानत मिली थी। पूर्व का आपराधिक इतिहास को देखते हुए सपा नेता हाजी रज़ा को एडीएम की अदालत से गुंडा एक्ट व जिला बदर कार्रवाई के लिये नोटिस भेजा गया था जिसमे उन्हें 11 अप्रैल को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था।

# पेज एक का शेष

## चेतावनी को...

सुखजिंदर सिंह रंधावा की चेतावनी पर पायलट ने कहा, भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर मैंने अपनी बात रखी थी। अगर कोई बात संगठन की होती तो निश्चित रूप से मैं बात संगठन के मंच पर करता लेकिन सरकार से संबंधित मामला था और मैंने एक साल पहले से ही आग्रह कर रहा था। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि भ्रष्टाचार को लेकर हमारी शून्य बर्दाश्त की नीति है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरा देश है तमाम विपक्ष व कांग्रेस पार्टिंया व हम सब लोग मिलकर इसके खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे। पायलट ने कहा, हमारा यह संघर्ष जारी रहेगा, हम चाहते हैं देश प्रदेश में स्वच्छ राजनीति हो। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आज मैंने जो अनशन किया है, वह देश में हमारे आंदोलन को गति देगा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस अनशन के साथ ही पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ फिर मोर्चा खोल दिया है। दिसंबर 2018 में राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही इन दोनों नेताओं में खींचतान जारी है। कांग्रेस के सत्ता में आने के समय पायलट राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष थे। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा दी गई चेतावनी से विचलित हुए बिना पायलट मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे यहां शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे। पायलट पांच घंटे तक डायस पर अकेले बैठे रहे और उनके पीछे एक बड़ा बैनर लगा था जिसमें कार्यक्रम को भाजपा की वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल के दौरान 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ अनशन बताया गया था। मंच पर 'वैष्णव जन को तेने कहिए' भी बज रहा था। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पायलट समर्थक मौजूद रहे, हालांकि पार्टी का कोई बड़ा चेहरा या मौजूदा विधायक वहां नजर नहीं आया। पायलट ने मौजूदा विधायकों से इस कार्यक्रम में नहीं आने को कहा था।

## भाजपा ने...

पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि राज्य भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग क्यों नहीं की गई। राठौड़ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक घोटाले में पायलट की अपनी पार्टी के लोग जुड़े हुए हैं। आखिर क्यों नहीं उन्होंने सीबीआई जांच की मांग उठाई। यदि इन्हें लगता था कि इनका स्वाभिमान इतना है, राजस्थान के लिए इनका प्यार इतना है तो उस समय सीबीआई जांच की मांग करते। राठौड़ ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति का भय है। राठौड ने कहा कि दिल्ली में नेशनल हेराल्ड मामला चल रहा है, उस पर पूरी तरह से छानबीन होगी। राजस्थान के अंदर बहुत सारे इनके लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कांग्रेस नेताओं को इस बात का है कि अब कौन उस शिकंजे में फंसेगा, लेकिन पूरी जांच होगी, क्योंकि हमें भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है।

## भाजपा लगातार...

की गई उनकी विवादास्पद टिप्पणियों की ओर इशारा करते हुए शाह ने कहा, उन्होंने(राहुल ने) विदेशी धरती से भारत का अपमान किया। यदि वह ऐसा करना जारी रखेंगे, तो कांग्रेस का न केवल पूर्वोत्तर से, बल्कि पूरे देश से सफाया हो जाएगा। शाह पड़ोसी राज्य अरुणाचल प्रदेश से यहां पहुंचे हैं। उन्होंने ...कब्र खुदेगी टिप्पणी पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहने का कोई कारण नहीं है क्योंकि प्रत्येक भारतीय उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा है। वे (कांग्रेस) हमारे प्रधानमंत्री की जितनी निंदा करेंगे, उतना ही ज्यादा कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा। शाह ने कहा कि विवादास्पद सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम,1958 या आफस्पा को असम के 70 प्रतिशत इलाकों से हटा लिया गया है, जबकि बोडोलैंड और कार्बी आंगलोंग इलाके शांतिपूर्ण हैं तथा पड़ोसी राज्यों के साथ राज्य के सीमा विवाद का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पहले, असम को आंदोलन और आतंकवाद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब शांति है और लोग बिहू संगीत की धुन पर नृत्य कर रहे हैं। उन्होंने गुवाहाटी में 14 अप्रैल को आयोजित किए जाने वाले एक कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह कहा। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी वाले इस कार्यक्रम में 11,000 से अधिक नर्तक-नर्तकी भाग लेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि असम में भाजपा सरकार ने 12 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए हैं तथा 12 और प्रक्रिया में हैं, जबकि प्रधानमंत्री रोंगाली बिहू के अवसर पर राज्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन करेंगे।

## शाह के...

जाएगी। बागची ने कहा, हम चीनी अधिकारियों की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हैं। भारतीय नेता उसी तरह से नियमित रूप से अरूणाचल प्रदेश की यात्रा करते हैं, जैसे वे भारत के किसी दूसरे राज्य की करते हैं। उन्होंने कहा, अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था और हमेशा रहेगा। ऐसी यात्राओं पर आपत्ति करने का कोई कारण नहीं है और ऐसा करने से वास्तविकता बदल नहीं जाएगी।

## ग्रुप कैप्टन...

बड़ा अंतराल था। मानक संचालन प्रक्रियाओं का उल्लंघन किए जाने की बात भी सामने आई है। आईएफएफ वायु रक्षा रडार को यह पता लगाने में मदद करता है कि कोई विमान या हेलीकॉप्टर मित्र है या शत्रु। गौरतलब है कि हेलीकॉप्टर 27 फरवरी 2019 को पूर्वाह्न करीब 10 बजे बडगाम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जब भारतीय और पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों के बीच नौशेरा में एक हवाई झड़प हुई थी। इसके एक दिन पहले, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के प्रशिक्षण शिविरों पर हमला किया था।

## भारत में...

भारत में मुस्लिम समुदाय का हर वर्ग अपना काम कर रहा है। पाकिस्तान में हर अल्पसंख्यक समूह की संख्या कम होती रही है। कुछ मुस्लिम फिरके के लोगों की भी संख्या कम हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में विधि व्यवस्था राज्यों का विषय है और हर सूबे में अपनी चुनी हुई सरकार है जो प्रांतों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को देखती है। उन्होंने कहा कि यह धारणा केवल एक भ्रम है कि पूरे भारत में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता है। हर प्रांत और उसकी पुलिस अलग है। उनका संचालन उन सूबों की चुनी हुई सरकारें करती हैं। लिहाज़ा यह अपने आप बताता है कि कैसे इन खबरों में भारत में कानून एवं व्यवस्था प्रणाली की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे तो मैं कहना चाहूंगी कि 2014 से आज के बीच, क्या आबादी घटी है, क्या किसी समुदाय विशेष पर कर्ज बहुत ज्यादा है। दुनिया की मुस्लिम आबादी का करीब 62 फीसदी हिस्सा एशिया-प्रशांत क्षेत्र (तुर्किए से इंडोनेशिया तक) में रहता है जिसकी आबादी एक अरब है। सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी इंडोनेशिया में है। इस देश में दुनिया की मुस्लिम आबादी का 12.7 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।

## सीमापार से...

अस्तित्व में नहीं रह सकते हैं। भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) हथियार और मादक पदार्थ ला रहे पाकिस्तानी ड्रोन को अक्सर मार गिराते हैं। इस बाबत सबसे हाल की घटना एक अप्रैल की है जब बीएसएफ ने कहा कि उसके जवानों ने जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। यह मध्य मार्च के बाद दूसरी ऐसी घटना है। अमेरिका के विशेष राजनीतिक मामलों के प्रतिनिधि राजदूत रॉबर्ट वूड ने चर्चा में कहा कि अवैध तस्करी का सबसे बड़ा खतरा युद्ध के मैदान में रूस और रूस समर्थक बलों द्वारा हथियारों पर कब्जा करने से पैदा होता है।

## राहतः अल...

नीना, अल नीनो की विपरीत स्थिति है। इसके बावजूद, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा कि भारत में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून (जून से सितंबर) के दौरान सामान्य बारिश हो सकती है। यह दीर्घावधि औसत का 96 फीसदी (इसमें पांच प्रतिशत ऊपर या नीचे हो सकता) है। दीर्घावधि औसत 87 सेमी है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि बारिश के सामान्य और सामान्य से ज्यादा होने की 67 फीसदी संभावना है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कम मॉनसून वर्षा की 20 फीसदी संभावना जताई है, जबकि आईएमडी के अनुमान के मुताबिक यह 16 फीसदी है। महापात्रा ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत, पश्चिम मध्य और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान सामान्य और सामान्य से कम बारिश होने का पूर्वानुमान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रायद्वीपीय क्षेत्र, इससे लगे पूर्वी मध्य, पूर्वी, पूर्वोत्तर क्षेत्रों के कई हिस्सों में तथा उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य बारिश हो सकती है।

# चीन की सेना ने कहा-लड़ाई के लिए तैयार हैं

● ताइवान के आसपास अभ्यास पूरा

भाषा। ताइपे

**चीन की सेना** ने सोमवार को घोषणा की कि वह ताइवान के चारों ओर तीन दिवसीय व्यापक युद्ध अभ्यास करने के बाद लड़ाई के लिए तैयार है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी और अमेरिका ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की मुलाकात के बाद चीन की ओर से यह आक्रामक कार्वाई की गई। चीन की सेना ने पहले कहा था कि यह जॉइंट स्वॉर्ड अभ्यास लड़ाई की तैयारी के लिए की गई गश्त है और स्वशासित ताइवान को एक चेतावनी है जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन ने सोमवार को कहा, सैनिक लड़ने के लिए तैयार हैं और किसी भी समय ताइवान की स्वतंत्रता के किसी भी रूप को पूरी तरह से नष्ट करने और विदेशी हस्तक्षेप के प्रयास को रोकने के लिए दृढ़तापूर्वक लड़ सकते हैं। चीन की सरकारी मीडिया ने यहां बताया कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के ईस्टर्न थिएटर कमान ने ताइवान द्वीप के आसपास गश्त और अभ्यास के सभी कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह अभ्यास पिछले साल अगस्त में चीन द्वारा किए गए अभ्यासों से समान था, जब अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के खिलाफ उसने ताइवान के आसपास समुद्र में लक्ष्यों पर मिसाइल हमले शुरू किए थे। हालांकि हमले छोटे और कम विघटनकारी थे। चीन की यह कार्वाई ऐसे समय में की गई है जब उसके आक्रामक रवैए के बावजूद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की मेजबानी की।

## चीन ने जिम्मेदारी भरा व्यवहार नहीं किया

● ताइवान की राष्ट्रपति ने की निंदा



ताइपे। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने ताइवान जलडमरूमध्य में चीन के सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि चीन ने एशिया का एक बड़ा देश होने के नाते जिम्मेदारी भरा व्यवहार नहीं किया। चीन का तीन दिवसीय व्यापक अभ्यास सोमवार को समाप्त हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी की ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से पिछले सप्ताह कैलिफोर्निया में मुलाकात के बाद चीन की ओर से यह आक्रामक कार्वाई की गई। साई ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, एक राष्ट्रपति के तौर पर, मैं दुनिया में अपने देश का प्रतिनिधित्व करती हूं भले ही वह सहयोगी देशों की यात्रा हो या किसी यात्रा के दौरान अमेरिका में रुकना और अपने विदेशी दोस्तों से बातचीत करना... यह न केवल कई वर्षों से जारी है बल्कि यह ताइवान के लोगों की साझा आकांक्षा भी है। उन्होंने कहा, हालांकि चीन ने इसका इस्तेमाल सैन्य अभ्यास करने, ताइवान जलडमरूमध्य और क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न करने के लिए किया। क्षेत्र में एक बड़ा देश होने के नाते उसका यह रवैया नहीं होना चाहिए। चीन का कहना है कि विदेशी अधिकारियों और द्वीप की लोकतांत्रिक सरकार के बीच संपर्क ताइवान के लोगों को प्रोत्साहित करता है जो औपचारिक स्वतंत्रता चाहते हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का कहना है कि इससे युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दोनों पक्ष 1949 में एक गृहयुद्ध के बाद अलग हो गए थे। चीन का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी तो द्वीप को मुख्य भूमि में फिर से शामिल किया जा सकता है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने युद्धाभ्यास समाप्त होने की एक चेतावनी भी जारी की है।

# बाइडन ने अमेरिका में कोविड-19 से संबंधी राष्ट्रीय आपात स्थिति खत्म की



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कांग्रेस में एक द्विदलीय प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के बाद अमेरिका में कोविड-19 से निपटने के लिए लगाई गई राष्ट्रीय आपात स्थिति को करीब तीन साल बाद खत्म कर दिया गया है। कुछ सप्ताह बाद ही सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित एक अन्य आपात स्थिति की मियाद भी खत्म होने वाली है। राष्ट्रीय आपात स्थिति लगने के बाद सरकार कोविड महामारी से निपटने और देश की अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी प्रणाली में सहयोग को लेकर कड़े कदम उठाती है। कुछ आपात स्थितियों को पहले ही सफलतापूर्वक खत्म कर दिया गया है जबकि अन्य को चरणबद्ध तरीके से खत्म किया जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के कारण अमेरिका-मैक्सिको की सीमा पर बेहद कड़े आव्रजन नियम लगाए गए थे जो 11 मई को खत्म होने वाले है। व्हाइट हाउस ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि बाइडन ने सार्वजनिक रूप से इस (राष्ट्रीय आपात स्थिति से संबंधित) प्रस्ताव का विरोध किया था और अब उन्होंने इसे खत्म करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। पिछले महीने 23 के मुकाबले 63 वोट से सीनेट में इस प्रस्ताव को पारित किया गया था। इसके बाद बाइडन ने सांसदों को बताया कि वह इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले हैं।

## न्यूयॉर्क सिटी में ई-बाइक में आग लगने से दो बच्चों की मौत, चार घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में लिथियम आयन बैटरी से संचालित एक इलेक्ट्रिक बाइक में सोमवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो बच्चों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क में ई-बाइक में आग लगने की यह ताजा घटना है। दमकल विभाग न्यूयॉर्क के प्रमुख जॉन होजेस ने कहा कि घटना क्वीन्स होम के एस्टोरिया में हुई और दमकलकर्मियों को घटनास्थल पर पहुंचने में सिर्फ तीन मिनट का समय लगा। बाइक को घर के प्रवेश द्वार के सामने ही चार्ज किया जा रहा था और ई-बाइक में लगी आग ने जल्द विकराल रूप ले लिया जिससे पीड़ितों को इमारत से निकलने का मौका नहीं मिला तथा आग जल्द अपार्टमेंट के दूसरे तल की सीढ़ियों तक फैल गई। होजेस ने कहा कि घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे हुई जिसमें दो बच्चों की मौत हुई है। हालांकि घटना के वक्त इमारत की दूसरी मंजिल पर मौजूद एक व्यक्ति और उसके तीन बच्चे अपार्टमेंट की खिड़की से कूदने के कारण चोटिल हो गए।

## दक्षिणी प्यूर्टो रिको में एक दुकान पर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, दो घायल

सैन जुआन। प्यूर्टो रिको में सोमवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हमला दक्षिणी तटीय शहर गुआयामा में स्थित एक दुकान पर हुआ। हमले में घायल हुए दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन उनकी स्थिति के बारे में उन्हे कोई जानकारी नही है। अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल गोलीबारी की वजह का पता नही चला है।

## पाकिस्तानी संसद में सभी विधानसभाओं के चुनाव एक ही दिन कराने का प्रस्ताव पारित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संसद के एक संयुक्त सत्र ने देश को बचाने के लिए राष्ट्रीय तथा प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव एक ही दिन कराने की मांग संबंधी प्रस्ताव सोमवार को पारित कर दिया। यह प्रस्ताव तब लाया गया जब उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह पंजाब प्रांत में 14 मई को चुनाव कराने का आदेश दिया था। प्रस्ताव में दलील दी गई कि पंजाब मे अलग-अलग चुनाव कराने से प्रांत मे आम चुनाव के नतीजों पर असर पड़ेगा। पंजाब मे 14 मई को चुनाव कराए जाने है लेकिन खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव की तारीख पर अभी तक फैसला नही लिया गया है।

## फ्रांस में इमारत ढहने से छह लोगों की मौत

पेरिस। फ्रांस के मार्सिले शहर मे एक इमारत ढहने से छह लोगों की मौत हो गई है। एक अभियोजक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अभियोजक डोमिनिक लॉरेन्स ने बताया कि रविवार को तड़के भीषण विस्फोट मे इमारत के ढहने पर पहला शव मिलने के बाद इसकी जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि विस्फोट मे मारे गए छह लोगो मे से चार लोगो की पहचान कर ली गई है। उन्होने बताया कि मृतकों मे 74 वर्षीय एक दंपती तथा 88 वर्षीय और 65 वर्षीय दो महिलाएं थी। लॉरेन्स ने बताया कि बचावकर्मी मंगलवार को भी दो लापता लोगों की तलाश मे जुटे है।

## अमेरिका की श्रीलंका में सैन्य अड्डा बनाने की कोई योजना नहीं: अमेरिकी राजदूत

कोलंबो। श्रीलंका मे अमेरिकी राजदूत जूली जे. चुंग ने कहा है कि उनके देश का यहां सैन्य अड्डा बनाने का कोई इरादा नही है। इसके साथ ही चुंग ने श्रीलंका को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे एक महत्वपूर्ण देशै करार दिया। अमेरिकी राजदूत की यह टिप्पणी अमेरिका के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियो के अमेरिकी वायुसेना के दो विशेष विमानो से यहां पहुंचने के कुछ सप्ताह बाद आई है।

## क्वेटा में आतंकवादी एवं चार सुरक्षाकर्मी मारे गए

क्वेटा। पाकिस्तान के दक्षिणपश्चिम शहर क्वेटा मे मंगलवार तड़के पाकिस्तानी तालिबान के एक संदिग्ध ठिकाने पर सुरक्षाबलो के छापे के बाद छिड़ी मुठभेड़ मे एक आतंकवादी कमांडर एवं चार सुरक्षा अधिकारी मारे गए।

## ब्रिटेन में विपक्ष चुनाव की तैयारियों में जुटा, सुनक व अक्षता को बनाया निशाना

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी अगले महीने इंग्लैंड में परिषदों के लिए होने वाले स्थानीय चुनावों की तैयारियों में जुट गई है और इस क्रम में उसने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया में तीखे शब्दों वाले विज्ञापन जारी किए हैं। लेबर पार्टी के इस अभियान को अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले की कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी ने सुनक और उनकी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों की वजह से मतदाताओं के लिए जीवन यापन कठिन हो गया है। पार्टी ने अक्षता मूर्ति से जुड़े कर विवाद को अपने विज्ञापनों में प्रमुखता दी है और सवाल किया है, क्या आपको लगता है कि कामकाजी लोगों के लिए कर बढ़ाना उचित है, जबकि आपके परिवार को कर संबंधी खामियों से फायदा हुआ है? लेबर पार्टी ने एक बयान में कहा कि अगर उसकी सरकार बनती है तो वह इस साल परिषद कर पर रोक लगा देगी। पार्टी ने कर संबंधी खामियों को भी दूर करने का वादा किया है।

# जयशंकर ने युगांडा के विदेश मंत्री से मुलाकात की

● करीबी व ऐतिहासिक संबंधों का जायजा लिया

भाषा। कंपाला



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने यहां मंगलवार को युगांडा के अपने समकक्ष मंत्री जनरल ओदोंगो जेजे से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच करीबी व ऐतिहासिक संबंधों का जायजा लिया। जयशंकर ने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और हवाई यातायात में साझेदारी की संभावना तलाशी जा रही है। वह युगांडा एवं मोजम्बिक के साथ भारत के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए दोनों अफ्रीकी देशों की 10 से 15 अप्रैल तक की यात्रा पर हैं। उन्होंने युगांडा के अपने समकक्ष मंत्री के साथ व्यापक चर्चा की और गर्मजोशी के साथ स्वागत करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। विदेश मंत्री ने एक ट्वीट में कहा, हमारे संबंधों से अधिक मजबूत हुए करीबी संबंध और ऐतिहासिक संबंधों का जायजा लिया। व्यापार व निवेश, ऊर्जा, रक्षा और हवाई यातायात की संभावना तलाशी जा रही है। बैठक के दौरान जयशंकर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कंपाला सिद्धांतों को डिजिटल, हरित एवं स्वास्थ्य परियोजनाओं पर केंद्रित करते हुए और अधिक क्रियान्वित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मोदी ने 2018 में 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों की एक श्रृंखला का अनावरण किया था, जो अफ्रीका के साथ भारत के संबंध को निर्धारित करेंगे। जयशंकर ने युगांडा के जल एवं पर्यावरण मंत्री सैम चेप्टोरिस, व्यापार मंत्री एम फ्रांसिस और विदेश मामलों के राज्य मंत्रियों से भी मुलाकात की। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में कहा, भारतीय विकास साझेदारी परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन का जिक्र किया, जिनका लक्ष्य सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण और मानव संसाधन क्षमता को बढ़ाना है। इससे पहले दिन में, विदेश मंत्री ने कहा कि भारत जी20 की अपनी अध्यक्षता का उपयोग इस प्रभावशाली मंच को वैश्विक आर्थिक विकास के इसके लक्ष्य पर केंद्रित रखने में करना चाहेगा।

## जलवायु परिवर्तन के लिए कोष उपलब्ध नहीं कराया गया: सीतारमण

वाशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जलवायु उद्देश्यो हासिल करने के लिए धन उपलब्ध नही कराने को लेकर पश्चिम देशो की खिंचाई करते हुए कहा कि भारत स्व-वित्त के जरिए जलवायु परिवर्तन की अपनी प्रतिबद्धताओ को पूरा कर रहा है। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अपनी लड़ाई मे भारत बेहद महत्वाकांक्षी तरीके से राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। हमने सीओपी21 और फिर सीओपी26 मे जो प्रतिबद्धताएं की उस पर तय मापदंडो के तहत काम कर रहे है, जिन पर यूएनएफसीसीसी (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) मे सभी सहमत हुए थे। इसलिए हम राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओ के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। मुझे यह बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि भारत ने पेरिस मे की गई अपनी सीओपी21 प्रतिबद्धताओं को बड़े पैमाने पर अपने स्वयं के धन से पूरा किया है। कोष (जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए) है, लेकिन उपलब्ध नही है। वादा किया गया, लेकिन इसका वितरण नही किया गया। हम जिस एक अरब की बात करते आए है, उस पर कुछ नही हुआ।

# अमेरिका के लीक खुफिया दस्तावेज: रूसी अधिकारियों ने यूएई के साथ नए रिश्तों का दावा किया

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के कुछ कथित रूप से लीक खुफिया दस्तावेजों में सामने आया है कि रूस के खुफिया अधिकारियों ने तेल समृद्ध संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को अमेरिका एवं ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियों के खिलाफ काम करने के लिए राज़ी कर लिया था। हालांकि इन दस्तावेज़ों पर अमेरिकी अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। एसोसिएटिड प्रेस (एपी) ने इन्हें देखा है। वहीं अरब देश ने सोमवार को इस आरोप को झूठा बता कर खारिज किया कि यूएई ने रूस की खुफिया एजेंसी के साथ अपने रिश्ते गहरे किए हैं। लेकिन अमेरिका की चिंता बढ़ गई है कि यूएई, रूस और रूसियों पर यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर लगाए गए प्रतिबंधों को विफल करने की अनुमति दे रहा है। दस्तावेज़ में नौ मार्च के एक शोध का हवाला है जिसका शीर्षक रूसायूएई: खुफिया रिश्ते गहरे। अमेरिकी अधिकारियों ने दस्तावेज़ की प्रमाणिकता की पुष्टि करने से इनकार किया है। हालांकि यह उन दस्तावेज़ों की तरह लगता है जो हाल में लीक हुए हैं। न्याय विभाग पेंटागन के दस्तावेज़ लीक होने के अंदेशे की जांच कर रहा है। इन्हें कई सोशल मीडिया साइट पर साझा किया गया है। ऐसा लगता है कि उनमें यूक्रेन को अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की मदद का विवरण है और अमेरिकी सहयोगियों के संबंध में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मूल्यांकन है।

# सिखों के हित में उठाए गए कदमों से खालिस्तानी आंदोलन कमजोर पड़ रहा है: सिख प्रतिनिधिमंडल

भाषा। वाशिंगटन



**सिख** अमेरिकियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां यात्रा पर आई वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से सिख समुदाय के हित में उठाए गए कदमों के कारण पृथक खालिस्तानी आंदोलन कमजोर पड़ रहा है। जसदीप (जस्सी) सिंह और कंवलजीत सिंह सोनी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने सीतारमण को पारंपरिक सरोपा, स्मृति चिन्ह और फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया। पिछले नौ वर्षों में सिख समुदाय की कई मांगों को लागू करने के लिए मोदी सरकार की सराहना करते हुए जस्सी सिंह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के इन कदमों के चलते अमेरिका में खालिस्तानी आंदोलन कमजोर हुआ है। सीतारमण के साथ मुलाकात के बाद मीडिया में जारी बयान में सिंह के हवाले से कहा गया है, पूरे अमेरिका में मुट्ठी भर खालिस्तानी ही हैं जिनकी वजह से पूरे सिख समुदाय की बदनामी हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सिख राष्ट्रवादी हैं और अखंड भारत के साथ खड़े हैं तथा सिखों से संबंधित सभी मुद्दों को भारत के ढांचे और संविधान के दायरे में हल किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि उन्होंने वित्त मंत्री से पंजाब पर उग्रवाद के दौरान चढ़े भारी कर्ज को माफ करने का अनुरोध किया और पंजाब को उद्यम क्षेत्र घोषित करने की मांग की जहां उद्योगों में निवेश किया जा सके ताकि पंजाब के युवाओं के पास अच्छा भविष्य हो।

# म्यांमा में सेना के हवाई हमलों में 100 लोगों के मारे जाने की आशंका

भाषा। बैंकॉक

**म्यांमा की सेना** द्वारा मंगलवार को किए गए हवाई हमलों में कई बच्चों सहित 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। ए लोग सैन्य शासन के विरोधियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। लोकतंत्र समर्थक समूह के एक सदस्य और स्वतंत्र मीडिया के जरिए यह जानकारी मिली। सेना ने फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट कर दिया था। तब से सेना अपने शासन के खिलाफ प्रदर्शनों को दबाने के लिए लगातार हवाई हमले करती रही है। तख्तापलट के बाद से सुरक्षा बलों की कार्वाई में 3,000 से अधिक नागरिकों के मारे जाने का अनुमान है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एक लड़ाकू विमान ने सागैंग क्षेत्र की कनबालु टाउनशिप में पाजिगी गांव के बाहर देश के विपक्षी समूह के एक स्थानीय कार्यालय के उद्घाटन के लिए सुबह आठ बजे एकत्रित लोगों की भीड़ पर बमबारी की। यह क्षेत्र देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से लगभग 110 किलोमीटर उत्तर में है। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि लगभग आधे घंटे बाद, एक हेलीकॉप्टर के जरिए गोलीबारी की गई। स्वतंत्र मीडिया की खबरों के मुताबिक शुरुआत में 50 लोगों के मारे जाने का अनुमान था, लेकिन यह संख्या अब 100 के आसपास हो चुकी है। सैन्य सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण घटना के बारे में स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। सरकार द्वारा नियंत्रित मीडिया में हमले की कोई खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, मैं उस वक्त भीड़ से कुछ दूरी पर था, जब मेरे एक दोस्त ने फोन पर बताया कि एक लड़ाकू विमान मंडरा रहा है। बाद में इस विमान ने भीड़ पर बम गिराए। दोस्त ने बताया कि वह विमान को देखकर पास की खाई में कूद गया और वहां छिप गया।

## तालिबान के प्रतिबंध के बाद अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति की समीक्षा करेगा संयुक्त राष्ट्र

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि वह अफगानिस्तान में अपनी मौजूदगी की समीक्षा कर रहा है। वैश्विक निकाय का यह बयान तालिबान द्वारा अफगान महिलाओं के संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने पर रोक लगाए जाने के बाद आया है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार रामसागर, नगर निगम पुराना नंबर-389 नया नंबर-381,एरिया 137.77 वर्ग गज मोहल्ला कीर्तन वाली गली बाजारिया गाजियाबाद में स्थित है।, को संजीव कुमार वर्मा से खरीदने जा रहे है तथा आदित्या बिरला फाइनान्स लिमिटेड के बंधक साथ रख रहे है, तथा संजीव कुमार वर्मा के पास ओरिजिनल 1. नंद किशोर धवन और टिको बाई का मृत्यु और उत्तरजीवी प्रमाणपत्र और टिको बाई के उत्तर जीविओ के बीच फैमिली सेट्लमेंट नहीं है अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति के संबंध में, कोई आपत्ति है, दावा है या बंधक से कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन के 8 दिनों के भीतर नीचे लिखे न. पर संपर्क कर अपने दावा और आपत्ति की जानकारी दे दे.

एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.- ७५. म. ९८९९०१३९१८

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to public at large that my client Mr. Vishal Kumar Pal who intends to purchase Plot no. 06, area measuring 57. Sq.yds. out of Khasra no. 225 Min, situated at area of village Mavai Janib Pargana Loni Tehsil & Distt Ghaziabad U.P. from Mr. Rahul Bindal, Mr. Sachin Bindal & Mrs. Reema Aggarwal who inherited the said property after the death of Mrs. Madhubala who was the owner through Sale Deed dated 20/08/1990 which was executed by Mr. Harkesh vide Doc. no. 11143. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever. **Mohd. Khairul Hussain (Advocate)**
A-38 Kailash Colony, Khaitan & Khaitan
New Delhi-110048, Mob.-8810391672

I, **Sahil Choudhary** S/o Manoj Kumar Choudhary along with 3 other applicants i.e. (Bharti Gera, Aarti Choudhary,and Manoj Kumar Choudhary) R/o **A-146,Upper Ground Floor,A-Block,Vikaspuri,Delhi-18** intending to purchase the property at Plot No.10,Road No.V-6,DLF City,Ph-III, Gurugram-122010 from Rishi Behki. Please note that the original sale deed No.6167 dated 20.10.89 had been lost by the allotee of the plot Babli Gupta therefore it's not available with Rishi Behki as well who is the present owner. A FIR with No. 2568256/2017 had already been lodged for this on 14/12/2017 when Rishi Behki had purchased this property from Babli Gupta. I am now purchasing this property from Rishi Behki and I am taking a loan for this property from State Bank of India and intending to create a mortgage on the above-mentioned property. If anyone has any claims,demand, rights,or concerns against the said property are hereby required to make the same known in writing with documentary proof at the above-mentioned address within 7 days from the date of publication hereof,failing which the claim to such person(s) if any will be considered as waived and the transaction of the said property shall be completed without any reference to such claim(s).

# घर में कुछ खास तरह के पौधे रखिए, सेहतमंद रहिए



भाषा। रीडिंग

**यूरोप** और अमेरिका में, लोग अपना 90 प्रतिशत समय घर के अंदर बिताते हैं। लेकिन अंदर इतना समय बिताना आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर 5 प्रतिशत वयस्क अवसाद से पीड़ित हैं। वर्ष 2021-22 के दौरान यूके में कुल कार्य दिवसों में से 55 प्रतिशत की हानि तनाव, अवसाद और चिंता के कारण हुई। हमारे मानसिक स्वास्थ्य में छोटे सुधार महत्वपूर्ण व्यक्तिगत और वित्तीय लाभ ला सकते हैं। हम में से जो लोग पूरे दिन घर के अंदर रहते हैं, उनके लिए पौधे लगाना प्रकृति से जुड़ने का एक आसान तरीका है। यह उन युवाओं के लिए विशेष रूप से सच है, जिनमें से कई बगीचे तक नहीं जा पाते। इनडोर पौधों के कई मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं। अनुसंधान ने घर के अंदर लगाए जा सकने वाले पौधों को कम तनाव, रक्तचाप में कमी और मन की बेहतर स्थिति से जोड़ा है। और कार्यालय के भीतर पौधे लगाने से उच्च कार्य संतुष्टि और कम स्वास्थ्य शिकायतें देखी गई हैं। प्रकृति से जुड़ने की हमारी अंतर्निहित इच्छा के कारण घर में लगाए जाने वाले पौधे हमें अच्छा महसूस कराते हैं, और घर के भीतर लगाए जाने वाले अधिकांश पौधों की पत्तियों का हरा रंग हमें शांति और सुकून देता है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा, सभी कई स्थितियों को सहन कर सकते हैं और इन्हें थोड़े से पानी की आवश्यकता होती है।मनोवैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि घुमावदार वस्तुएं मनुष्यों में सकारात्मक भावनाएं पैदा करती हैं। हमारा शोध दर्शाता है कि ए परिणाम घरेलू पौधों पर भी लागू होते हैं।रोइंग फिग और पोथोस जैसे गोल पत्तों वाले पौधे, या छतरीनुमा आकार वाले ताड़ के पौधे को हमारे अध्ययन के शामिल प्रतिभागियों द्वारा अधिक सुंदर और आराम देने वाले बताया गया।

## लेकिन आपको किसे चुनना चाहिए?

पिछले साल, यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग और रॉयल हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी के सहयोगियो के साथ, मैने एक ऑनलाइन फोटो-प्रश्नावली के माध्यम से 520 लोगो की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाओ की जांच की थी। प्रतिभागियो ने विभिन्न आकारों मे पौधो की 12 तस्वीरें देखी, और पौधो की उपस्थिति के बारे मे उनकी राय के आधार पर सवालो के जवाब दिए। प्रतिभागियो ने अपने पसंदीदा और सबसे कम पसंदीदा पौधे की पहचान की। फिर उन्होने प्रत्एक पौधे की उपस्थिति के विभिन्न पहलुओं का आकलन किया। उन्होंने यह भी मूल्यांकन किया कि वे प्रत्एक पौधे को स्वास्थ्य और वायु गुणवत्ता के लिए कितना फायदेमंद मानते है। हमारे अध्ययन मे शामिल आठ पौधो की प्रजातियाँ थी: वीपिंग फिग, मदर इन लॉ ज टंग, कैक्टस, प्रेयर प्लांट, बर्ड्स नेस्ट फर्न, गोल्डन पोथोस, ड्रैगन ट्री, और ताड़। लोगो ने स्वस्थ और उपेक्षित पौधो के रूप मे इनकी पहचान की, जो पूरे यूके मे घरो और कार्यालयो मे पाए जाते है। कुल मिलाकर, प्रतिभागियो ने महसूस किया कि सभी हरे और स्वस्थ पौधे उनकी भलाई के लिए लाभकारी होंगे। लेकिन विशेष रूप से तीन पौधो - पोथोस, वीपिंग फिग और पाम - को भलाई की सबसे बड़ी भावना देने वाला माना गया। पौधे के आकर्षण मे वृद्धि के कारण इन लाभो मे सुधार हुआ। इसके विपरीत, अस्वास्थ्यकर पौधो को नकारात्मक रूप से देखा गया। हमारे निष्कर्ष बताते है कि हरे-भरे पत्तो, ऊंचाई की तरफ पत्तियो वाले और पत्तियों की घनी छतरियों वाले पौधे आपके स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा लाभप्रद होने की संभावना रखते है। लोगो का यह भी मानना है कि ए पौधे वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाते है।

## पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में जी-20 पर्यटन बैठक आयोजित करने के फैसले पर आपत्ति जताई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में अगले महीने जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक आयोजित करने के भारत के फैसले पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे अपने हितों को पूरा करने वाला कदम बताया। भारत को पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता मिली थी जो एक साल तक रहेगी। भारत का जोर सितंबर की शुरुआत में नई दिल्ली में समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने पर है। जी20 विश्व की प्रमुख 20 विकसित एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अहम मंच है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा,22-24 मई 2023 को श्रीनगर में जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक आयोजित करने के भारत के फैसले पर पाकिस्तान कडी आपत्ति जताता है। लेह और श्रीनगर में युवा मामलों (वाई-20) से संबंधित एक सलाहकार मंच की दो अन्य बैठकें... समान रूप से परेशान करने वाला है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, AMIT AGARWAL S/o Sh. Manohar Lal Agarwal R/o J-15, Hauz Khas Enclave, New Delhi-110016. Have changed my name for all purposes in future known as Amit Aggarwal.

PD(009)A

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large of **Mr. Nadeem Khan** who is purchasing the **House No. 285/1 area measuring 75 Sq. Yds. Situated in Mirzapur Pargana Loni Tehsil and District Ghaziabad, U.P.-201001**. from **Jaleesh Saifi** who had owner through Notarized GPA dated 07.02.2000, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large of **Mr. Siya Ram** who is purchasing the **Plot no. 04, area measuring 25 sq. yards, out of Khasra no. 297, situated in Vandana Vihar Extension Phase-I, in Village Khoda, Tehsil & Distt. Ghaziabad, (U.P.)** from **Mr. Anil Soni S/o Mr. Rajaram Soni** who was owner of the aforesaid Property after demise of his father i.e. **Mr. Rajaram Soni,** Vide Sale Deed dated 13.04.2006 (as doc. No. 4641), and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

सार्वजनिक सूचना

11 जुलाई, 2022 के क्रम में मैं, श्री किशन चंद पुत्र स्वर्गीय श्री श्री चंद निवासी 5-बी हनुमान एन्क्लेव, लेन नम्बर-3, दिल्ली-110041 एतद्द्वारा एक बार फिर घोषणा करता हूं कि मैंने अपने छोटे बेटे श्री राजेश और उसकी पत्नी श्रीमती पूजा रानी से उनके बुरे बर्ताव और अवहेलना के कारण अपने सभी संबंध / पारिवारिक संबंध समाप्त कर दिये हैं। उन्होंने मुझे और मेरी पत्नी श्रीमती सावित्री देवी दोनों वृद्ध व्यक्तियों को भगवान की दया पर छोड़ दिया है।
मैं यह भी बताना चाहता हूं कि मेरे छोटे बेटे ने जबरदस्ती सादे कागज पर मेरे हस्ताक्षर लिये और बाद में उसमे यह लिखा कि वह 2016 में संपत्ति के एक चौथाई भाग का मालिक है और वह उक्त संपत्ति का मालिक होने का ढोंग करता है मेरे संज्ञान में यह भी आया है कि वह मेरी संपत्ति अर्थात् 5-बी हनुमान एन्क्लेव लेन नम्बर-3, दिल्ली-110041 को एक चौथाई भाग गैरकानूनी ढंग से और बलपूर्वक बेच सकता है। इसलिए सार्वजनिक सूचना दिनांक 24 फरवरी, 2016 के माध्यम से मैंने उसके एवं उसकी पत्नी के साथ अपने सभी संबंध समाप्त कर दिये थे और उन्हें अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था और मैं यह भी बताना चाहता हूं कि यदि कोई व्यक्ति उसके साथ कोई लेनदेन करता है तो वह अपने जोखिम, लागत एवं परिणाम पर करेगा । उसके बाद मैने वसीयत दिनांक 24 फरवरी 2020 के माध्यम से अपने बड़े बेटे श्री मुकेश कुमार को अपनी संपत्ति को कानूनी मालिक बनाया था और वह बहुत अच्छे तरीके से हम दोनों की देखभाल कर रहा है। अंत में इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से में आम जनता को सचेत करना चाहता हूं कि मैंने अपनी मृत्यु के बाद अपने बड़े बेटे श्री मुकेश कुमार को अपनी पूरी संपत्ति का मालिक बनाया था और मैं आम जनता को सचेत करना चाहता हूं कि श्री राजेश कुमार और उसकी पत्नी श्रीमती पूजा रानी के साथ कथित संपत्ति के एक चौथाई भाग के संबंध में कोई लेनदेन न करें न तो मैं और न मेरे कानूनी उत्तराधिकारी श्री मुकेश कुमार किसी भी तरीके से श्री राजेश कुमार और उसकी पत्नी श्रीमती पूजा रानी या उनके द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा किये गये किसी भी लेनदेन के के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

श्री किशन चंद
पुत्र स्वर्गीय श्री श्री चंद
निवासी 5-बी, हनुमान एन्क्लेव,
लेन नम्बर-3, दिल्ली-110041

# भाजपा ने जारी की 189 उम्मीदवारों की पहली सूची

**कर्नाटक चुनाव**

**भाषा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लंबे मंथन के बाद मंगलवार रात 189 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई अपने पारंपरिक शिगांव सीट से चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कई दौर की बैठक की और उसके बाद उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया है। सिंह ने बताया कि पार्टी ने 52 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुताबिक 189 उम्मीदवारों की सूची में 32 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं जबकि 30 अनुसूचित जाति और 16 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों की पहली सूची में कुल आठ महिलाओं को जगह मिली है। सिंह ने कहा कि सूची में पांच वकील, नौ चिकित्सक, तीन अकादमिक क्षेत्र से, एक सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी और एक भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी का नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारी और आठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है। सिंह ने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए दावा किया कि कर्नाटक में भाजपा प्रचंड बहुमत से फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस धरातल पर नहीं है। वहां गुटबाजी है जबकि जनता दल (सेक्युलर) एक डूबता जहाज है।

चुनाव अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 13 अप्रैल से शुरू होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है।

कर्नाटक में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने विधानसभा की कुल 224 सीटों में से कम से कम 150 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

## नेतृत्व ने शेट्टार को चुनाव नहीं लड़ने को कहा, उन्होंने फैसले को अस्वीकार्य बताया



**हुबली (कर्नाटक)।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने को कहा, जिस पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं को अपनी अप्रसन्नता से अवगत करा दिया है। हुबली-धारवाड़ से मौजूदा विधायक शेट्टार (67) ने बताया कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व से कहा कि वह फिर से चुनाव लड़ेंगे, और उनसे उन्हें एक और अवसर देने का अनुरोध किया है। शेट्टार ने उनसे कहा कि उनका निर्णय उन्हें स्वीकार्य नहीं है और उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं से इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। भाजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा, मुझे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से संदेश मिला कि मैं वरिष्ठ हूं और एक पूर्व मुख्यमंत्री हूं। इसलिए, दूसरों को अवसर दीजिए। भाजपा की कनार्टक इकाई के पूर्व अध्यक्ष एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता रह चुके शेट्टार ने कहा कि उन्होंने उत्तरी कर्नाटक में पार्टी को मजबूत करने के लिए 30 वर्ष कड़ी मेहनत की। अगर उन्होंने मुझे दो से तीन महीने पहले बताया होता, तो यह मेरे लिए सम्मानजनक होता। लेकिन अब नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने में सिर्फ दो दिन शेष रह गए हैं, इसलिए मैं निश्चित रूप से आहत हुआ हूं। उन्होंने बताया, मैंने उनसे कहा है कि मैं चुनाव लड़ूंगा। आपने जो कुछ भी कहा है वह मेरे लिए स्वीकार्य नहीं है।

## ईश्वरप्पा ने चुनावी राजनीति से संन्यास लिया



**बेंगलुरु।** भाजपा की कर्नाटक इकाई के वरिष्ठ नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से कहा कि वह चुनावी राजनीति से सन्यास लेना चाहते हैं और 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में किसी सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाने पर विचार नहीं करने का आग्रह भी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को कन्नड़ में लिखे अपने संक्षिप्त पत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री ईश्वरप्पा ने कहा कि यह निर्णय उन्होंने खुद लिया है।

गौरतलब है कि ईश्वरप्पा अक्सर अपने बयानों और उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के कारण विवादों में रहे हैं। भाजपा की कर्नाटक इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने यह फैसला ऐसे समय किया है, जब पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे रही है।

ईश्वरप्पा ने पिछले चार दशकों में राज्य में पार्टी को मजबूत करने में पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. एदियुरप्पा के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नड्डा को लिखे पत्र में ईश्वरप्पा (74) ने कहा, मैं स्वेच्छा से चुनावी राजनीति से संन्यास लेना चाहता हूं। अतः मेरा अनुरोध है कि इस बार होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी निर्वाचन क्षेत्र के लिए मेरे नाम पर विचार न किया जाए। भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले साल मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले ईश्वरप्पा ने पार्टी के उन वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके 40 साल के राजनीतिक करियर में बूथ स्तर से लेकर उपमुख्यमंत्री तक उन्हें सम्मानजनक पद दिए। बाद में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने छह और सात अप्रैल को राज्य चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को अपनी इस इच्छा से अवगत कराया था। उन्होंने कहा, वे इससे सहमत नहीं थे। इसलिए, आज सुबह मैंने अपने पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को एक पत्र भेजा। ईश्वरप्पा के गुस्साए समर्थकों ने नारेबाजी की और आरोप लगाया कि उनके साथ अन्याय किया गया है। ईश्वरप्पा के समर्थकों ने विरोध में सड़कों पर टायर जलाए। कुरूबा नेता ईश्वरप्पा शिवमोग्गा सीट से पांच बार विधायक रहे हैं। कुरूबा समुदाय राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आता है।

## केंद्र ने पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में गेहूं खरीद नियमों में ढील दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**किसानों** के हितों की रक्षा तथा उन्हें घबराहटपूर्ण बिकवाली से रोकने के लिए केंद्र ने पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में गेहूं खरीद के गुणवत्ता नियमों में ढील दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन राज्यों के कुछ हिस्सों में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा ने गेहूं की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया है, जो कटाई के लिए तैयार थी। इन प्रदेशों की सरकारों ने खरीद नियमों में ढील देने की मांग की थी।

मौजूदा समय में मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीद चल रही है, जबकि अन्य राज्यों में बेमौसम बारिश के कारण इसमें देरी हुई है। सरकारी स्वामित्व वाला भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर गेहूं की खरीद करता है।

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव सुबोध कुमार सिंह ने ने पीटीआई-भाषा को बताया, क्षेत्रीय सर्वेक्षण के बाद हमने पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में गेहूं की खरीद के लिए गुणवत्ता मानदंडों में ढील दी है, ताकि किसानों की कठिनाई को कम किया जा सके और उन्हें गेहूं की संकटपूर्ण बिक्री करने से बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि सरकार ने एकसमान विनिर्देशों के तहत छह प्रतिशत की मौजूदा सीमा के मुकाबले 18 प्रतिशत तक सिकुड़े और टूटे हुए अनाज की सीमा में छूट दी है।

उन्होंने कहा कि छह प्रतिशत तक सूखे और टूटे अनाज वाले गेहूं पर कोई मूल्य कटौती लागू नहीं होगी।

दस प्रतिशत तक बगैर चमक वाले गेहूं पर मूल्य कटौती लागू नहीं होगी, जबकि 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चमक हानि वाले गेहूं पर एकसमान आधार पर 5.31 रुपए प्रति क्विंटल की मूल्य कटौती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा क्षतिग्रस्त और थोड़ा क्षतिग्रस्त अनाज दोनों को मिलाकर छह प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

सिंह ने आगे कहा कि भंडारण के दौरान शिथिल मानदंडों के तहत खरीदे गए गेहूं के स्टॉक की गुणवत्ता में कोई गिरावट की राज्य सरकारों की पूरी जिम्मेदारी होगी। इस गेहूं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छूट के कारण कोई भी वित्तीय या परिचालन संबंधी प्रभाव राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होगी।

## क्विक न्यूज

### हासन सीट को लेकर देवगोड़ा परिवार में दरार बढ़ी

**हुब्बालीहासन।** कर्नाटक की हासन विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के परिवार में दरार बढ़ने के बीच मंगलवार को जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि कुछ शकुनि उनके भाई एच डी रेवन्ना को बरगलाने का प्रयास कर रहे है। कुमारस्वामी ने पत्रकारों से कहा कि उनके पिता और जद (एस) के संरक्षक देवेगौड़ा भी उनके बड़े भाई एवं पूर्व मंत्री रेवन्ना को समझाने में असमर्थ है। उन्होंने इसे दुर्भाग्य करार दिया। रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना हासन सीट से चुनाव लड़ने का दावा जता चुकी है जबकि कुमारस्वामी यह स्पष्ट कर चुके है कि भवानी को इस सीट से टिकट नही दिया जाएगा और इसके बजाय पार्टी के किसी वफादार कार्यकर्ता को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। कुमारस्वामी ने दोहराया की हासन सीट पर किसी तरह का समझौता करने का कोई सवाल नही है।

### कर्नाटक के सहकारी बैंकों पर आयकर विभाग का छापा

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कर्नाटक के कुछ सहकारी बैंको पर छापा मारकर 1,000 करोड़ रुपए के फर्जी खर्च और कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि कर्नाटक में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने है। आयकर विभाग को संदेह था कि ए बैंक अपने ग्राहको की विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं के धन को इस तरह से इधर-उधर कर रहे है, ताकि उन्हें कर देनदारियो से बचाया जा सके। इसके बाद इन बैंकों के 16 परिसरों में तलाशी 31 मार्च को शुरू की गई थी। सीबीडीटी ने बयान मे कहा कि तलाशी के दौरान 3.3 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी और दो करोड़ रुपए के आभूषण जब्त किए गए। सीबीडीटी, आयकर विभाग के लिए प्रशासनिक निकाय है।

### बर्फ, धूप का आनंद लेने के लिए कश्मीर में पर्यटकों की भारी भीड़

**सोनमर्ग (जम्मू-कश्मीर)।** देश के अन्य हिस्सो मे गर्मी के बीच केंद्र शासित प्रदेश बर्फ से ढके पहाड़ों और तेज धूप का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या मे पर्यटक कश्मीर पहुंच रहे है। कोलकाता निवासी बलराता पात्रा नाम की एक महिला ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैने बचपन से ही कश्मीर की सुंदरता की केवल कल्पना की थी लेकिन यह जगह निश्चित रूप से मेरी कल्पना से कही अधिक खूबसूरत है। पात्रा ने कहा कि वह धरती के स्वर्ग यानी कश्मीर में अच्छा समय बिता रही है। उन्होने इस बात पर चिंता जताई की कि वह इतने अच्छे मौसम को छोड़ घर वापस कैसे लौटेंगी। उन्होने कहा, यह यहां बहुत सुखद है। मुझे आश्चर्य है कि जब हम घर लौटेंगे तो मै वहां के मौसम का कैसे सामना करूंगी। इस दौरान मै कोलकाता मे अपने दोस्तो को बर्फ की तस्वीरें साझा कर रही हू और वे चाहते है कि मै उन्हे गर्मी से बचने के लिए ठंडी वादियो मे से कुछ भेज सकूं। पर्यटक यहां मनोरंजन के लिए स्नो स्कूटर राइड स्लेज राइड का आनंद ले रहे है। पात्रा ने कहा, मैने कश्मीर की खूबसूरती और खूबसूरत पलो को कैमरे मे कैद किया है।

### मदरसा शिक्षक हथियार के साथ गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले मे मंगलवार को पुलिस ने मदरसा के एक शिक्षक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राजधानी रांची से 165 किलोमीटर दूर पिपराटां2329 थाना क्षेत्र के होटवाग स्थित मदरसा मे एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई कर उक्त शिक्षक की गिरफ्तारी की गई। सिन्हा ने बताया कि शिक्षक नदीम अंसारी (35) को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। वह जिस मदरसे मे कार्यरत था वह राज्य सरकार से अनुदानित है। उन्होने बताया कि शिक्षक के पास से देसी पिस्तौल और कारतूस मिले है। सिन्हा ने बताया कि शिक्षक मूल रूप से पिपरटांड़ थानान्तर्गत के लोहरसी गांव का निवासी है और वह मदरसा का नियमित शिक्षक है।

### अगले सप्ताह भारत में अपना पहला खुदरा स्टोर खोलेगी एप्पल

**नई दिल्ली।** आईफोन विनिर्माता एप्पल ने अगले सप्ताह भारत में अपना पहला खुदरा स्टोर खोलने की मंगलवार को घोषणा की। यह दर्शाता है कि एप्पल के लि दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन बाजार का कितना महत्व है। कंपनी, मुंबई मे अधिकारिक तौर पर अपना पहला स्टोर 18 अप्रैल को और दिल्ली में दूसरा स्टोर 20 अप्रैल को खोलेगी। वर्तमान में, कंपनी भारत में अपने उत्पादो को विशिष्ट एप्पल प्रीमियम रिसेलर स्टोर (एपीआर) के अलावा रिलायंस डिजिटल, क्रोमा जैसे बड़े प्रारूप वाली खुदरा श्रृंखलाओ, बहु-ब्रांड खुदरा दुकानो और ई-कॉमर्स मंच के जरिए बेचती है। कंपनी ने कहा, एप्पल ने भारत में ग्राहकों के लिए दो नए खुदरा स्टोर खोलने की आज घोषणा की। 18 अप्रैल को मुंबई मे एप्पल बीकेसी और 20 अप्रैल को दिल्ली मे एप्पल साकेत खोला जाएगा।

### दिव्या व प्रशांत का यूपीएससी में चयन

**नई दिल्ली।** अनएकेडमी के छात्रों का चयन यूपीपीएससी में हुआ है। आगरा की दिव्या सिकरवार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग - संयुक्त अपर सबऑर्डिनेट परीक्षा - 2022 में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त मेरठ के प्रशांत शुक्ला ने सफलता हासिल करते हुए राज्य सम्पति विभाग में मैनेजर का पद हासिल किया। परीक्षाओं में लगभग 380 सीटों के लिए 6 लाख से अधिक उम्मीदवारों के साथ, रैंकर्स द्वारा क्वालिटी लर्निंग को सभी के लिए सुलभ बनाने का उद्देश्य ब्रांड के दृष्टिकोण का साक्षात प्रमाण हैं। दिव्या सिकरवार, जिनका चुनाव डिप्टी कलेक्टर के कार्यालय के लिए हुआ है, ने साल 2020 में प्रीलिम्स के लिए अनएकेडमी के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मेन्स और इंटरव्यू के लिए अपनी तैयारी शुरू की थी। तीन साल की इस प्रिपरेशन जर्नी के दौरान, अनएकेडमी की ऑनलाइन क्लासेज और प्रोफिशिएंट एजुकेटर्स ने लगातार उनका सपोर्ट किया। उनकी इसी डेडिकेशन और सीखने और अभ्यास करने की इच्छा ने सफलता की ओर उनका मार्ग प्रशस्त किया। अनएकेडमी विभिन्न राज्यों की पीएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक लीडिंग प्लेटफार्म रहा है। उनके इसी डिटेल्ड लर्निंग मॉड्यूल्स, स्ट्रक्चर्ड कोर्सेस तथा डेडिकेटेड डाउट क्लीयरिंग सेशंस तक असीमित पहुंच के साथ, यह 1- 1 मेंटरशिप एवं गाइडेन्स और टेस्ट सीरीज प्रदान करता है।

### आरएसएस ने मुस्लिम लड़कियों की घर वापसी संबंधी सोशल मीडिया पर प्रचारित पत्र को बताया फर्जी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने उसके नाम पर जारी एक कथित पत्र को पूरी तरह फर्जी बताया है जिसमे हिन्दुओं से मुस्लिम लड़कियो को जाल में फंसाने एवं उनकी सनातन धर्म में वापसी कराने के लिए कहा गया है। यह कथित पत्र सोशल मीडिया प्रचारित हो रहा है। सोशल मीडिया पर आरएसएस के नाम से चल रहे दो पन्नों के कथित पत्र को बजरंग दल, हिन्दू सेना सहित अन्य संगठनों को संबोधित किया गया है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने ट्वीट में स्पष्ट किया, यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नाम पर सोशल मीडिया में चल रहा पत्रक पूर्णतः झूठा है। उन्होंने इस फर्जी पत्र को पोस्ट करते हुए इसे फर्जी बताया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प


**● करीब तीन दर्जन लोग घायल**

**भाषा।** रांची

**झारखंड** की हेमंत सोरेन सरकार की विभिन्न मोर्चों पर कथित विफलता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को राज्य सचिवालय के घेराव की कोशिश की और इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच हुई झड़प में 10 पुलिस कर्मियों सहित कम से कम तीन दर्जन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, पुलिस ने भाजपा के केन्द्रीय मंत्रियों एवं सांसदों समेत डेढ़ दर्जन नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है।

रांची के नगर पुलिस अधीक्षक शुभांशु जैन ने पीटीआई भाषा को बताया कि राज्य सचिवालय के आसपास प्रशासन ने भाजपा के घेराव कार्यक्रम को देखते हुए धारा 144 लागू कर रखी थी जिसे तोड़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान रांची के अनुमंडलीय पदाधिकारी और कई पुलिस अधिकारियों समेत दस पुलिस कर्मी और दो दर्जन भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भाजपा नेताओं को रोकने सचिवालय की ओर जाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मानने पर पार्टी के केन्द्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों समेत 18 शीर्ष लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

शुभांशु ने बताया कि कुछ स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों पर बोतल एवं पत्थर फेंके जिसकी वजह से पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इससे पूर्व रांची के धुर्वा इलाके में स्थित प्रभात तारा मैदान से सचिवालय का घेराव करने निकले भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई।



भोपाल में सूर्यास्त के समय का एक मनमोहक दृश्य

## सेवानिवृत्त होने के एक दिन पहले भी सरकारी कर्मचारी सालाना वेतनवृद्धि के हकदार : न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि सरकारी कर्मचारी सालाना वेतनवृद्धि के हकदार हैं, भले ही वे वित्तीय लाभ लेने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त क्यों न हो रहे हों।

सार्वजनिक क्षेत्र की कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि.



(केपीटीसीएल) की अपील पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। कंपनी ने याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय की खंडपीठ के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि सेवानिवृत्त होने के एक दिन पहले भी सरकारी कर्मचारी सालाना वेतनवृद्धि के हकदार हैं।

न्यायाधीश एम आर शाह और न्यायाधीश सी टी रविकुमार की पीठ ने केपीटीसीएल की याचिका को खारिज करते हुए कहा, अपीलकर्ता (केपीटीसीएल) की ओर से यह दलील दी गई है कि वार्षिक वेतनवृद्धि प्रोत्साहन के रूप में है और एक कर्मचारी को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर है। इसीलिए, जब वह सेवा में नहीं है, तो वार्षिक वेतनवृद्धि का कोई सवाल ही नहीं है। इस दलील का कोई मतलब नहीं है। शीर्ष अदालत ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के अलग-अलग विचारों को संज्ञान में लिया और इस कानूनी प्रश्न पर निर्णय सुनाया कि क्या एक कर्मचारी के वेतन में उस स्थिति में वार्षिक वृद्धि होनी चाहिए कि वह यह लाभ लेने के अगले दिन ही सेवानिवृत्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में क्या वह इसका हकदार है या नहीं।

पीठ ने कर्नाटक विद्युत बोर्ड कर्मचारी सेवा विनियमन, 1997 के नियम 40(1) पर विस्तार से विचार किया और वार्षिक वेतनवृद्धि प्रदान करने के पीछे की सोच और उद्देश्य का विश्लेषण किया। न्यायालय ने कहा, एक सरकारी कर्मचारी को एक वर्ष की सेवा प्रदान करने के दौरान उसके अच्छे आचरण के आधार पर वार्षिक वेतनवृद्धि प्रदान की जाती है। अच्छे आचरण वाले अधिकारियों को सालाना वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाता है... वास्तव में एक वर्ष या निर्धारित अवधि में अच्छे आचरण के साथ सेवा प्रदान करने के लिए वेतनवृद्धि अर्जित की जाती है। वार्षिक वेतनवृद्धि के लाभ की पात्रता पहले से प्रदान की गई सेवा के कारण है। पीठ ने कहा कि केवल इस कारण से कि एक सरकारी कर्मचारी अगले ही दिन सेवानिवृत्त हो रहा है, उसे पिछले वर्ष में अच्छे आचरण और दक्षता के साथ सेवा प्रदान करने के बाद अर्जित वार्षिक वेतनवृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता है।

इससे पहले, उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश की पीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया था। खंड पीठ ने उस आदेश को खारिज कर दिया था।

## आरएसएस मार्च को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

**● न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार की याचिका खारिज की**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को तमिलनाडु के विभिन्न इलाकों में कुछ शर्तों के साथ मार्च निकालने की मंगलवार को अनुमति दे दी तथा इस मामले में राज्य सरकार की तीन अपील खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने इस बारे में मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर 27 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि आरएसएस के सदस्य अपराधी नहीं हैं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में उद्धृत कई मामलों में ए खुद पीड़ित थे। न्यायालय ने कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध के परिणामस्वरूप कानून और व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर मार्च केवल कुछ क्षेत्रों में आयोजित किया जाए। शीर्ष अदालत की पीठ ने मंगलवार को कहा, हम इस आदेश में राज्य सरकार की ओर से प्रदान किए गए चार्ट को उसकी संवेदनशीलता के कारण जारी करना नहीं चाहते हैं, लेकिन राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए गए चार्ट से पता चलता है कि प्रतिवादी संगठन (आरएसएस) के सदस्य उन कई मामलों में पीड़ित थे और वे अपराधी नहीं थे। न्यायालय ने कहा, इसलिए, मुख्य रिट याचिकाओं या पुनरीक्षण अर्जियों में किसी न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश में गलती निकालना हमारे लिए संभव नहीं है। इसलिए सभी विशेष अनुमति याचिकाएं खारिज करने योग्य हैं।

तमिलनाडु सरकार ने तीन मार्च को उच्चतम न्यायालय में कहा था कि वह पांच मार्च को राज्य भर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रस्तावित रूट मार्च और जनसभाओं की अनुमति देने के पूरी तरह खिलाफ नहीं है, हालांकि राज्य सरकार ने खुफिया रपटों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के हर गली, नुक्कड़ में आयोजित करने नहीं दिया जा सकता।

मद्रास उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को तमिलनाडु में फिर से निर्धारित तिथि पर अपना मार्च निकालने की 10 फरवरी को अनुमति देते हुए कहा था कि विरोध प्रदर्शन मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है। एकल न्यायाधीश के चार नवंबर, 2022 को पारित आदेश को निरस्त करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय ने 10 फरवरी को दी गई अपनी व्यवस्था में 22 सितंबर, 2022 के आदेश को बहाल किया जिसमें तमिलनाडु पुलिस को जुलूस आयोजित करने और एक जनसभा आयोजित करने की अनुमति से संबंधित आरएसएस के अनुरोध पर विचार करने का निर्देश दिया था। हालांकि एकल न्यायाधीश के आदेश में प्रस्तावित राज्यव्यापी रूट मार्च पर शर्तें लगाई गई थीं और इसे बंद जगह में आयोजित करने को कहा गया था।

इसके बाद अदालत ने अपीलकर्ताओं को रूट मार्च, शांतिपूर्ण जुलूस आयोजित करने के उद्देश्य से तीन अलग-अलग तिथियों के साथ राज्य के अधिकारियों से संपर्क करने को कहा तथा राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन तीन तिथियों में से एक चयनित तिथि पर उन्हें रूट मार्चाशांतिपूर्ण जुलूस आयोजित करने की अनुमति दें।

## सोनिया ने मोदी सरकार पर लोकतांत्रिक स्तंभों को ध्वस्त करने का आरोप लगाया

**● सरकार ने पलटवार किया**

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को विपक्षी एकजुटता की पैरवी करने के साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप भी लगाया कि सरकार भारतीय लोकतंत्र के तीनों स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को ध्वस्त कर रही है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और धर्मेंद्र प्रधान ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि यह उच्च स्तरीय अनैतिकता वाला भ्रामक बयान है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति नफरत का सटीक उदाहरण है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने अंग्रेजी दैनिक द हिंदू में लिखे एक लेख में कहा, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक जवाबदेही के प्रति सरकार की नफरत परेशान करने वाली है। भारत के लोगों को पता चल गया है कि जब बात आज के हालात को समझने की आती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कदम उनके शब्दों से कहीं ज्यादा तेज स्वर में स्थिति को बयां करते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, पिछले कुछ महीनों में हमने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार लोकतंत्र और लोकतांत्रिक जवाबदेही के प्रति भीतर तक घर कर गई अपनी नफरत का प्रदर्शन करते हुए उठाए गए कदमों के जरिए भारतीय लोकतंत्र के तीनों स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को ध्वस्त कर रही है।

सोनिया ने विपक्षी एकजुटता की पैरवी करते हुए कहा, भारत के संविधान और इसके आदर्शों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस समान विचारधारा वाली सभी पार्टियों के साथ हाथ मिलाएगी।

उन्होंने कहा हमारी लड़ाई लोगों की आवाज की रक्षा करने की है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल के तौर पर



अपने कर्तव्य को समझती है और समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। कांग्रेस की शीर्ष नेता के मुताबिक, संसद के बीते सत्र के दौरान हमने देखा कि सरकार की रणनीति ने संसद को बाधित किया, विपक्ष को बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक विभाजन जैसे जनता से जुड़े मुद्दे उठाने से रोका, बजट, अडाणी घोटाला और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने से रोका। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने संसद की कार्यवाही से भाषणों के अंश हटाने, संसद सदस्यों पर हमला करने और बहुत तेज गति से उन्हें सदस्यता से अयोग्य ठहराने जैसे कई अप्रत्याशित कदम उठाए। उनका इशारा राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने की ओर था। सोनिया ने कहा कि 45 लाख करोड़ रुपए के बजट को बिना चर्चा के पारित कर दिया गया तथा वित्त विधेयक को लोकसभा के जरिए पारित कराया गया और तब प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में परियोजनाओं के उद्घाटन में व्यस्त थे। उन्होंने दावा किया कि यह सर्वविदित है कि मोदी सरकार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और अन्य एजेंसियों का दुरुपयोग करती है तथा 95 फीसदी राजनीतिक मामले विपक्षी पार्टियों के खिलाफ दर्ज हैं।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, प्रधानमंत्री सत्य और न्याय के बारे में दिखावटी बयान देते हैं, जबकि उनके करीबी उद्योगपतियों के खिलाफ वित्तीय जालसाजी के मामले को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

## विपक्षी एकता की खातिर अडाणी मुद्दे की जेपीसी जांच की मांग का विरोध नहीं करेंगे : पवार

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी पार्टियों की मांग से हालांकि सहमत नहीं है, लेकिन वह विपक्षी दलों की एकता की खातिर उनके रुख के खिलाफ नहीं जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने इससे पहले कहा था कि एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाता है तो संसद में सत्तारूढ़ भाजपा के संख्याबल को देखते हुए उसमें (समिति में) उसका बहुमत होगा और इससे इस तरह की जांच के परिणाम पर संदेह उत्पन्न होगा।

मराठी समाचार चैनल एबीपी माझा के साथ एक साक्षात्कार में पवार ने कहा, हमारी मित्र पार्टियों की राय (जेपीसी पर) हमसे अलग है, लेकिन हम अपनी एकता बनाए रखना चाहते हैं। मैंने अपनी राय (जेपीसी जांच की निरर्थकता पर), दी लेकिन यदि हमारे सहयोगियों (विपक्षी दलों) को लगता है कि जेपीसी जरूरी है तो हम इसका विरोध नहीं करेंगे।

पवार ने कहा, हम उनसे (विपक्षी दलों से) सहमत नहीं हैं, लेकिन विपक्षी एकता की खातिर, हम इस पर (कि जेपीसी नहीं होनी चाहिए) जोर नहीं देंगे। शनिवार को, राज्यसभा सदस्य ने संवाददाताओं से कहा था कि वह अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जेपीसी जांच के पूरी तरह से विरोध में नहीं हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त जांच समिति इस मामले में अधिक उपयोगी और प्रभावी होगी। पवार की टिप्पणी को विपक्षी एकता के लिए एक झटके के तौर पर देखा गया।

# दिल्ली कैपिटल्स की लगातार चौथी हार

● गेंदबाजों और रोहित ने मुंबई को जीत दिलाई

भाषा। नई दिल्ली

**पीयूष चावला** और जेसन बेहरेनडोर्फ की उम्दा गेंदबाजी के बाद कप्तान रोहित शर्मा के अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हरा दिया जो मेजबान टीम की चार मैच में चौथी हार है। दिल्ली के 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने सलामी बल्लेबाज रोहित (45 गेंद में 65 रन, छह चौके, चार छक्के) के अर्धशतक के अलावा इशान किशन (31) के साथ उनकी पहले विकेट की 71 और ललित यादव (41 गेंद में 29 रन, एक चौका, चार छक्के) के साथ दूसरे विकेट की 68 रन की साझेदारी से अंतिम गेंद पर चार विकेट पर 173 रन बनाकर तीन मैच में मौजूदा टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। मुंबई ने 12वें ओवर में सिर्फ एक विकेट गंवाकर रनों का शतक पूरा कर लिया था लेकिन दिल्ली के




गेंदबाजों ने अंतिम ओवर में प्रभावी गेंदबाजी करते हुए मैच को रोमांचक बना दिया। दिल्ली की टीम अक्षर पटेल की 25 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 54 रन की पारी और कप्तान डेविड वार्नर (47 गेंद में 51 रन, छह चौके) के साथ उनकी छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी के बावजूद 19.4 ओवर में 172 रन पर सिमट गई। इन दोनों के अलावा दिल्ली का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। मुंबई की तरफ से अनुभवी लेग स्पिनर चावला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 22 रन जबकि बेहरेनडोर्फ ने 23 रन पर तीन-तीन विकेट हासिल किए। रिली मेरेडिथ (34 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई को कप्तान रोहित और इशान (31) ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 68 रन जुटाए। दोनों बल्लेबाजों ने शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाए। रोहित ने मुकेश कुमार (30 रन पर दो विकेट) के पहले ही ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा जबकि इशान ने अगले ओवर में मुस्ताफिजुर रहमान (38 रन पर एक विकेट) पर लगातार तीन चौके जड़े। रोहित ने एनरिच नोर्किया ( )की लगातार गेंदों पर भी चौका और छक्का मारा। इशान इसके बाद रोहित के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। रोहित ने नोर्किया पर छक्का जड़ा और फिर कुलदीप की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। ललित ने भी इस बीच कुलदीप पर दो छक्के मारे जिससे मुंबई का रनों का सैकड़ा 12वें ओवर में पूरा हुआ। मुंबई को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 50 रन की दरकार थी। ललित ने 16वें ओवर में मुकेश पर लगातार गेंदों पर एक चौका और दो छक्के मारे लेकिन इसी ओवर में मनीष पांडे को कैच दे बैठे।


### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली डेयरडेविल्स**:वार्नर का मेरेडिथ बो बेहरेनडोर्फ 51, साव का ग्रीन बो ऋतिक 15, पांडे का बेहरेनडोर्फ बो चावला 26, धुल का वढेरा बो मेरेडिथ 02,पावेल पगबाधा बो चावला 04, यादव बो चावला 02, पटेल का अरशद बो बेहरेनडोर्फ 54, पोरेल का ग्रीन बो बेहरेनडोर्फ 01,यादव रन आउट 00, नोर्किया बो मेरेडिथ 05,रहमान नाबाद 01,अतिरिक्त: 11,कुल: 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर: 172 रन,**विकेट पतन**:1-33, 2-76, 3-81, 4-86, 5-98, 6-165, 7-166, 8-166, 9-166,**गेंदबाजी**: बेहरेनडोर्फ 3-0-23-3,अरशद 1-0-12-0,ग्रीन 3-0-30-0,ऋतिक 4-0-43-1,मेरेडिथ 3.4-0-34-2,चावला 4-0-22-3,तिलक1-0-7-0

**मुंबई इंडियन्स**: रोहित का पोरेल बो मुस्ताफिजुर 65, किशन रन आउट 31, वर्मा का पांडे बो मुकेश 41, यादव का कुलदीप बो मुकेश 00, डेविड नाबाद 13, ग्रीन नाबाद 17,**अतिरिक्त**: 06,**कुल**:20 ओवर मे चार विकेट पर: 173 रन,**विकेट पतन**:1-71, 2-139, 3-139, 4-143,**गेंदबाजी**:मुकेश 2-0-30-2,मुस्ताफिजुर 4-0-38-1,नोर्किया 4-0-35-0,ललित 4-0-23-0,अक्षर 4-0-20-0,कुलदीप 2-0-23-0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### सूर्यकुमार को पारी की शुरुआत में अधिक सतर्कता की जरूरत: शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे सूर्यकुमार यादव से अपनी पारी की शुरुआत में थोड़ा अधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। मुंबई इंडियंस के इस बल्लेबाज ने पिछले सत्र मे टीम के लिए कई बड़ी पारियां खेली थी लेकिन मौजूदा सत्र के शुरुआती दो मुकाबलो में वह 15 और एक रन की पारी ही खेल पाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के तीन मैचो मे वह खाता खोलने मे नाकाम रहे थे। शास्त्री ने दिल्ली के खिलाफ टीम के तीसरे मैच से पहले सूर्यकुमार का जिक्र करते हुए कहा, अंधकार के बाद प्रकाश होता है। सूर्यकुमार इस चीज को बहुत जल्द महसूस करने वाला है। उसे मेरी यही सलाह होगी की पारी शुरुआत मे थोड़ा समय ले। समय से मेरा मतलब 20-30 मिनट नही, वह छह से आठ गेद की पारी के बाद लय हासिल कर लेगा। इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, एक अच्छी पारी से उसकी परेशानी दूर हो जाएगी। उसे इसी की जरूरत है।

### साझेदारियां नही निभा पाने का नुकसान उठा रहा है मुंबई इंडियंस: गावस्कर



**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस को वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विशेषकर रोहित शर्मा और इशान किशन की सलामी जोड़ी के बीच अच्छी साझेदारी नही निभा पाने का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुंबई को पहले दो मैचो मे चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से हार का सामना करना पड़ा। उन दोनों मैचों में रोहित और इशान अच्छी शुरुआत देने में नाकाम रहे थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुंबई इंडियंस की पिछले सत्र से ही सबसे बड़ी समस्या अच्छी साझेदारियां नही निभा पाना है। जब तक आप बड़ी साझेदारी नही निभाते तब तक बड़ा स्कोर बनाना मुश्किल है। मुंबई इंडियंस इस मामले में लगातार जूझ रहा है। मुंबई को रोहित शर्मा और इशान किशन के बीच छोटी लेकिन उपयोगी साझेदारी पर अपनी पारी आगे बढ़ानी चाहिए।

### मार्क वुड के शानदार आखिरी ओवर से 213 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली: पूरन



**बेंगलुरू।** लखनऊ सुपरजाइंट्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ आखिरी गेंद पर मिली जीत का श्रेय तेज गेंदबाज मार्क वुड के अंतिम ओवर को भी दिया जिससे मेजबान टीम को 212 रन पर रोकने में मदद मिली। वुड ने आरसीबी की पारी के अंतिम ओवर में केवल नौ रन दिए और विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया। आखिर में उनका यह प्रयास महत्वपूर्ण साबित हुआ। पूरन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, निश्चित तौर पर यह बहुत अच्छी पिच थी। मार्क वुड का अंतिम ओवर शानदार था जिससे हम मैच में बने रहे। आज के प्रदर्शन से मैं वास्तव में हैरान नही हूं। यह अच्छी पिच थी और बाउंड्री छोटी थी। मेरा मानना है कि 220 से अधिक रन का लक्ष्य हम पर मनोवैज्ञानिक तौर पर अतिरिक्त दबाव डालता लेकिन 213 रन के लक्ष्य के सामने हमें लगा कि इसे हासिल किया जा सकता है। पूरन ने शुरू में विकेट लेने के लिए आरसीबी के गेंदबाजों वायने पार्नेल और मोहम्मद सिराज को श्रेय दिया लेकिन साथ ही कहा कि आईपीएल में प्रत्एक टीम के पास निचले क्रम में भी अच्छे बल्लेबाज है और एक या दो अच्छी साझेदारी मैच का पासा पलट सकती है। निश्चित तौर पर श्रेय आरसीबी के गेंदबाजों पार्नेल और सिराज को जाता है लेकिन यह क्रिकेट का खेल है। प्रत्एक टीम के पास लंबा बल्लेबाजी क्रम है। केएल राहुल और मार्कस स्टोइनिस के बीच साझेदारी से हमने वापसी की। विशेषकर स्टोइनिस ने शानदार बल्लेबाजी की। इससे हमने जरूरी लय हासिल की।

### ज्वेरेव, दिमित्रोव मोंटे कार्लो मास्टर्स के अगले दौर में

**मोनाको।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक को 3-6, 6-2, 6-4 से हराकर जीत के साथ क्ले कोर्ट सत्र का आगाज किया। 13वीं वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव पिछले साल फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल मे दाहिने टखने की चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद से पहली बार क्लेकोर्ट पर खेल रहे है। दो बार सेमीफाइनल में पहुंचे ग्रिगोर दिमित्रोव ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 6-1, 3-6, 6-3 से मात दी। अब उनका सामना चेक गणराज्य के जिरि लेहेका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच का सामना क्वालीफायर इवान गाखोव से होगा। स्टेफानोस सिटसिपास की टक्कर फ्रांस के बेंजामिन बोंजी से होगी। नडाल, कार्लोस और फेलिक्स आगर एलियास्सिमे इस टूर्नामेंट मे नही खेल रहे है।

### अंकिता की दो जीत से भारत ने थाईलैंड को हराया

**ताशकंद-उज्बेकिस्तान।** अनुभवी अंकिता रैना ने दूसरे एकल में सफलता हासिल करने के बाद रुतुजा भोसले के साथ निर्णायक युगल मुकाबले में जीत दर्ज की जिससे भारत ने मंगलवार को यहां बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस के शुरूआती दिन एशिया-ओसियाना ग्रुप ए के मुकाबले में थाईलैंड को 2-1 से हराया। इस मुकाबले के शुरूआती मैच मे रुतुजा को लुक्सिका कुमखुम से 2-6 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भारत 0-1 से पिछड़ गया। मुकाबले में भारत की वापसी का दारोमदार अंकिता पर था और उन्होंने निराश नही किया। एकल मुकाबले मे उन्होने पीगटर्न प्लिप्यूच को 5-7 6-1 6-3 से हराकर भारत की उम्मीदो को जीवित कर दिया। निर्णायक युगल मुकाबले में अंकिता और रुतुजा की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए थाईलैड की कुमखुम और प्लिप्यूच की जोड़ी को 4-6 6-3 6-2 से मात दी। भारतीय टीम के सामने बुधवार को उज्बेकिस्तान की चुनौती होगी।

### ईशान को फिडे रेटिंग शतरंज में संयुक्त बढ़त

**मुंबई।** भारतीय शतरंज के वंडर ब्वॉय 12 वर्ष के ईशान तेदोलकर ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर मे दूसरी वरीयता प्राप्त फिडे मास्टर सौरव खर्डेकर को हरा दिया। इसके साथ ही वह एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गए और अब छह में से 5. 5 अंक लेकर तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए है। चौदह वर्षीय के जायसवाल ने तीसरी वरीयता प्राप्त राघव श्रीवास्तव को मात दी। इसके साथ ही वह पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। षणमुख पुल्ली, दर्श शेट्टी और मयूरेश पारकर उनके साथ दूसरे स्थान पर है। अर्णव खर्डेकर और आयुष शिरोडकर के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। ए दोनों ईशान और विक्रमादित्य कुलकर्णी के साथ शीर्ष पर है। तीसरे स्थान पर 11 खिलाड़ी है।

### गिरोना ने बार्सिलोना को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

**मैड्रिड।** बार्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल मे रियाल मैड्रिड के हाथो मिली शर्मनाक हार से अभी तक नही उबर पाया है और उसे स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला लीगा में गिरोना के साथ मैच गोलरहित ड्रा खेलना पड़ा। इस परिणाम के बावजूद बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर अपनी बढ़त 13 अंक की कर दी है जबकि अभी 10 मैच बचे हुए है। रियाल मैड्रिड को शनिवार को विल्लारियाल ने 3-2 से हराया था। बार्सिलोना के अब 28 मैचो मे 72 अंक हो गए है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचो में 59 अंक है। एटलेटिको मैड्रिड 57 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना पिछले सप्ताह कोपा कप के सेमीफाइनल मे रियाल मैड्रिड से 4-0 से हार गया था। यह 1963 के बाद पहला अवसर था।

## डुप्लेसी पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

● आवेश को फटकार

भाषा। बेंगलुरू

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी पर लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। लखनऊने यह मैच अंतिम गेंद पर एक विकेट से जीता जिसके बाद उसके 11वें नंबर के खिलाड़ी आवेश खान ने उत्साह में अपना हेलमेट हवा में उछाला। इसके लिए मैच रेफरी ने उन्हें फटकार लगाई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ सोमवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, धीमी ओवर गति से जुड़ी आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का इस सत्र में यह पहला अपराध है और इसलिए कप्तान फाफ डुप्लेसी पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जहां तक मध्यप्रदेश के तेज गेंदबाज आवेश खान का सवाल है तो उन पर वित्तीय जुर्माना नहीं लगाया गया है और उन्हें केवल चेतावनी दी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है, लखनऊसुपरजाइंट्स के आवेश खान को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आवेश ने आईपीएल आचार संहिता के लेवल एक अपराध को स्वीकार किया है। आचार संहिता के लेवल एक अपराध में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

### मैंने धीमी बल्लेबाजी करके अच्छा किया : राहुल



**बेंगलुरू।** जिस दिन लखनऊसुपरजाइंट्स के निकोलस पूरन ने आईपीएल मे दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया उसी दिन उनके कप्तान केएल राहुल ने 20 गेंदो पर 18 रन की धीमी पारी खेली जिसे उन्होंने सही ठहराया। वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के बल्लेबाज पूरन ने 19 गेंदो पर 62 रन की तेजतर्रार पारी खेली। इस बीच उन्होंने 15 गेंदो पर अर्धशतक पूरा किया। लखनऊ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ यह मैच अंतिम गेंद पर एक विकेट से जीता। राहुल की पारी हालांकि इसके पूरी तरह विपरीत रही। उनकी इससे पहले भी टी20 क्रिकेट में धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच मे अपनी उप कप्तानी गंवाने वाले राहुल ने हालांकि कहा कि लगातार विकेट गिरने के कारण उन्हें धीमी बल्लेबाजी करनी पड़ी। उन्होंने मैच के बाद कहा, अगर मै अधिक रन बनाता तो मेरा स्ट्राइक रेट भी बेहतर होता। मैने परिस्थिति के अनुसार बल्लेबाजी की और मुझे लगता है कि मैने सही किया। उम्मीद है कि एक-दो अच्छी पारियो से मेरा स्ट्राइक रेट ऊपर चला जाएगा। राहुल की धीमी बल्लेबाजी से बाद के बल्लेबाजो पर दबाव बढ़ा। यदि मार्कस स्टोइनिस (30 गेंदो पर 65 रन) और पूरन आक्रामक बल्लेबाजी नही करते तो लखनऊमुश्किल में पड़ जाता। राहुल ने जीत का श्रेय स्टोइनिस और पूरन को दिया।

### राहुल ने पूरन और स्टोइनिस को जीत का श्रेय दिया

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बेहद रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल ने निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस की तारीफों के पुल बांधे। राहुल ने कहा , अविश्वसनीय। चिन्नास्वामी स्टेडियम जहां खेलकर मै बड़ा हुआ और यही सबसे ज्यादा मैचों के नतीजे आखिरी गेंद पर आते है। हमें पता था कि इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करना आसान नही होगा। उन्होंने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की लेकिन हम अगर मैच जीते है तो पूरन और स्टोइनिस की वजह से। यही वजह है कि हमने पूरन, स्टोइनिस और आयुष बडोनी जैसे दमदार खिलाड़ियों को टीम मे लिया।

### बटलर की सीख से खेल को सुधारने में मदद मिल रही है : जायसवाल

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तीन मैचों में 41.66 की औसत से 125 रन बनाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में शानदार शुरुआत की है और उनकी निगाहें इस टी20 लीग में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी हैं। जायसवाल ने इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी जोस बटलर के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स को अभी तक अच्छी शुरुआत दी है। उन्हें इस बीच बटलर से काफी कुछ सीखने को भी मिल रहा है। जायसवाल ने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया था और उनका मानना है कि इससे उन्हें आईपीएल में मजबूत शुरुआत करने में मदद मिली। निश्चित तौर पर भिन्न परिस्थितियों में खेलने से मुझे बहुत अधिक आत्मविश्वास मिलता है।

## चेन्नई के गढ़ चेपॉक पर जायसवाल और बटलर की होगी परीक्षा



● राजस्थान रॉयल्स व चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला आज

भाषा। चेन्नई

**शानदार फॉर्म** में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से उसके गढ चेपॉक स्टेडियम पर होगा जिसमें उसके धुरंधर स्पिनरों से निपटने की चुनौती आसान नहीं होगी। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान बटलर और भारत के युवा बल्लेबाज जायसवाल दो दो अर्धशतक जमा चुके हैं। बटलर का स्ट्राइक रेट 180.95 और जायसवाल का 164.47 रहा है। रॉयल्स ने अभी तक तीन में से दो मैच गुवाहाटी में खेले जहां उन्हें सपाट पिच मिली। हैदराबाद की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार थी। अब चेन्नई में पिच धीमे गेंदबाजों की मददगार होगी। ऐसे में टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि इस पिच पर 170 या 175 रन के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा। खास तौर पर जब सामने मोईन अली, रविंद्र जडेजा और मिशेल सेंटनेर जैसे गेंदबाज हों। तीनों अभी तक तीन मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं और उनका इकॉनामी रेट बहुत शानदार रहा है। मोईन ने दो मैचों में 6 . 50 की औसत से गेंदबाजी की जबकि जडेजा और सेंटनेर ने भी प्रति ओवर सात से कम रन दिए हैं। मोईन खाद्य संक्रमण के कारण पिछला मैच नहीं खेल सके थे लेकिन अब वह सिसांडा मगाला की जगह खेलेंगे। वहीं बेन स्टोक्स के फिट नहीं होने पर उनकी जगह ड्वेन प्रिटोरियस लेंगे। रॉयल्स के स्पिनरों को भी हलके में नहीं लिया जा सकता। चतुर गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का यह घरेलू मैदान है और युजवेंद्र चहल भी मैच विनर गेंदबाज हैं। तमिलनाडु के मुरूगन अश्विन भी टीम में हैं। चेन्नई को दीपक चाहर की कमी खलेगी जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं।


### धोनी को 200वें मैच में जीत का तोहफा देना चाहेंगे: जडेजा

**चेन्नई।** अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा को उम्मीद है कि बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में वह अपनी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के तौर पर महेंद्र सिंह धोनी को 200वे मैच में जीत दिलाएंगे। चार बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम बुधवार को यहां के चेपॉक मैदान मे आईपीएल के पहले सत्र की चैम्पियन राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। चेन्नई के कप्तान के तौर पर धोनी का यह 200वां मैच होगा।

## राजावत करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें पायदान पर पहुंचे

भाषा। नई दिल्ली

**ओरलियंस मास्टर्स** सुपर 300 टूर्नामेंट के चैम्पियन बनने वाले भारत के प्रियांशु राजावत बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में 20 स्थान की छलांग लगाते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें पायदान पर पहुंच गए। वह अब 30,786 अंकों के साथ बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में चौथे सर्वश्रेष्ठ भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन एक स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि किदांबी श्रीकांत दो स्थान के नुकसान के साथ विश्व में 23वें स्थान पर खिसक गए हैं। एचएस प्रणय आठवें पायदान के साथ सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी बने हुए हैं। महिला एकल में स्पेन मास्टर्स की उपविजेता पीवी सिंधू एक बार फिर दो स्थान फिसलकर 11वें पायदान पर पहुंच गई, जबकि साइना



नेहवाल विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी छठे स्थान पर बनी हुई है। उसके बाद एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी 27वें स्थान पर है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी एक पायदान नीचे खिसककर 20वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि तनीषा और ईशान भटनागर की मिश्रित युगल जोड़ी रैंकिंग में 29वें स्थान पर है।

### लगातार शिकायतों के बाद विश्व कप से पहले स्टेडियमों को बेहतर बनाएगा बोर्ड

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड देश में कम से कम पांच बड़े स्टेडियमों का नवीनीकरण करने जा रहा हे। पिछले दस साल में भारतीय क्रिकेट में जमकर पैसा आया है जिससे बीसीसीआई दुनिया का सबसे अमीर बोर्ड बन गया लेकिन अधिकांश स्टेडियमों में दर्शकों के लिए मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। फरवरी मार्च में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान दर्शकों ने अरूण जेटली स्टेडियम में गंदे टॉयलेट को लेकर जमकर गुस्सा निकाला था। सूत्रों के अनुसार दिल्ली के अलावा हैदराबाद, कोलकाता , मोहाली और मुंबई में भी स्टेडियम को बेहतर बनाया जाएगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में काम शुरू हो चुका है। पांचों मैदानों में नवीनीकरण के इस काम पर करोड़ों रूपए खर्च होंगे।

### विश्व कप के मैचों के लिए चेन्नई व कोलकाता पाक का पसंदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में पाकिस्तान की टीम चेन्नई और कोलकाता में अपने ज्यादातर मैच खेल सकती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सूत्रों ने बताया कि भारत के अपने पूर्ववर्ती दौरे पर टीम ने इस स्थल पर सुरक्षित महसूस किया था। विश्व कप के पांच अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है।

### एशिया कप छोड़ने पर पाक को हो सकता है 30 लाख डॉलर का नुकसान : सेठी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने कहा है कि अगर वे इस साल एशिया कप नहीं खेलते हैं तो टूर्नामेंट से होने वाली कमाई में करीब 30 लाख डॉलर का नुकसान हो सकता है। सेठी ने कहा कि पाकिस्तान यह नुकसान सहने को तैयार है क्योंकि यह सिद्धांत का मसला है। हमने साफ तौर पर कहा है कि अगर एशिया कप हाइब्रिड आधार पर (भारत के मैच तटस्थ स्थान पर और बाकी मैच पाकिस्तान में) नहीं होता है तो हम कोई और शेड्यूल स्वीकार नहीं करेंगे और ना ही खेलेंगे।

## एशियाई कुश्ती : निशा फाइनल में



● नीलम और प्रिया कांस्य के लिए करेंगी मुकाबला

भाषा। अस्ताना -कजाखस्तान

**भारतीय पहलवान** निशा दहिया ने एशियाई चैंपियनशिप में यादगार पदार्पण करते हुए मंगलवार को यहां करीबी मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ कर फाइनल में जगह पक्की की। निशा 68 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की फेंग झोउ से 3-6 से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने शानदार वापसी कर 7-6 से जीत दर्ज की। पच्चीस साल की पहलवान ने इससे पहले मंगोलिया की डेल्गेरमा एनखसैखान को क्वार्टर फाइनल में क्राइटेरिया से मात दी। किसी मुकाबले के बाद अगर पहलवानों का स्कोर बराबर रहा तो विजेता का फैसला क्राइटेरिया से होता है। इसमें अधिक अंक का दांव चलने वाले या आखिरी अंक बनाने वाला पहलवान विजेता बनता है। निशा और एनखसैखान का मुकाबला 10-10 की बराबरी पर छूटा था। वह स्वर्ण पदक मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता जापान की अमी इशी से भिड़ेंगी। अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता नीलम और पहली बार सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रही 18 वर्षीय प्रिया क्रमश: 50 किग्रा और 76 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। नीलम ने क्वार्टर फाइनल में स्थानीय दावेदार एल्लाडा मख्यदीनोवा को चित्त किया लेकिन सेमीफाइनल में इसी अंदाज में जापान की रेमिना याशीमोतो से हार गई। कैडेट विश्व चैम्पियन (2021) प्रिया ने चीनी ताइपे की हुई त्स चांग के खिलाफ क्वालिफिकेशन दौर का मुकाबला 2-1 से जीता लेकिन किर्गिस्तान की एपेरी मेडेट काजी से हार गईं। नीलम कांस्य पदक के मुकाबले में चीन की जिकी फेंग से भिड़ेंगी जबकि प्रिया का सामना जापान की मिजुकी नागाशिमा से होगा। डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन का हिस्सा बनने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रही सीतो (50 किग्रा) और सरिता मोर (59 किग्रा) पदक दौर में प्रवेश करने में असफल रहे।

### विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रहने पर श्रीलंका क्रिकेट की होगी जांच

**कोलंबो।** श्रीलंका के खेल मंत्री ने पूर्व दिग्गज सनथ जयसूर्या की अध्यक्षता में एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्रिकेट टीम के स्वत: क्वालिफिकेशन हासिल नहीं करने के कारणों की जांच के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया है। पिछले महीने हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में मिली हार के बाद श्रीलंका आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रहा। टीम तीन मैचों की श्रृंखला को 0-2 से हार गई थी। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने पिछले सप्ताह पूर्व दिग्गज सनथ जयसूर्या की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति नियुक्त की थी। इसमें तीन अन्य पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। मंगलवार को समिति की पहली बैठक हुई। श्रीलंका की क्रिकेट टीम 1996 में खिताब जीतने के अलावा दो बार फाइनल विश्व कप के फाइनल में पहुंची है।

## यंग चैलेंजर्स ने जीती विजेता ट्रॉफी

● क्रिएटर्स क्लब को दी मात

**लखनऊ।** मैन ऑफ़ द मैच पृथुल मेहता-116 के शानदार शतक के बाद विराट सिंह-4 विकेट व शशांक वर्मा 3 विकेट की गेंदबाजी से यंग चैलेंजर्स क्रिकेट क्लब 5वीं श्रीमती फूलमती ओम प्रकाश सक्सेना मेमोरियल प्राइज़ मनी क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ -सीएएल के तत्वाधान में आयोजित और गुलमोहर क्रिकेट अकादमी व मातृभूमि सेवा संस्थान द्वारा प्रायोजित टूर्नामेंट के रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मुकाबले में यंग चैलेंजर्स क्रिकेट क्लब ने द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब को 59 रन से हराया। यंग चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में आठ विकेट पर 273 रन का मजबूत स्कोर बनाया। आदि आदेश शुक्ला-56 और पृथुल मेहता-116 की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 22 ओवर में 132 रन की मजबूत साझेदारी की। अमन सिंह और शिवांश त्रिपाठी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट हासिल किये। जवाब में द क्रिकेटर्स क्रिकेट क्लब की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 36.1 ओवर में 214 रन पर ढेर हो गई। विराट सिंह ने 5.1 ओवर में एक मैडन के साथ 15 रन देकर चार व शशांक वर्मा ने 7 ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट झटकते हुए टीम की जीत पक्की की। समापन समारोह में क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के सचिव केएम खान व शिवपाल सांवरिया ने पुरस्कार बांटे। मैन ऑफ़ द सीरीज पृथुल मेहता, बेस्ट बैटर सुंदरम शुक्ला व बेस्ट बॉलर अनिकेत कुमार सिंह चुने गए।

